राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 180
लखनऊ, मंगलवार 18 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जन समस्याओं का निराकरण हमारी प्राथमिकता : केशव प्रसाद मौर्य 03

राष्ट्र सर्वोपरि का दृष्टिकोण अपनाएं देशवासी : जगदीप धनखड़ 12


## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली छह ट्रेनें 20 तक निरस्त

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने सोमवार को बताया कि मुरादाबाद रेल मंडल से होकर गुजरने वाली 4 पैसेंजर व 2 एक्सप्रेस समेत 6 ट्रेनों को 20 फरवरी तक निरस्त कर दिया गया है। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि मुरादाबाद नजीबाबाद के बीच चलने वाली पैसेंजर रेलगाड़ी संख्या 54395-54396, अलीगढ़ बरेली के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 54351- 54352 और हरिद्वार दिल्ली के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14303-14304 को 18 फरवरी से 20 फरवरी तक निरस्त कर दिया गया है। पैसेंजर ट्रेन संख्या 54395 सोमवार को भी निरस्त है।

### 1039 रुपए सस्ता हुआ सोना चांदी में भी 2930 की गिरावट

**मुंबई।** 17 फरवरी को सोने-चांदी के दाम में गिरावट देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,039 रुपए घटकर 84,959 रुपए पर आ गया है। पहले सोने का दाम 85,998 रुपए था, जबकि 14 फरवरी को यह 86,089 रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है और एक किलो चांदी 2,930 रुपए घटकर 95,023 रुपए प्रति किलो हो गई है। 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 84619 रुपए प्रति 10 ग्राम है। वहीं, 916 (22 कैरेट) प्योरिटी वाले गोल्ड प्राइस 77822 रुपए प्रति 10 ग्राम है। 750 (18 कैरेट) प्योरिटी वाले गोल्ड का रेट 63719 रुपए प्रति 10 ग्राम है। वहीं, 585 (14 कैरेट) प्योरिटी वाले सोने का भाव 49701 रुपए प्रति 10 ग्राम है। गोल्ड और सिल्वर की प्राइस आप एक मिस्ड कॉल के जरिए भी चेक कर सकते हैं।

### अमेरिका ने रोकी नेपाल की 40 मिलियन डॉलर की सहायता

**काठमांडू।** अमेरिकी प्रशासन ने नेपाल को विभिन्न तरीके से दी जाने वाली सहायता पर रोक लगा दी है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के साथ ही पहले अमेरिकी सरकार की विदेशी सहायता एजेंसी यूएसएआईडी की ओर से दिए जा रहे सहयोग पर रोक लगाई गई और अब वार्षिक रूप से दिए जाने वाले 40 मिलियन डॉलर के आर्थिक अनुदान पर भी रोक लगा दी गई है। एलन मस्क के नेतृत्व में बने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) ने सोमवार को एक नोटिस जारी करते हुए नेपाल को वित्तीय सहायता के लिए दिए जाने वाले 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर और जैविक विविधता के नाम पर दिए जाने वाले 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान को तत्काल बंद कर दिया है।

### आरबी-आईओएस 2021 के नाम से लोकपाल शब्द हटा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की आरबी-आईओएस 2021 को अब हिन्दी में एकीकृत लोकपाल योजना - 2021 की जगह रिजर्व बैंक एकीकृत ऑम्बड्समैन योजना- 2021 के नाम से जाना जाएगा। नाम में ये परिवर्तन किसी भी तरह के भ्रम का निवारण करने के लिए किया गया है। इस संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक में द्वारा विनियमित संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में कमी से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के मुफ्त समाधान के लिए 2021 में आरबीआई ने आरबी-आईओएस 2021 की शुरुआत की थी। योजना की शुरुआत होने के बाद इसे हिंदी में रिजर्व बैंक-एकीकृत लोकपाल योजना 2021 का नाम दिया गया।

### यूपी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू, 2000 विद्यार्थी हुए शामिल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। लखनऊ में 6 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 2000 छात्र-छात्रों ने परीक्षा दी। पूरे प्रदेश में 89 हजार छात्र परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार आर.पी सिंह ने बताया कि 17 से 22 फ़रवरी तक ये परीक्षा चलेगी। मौलवी (सेकेंडरी अरबी), मुंशी (सेकेंडरी फारसी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी अरबी, फारसी) के पेपर होंगे। परीक्षा दो पाली में हो रही है, जिसमें सुबह की पाली 8 बजे से 11 बजे तक और शाम की पाली 2 बजे से 5 बजे तक होगी। उपरीक्षा की सुरक्षा सख्त और पारदर्शी बनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सभी सेंटर्स की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही रही है।

यूपी विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, बजट सत्र को लेकर हुई चर्चा

# जनहित के मुद्दों को सदन में रखे विपक्ष

▸ आज से शुरू हो रहा है उत्तर प्रदेश विधान सभा का बजट सत्र

समृद्धि न्यूज



**ऐतिहासिक पहल : क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुनाई देगी कार्यवाही**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा अपने गठन के बाद से लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है। इसी क्रम में इस बार बजट सत्र से पूर्व विधानसभा में एक अनूठी पहल की गई। अब विधानसभा की कार्यवाही हिंदी के साथ-साथ अवधी, ब्रज, भोजपुरी, बुंदेली और अंग्रेजी भाषाओं में भी सुनी जा सकेगी। यह देश की किसी भी विधानसभा में अपनी तरह का पहला प्रयोग है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण अंचल के लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से और अधिक जोड़ना और जानकारी प्राप्त कराना मकसद है।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा का बजट सत्र 18 फरवरी (मंगलवार) से आरम्भ होगा। इससे पूर्व सोमवार को यूपी विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय समेत अन्य दलीय नेता मौजूद रहे।

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष से सदन चलाने में सहयोग की अपील की। इस पर विपक्ष का आश्वासन मिला है। बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डे समेत सभी दलों के नेता उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि बजट सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इसमें राज्य सरकार आगामी वित्तीय वर्ष की योजनाओं एवं नीतियों का खाका प्रस्तुत करती है। उन्होंने सभी दलीय नेताओं से अनुरोध किया कि वे सदन में शालीनता एवं संसदीय मर्यादा बनाए रखते हुए सकारात्मक चर्चा करें। इस पर सभी दलीय नेताओं ने सदन के संचालन में सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया।

महाना ने सभी दलों से अनुरोध किया कि वे लोकतांत्रिक मर्यादा का पालन करते हुए प्रदेश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता पक्ष हो, चाहे विपक्ष हो, सभी को सदन में अपनी बात रखने का अधिकार होता है। सदन में सार्थक चर्चा हो, ताकि देश में सकारात्मक संदेश जाए। है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व के तीन वर्षों की भांति इस वर्ष भी सदन में सार्थक चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां ई-विधान लागू किया गया है, जिससे उत्तर प्रदेश की विधानसभा की कार्यवाही की पूरे देश में नई पहचान बनी है। सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डे ने कहा कि बजट सत्र में बड़े विभागों पर अलग से विस्तृत चर्चा कराई जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे सदन के सुचारू संचालन में अपना पूरा सहयोग देंगे। इस बैठक में अपना दल (एस) के रामनिवास वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदीप कुमार सिंह, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के बेदीराम, जनसत्ता लोकतांत्रिक पार्टी के विनोद सरोज, निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के रमेश भारतीय, राष्ट्रीय कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा जनसत्ता लोकतान्त्रिक दल से विनोद सरोज उपस्थित रहे।

### प्रयागराज, काशी व अयोध्या ने दिखाया भारत का पोटेंशियल

सीएम ने महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है। अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। मुख्यमंत्री योगी, सोमवार को महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद कर रहे थे। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी संवाद में शामिल हुए। एक वर्ष में रामजन्मभूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों को अब यह भी बुरा लगेगा।

### विधानसभा के मुख्य द्वार का सीएम योगी ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में विभिन्न भितिचित्रों का अनावरण भी किया गया। विधानसभा को हाईटेक और अधिक कलात्मक बनाने के क्रम में इस कार्य को पूरा किया गया है। बता दें कि नव निर्मित भितिचित्रों में भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था को उकेरा गया है। इनमें गीता के विभिन्न प्रसंग भी दर्शाए गए हैं, जिससे विधानसभा भवन अब और भी अधिक भव्य और आकर्षक दिखने लगा है। पहले लकड़ी का गेट हुआ करता था, जिसे अब अत्याधुनिक और नक्काशीदार स्टील के मजबूत गेट से बदल दिया गया है। विधानसभा के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

## भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था दुनिया के देशों के लिए प्रेरक

▸ मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपने विदाई समारोह में साझा किए विचार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** निवर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि भारतीय चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी और पारदर्शी चुनाव प्रणालियों में से एक है तथा देश लोकतंत्र का एक चमकता प्रकाश-स्तम्भ है। देश के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त का भारतीय निर्वाचन आयोग में मंगलवार को आखिरी दिन है।

उन्होंने राजधानी में आयोग के मुख्यालय पर आयोजित विदाई समारोह में कहा, भारत को लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने गुणों के साथ दुनिया के तमाम देशों के लिए प्रेरणा का विषय है। हमें अपनी इस सॉफ्ट पावर (इस प्रतिष्ठा की शक्ति) का फायदा उठान चाहिए। श्री कुमार ने कहा, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मैं आयोग को अधिक समर्थ, प्रतिबद्ध और पेशेवर हाथों में छोड़कर विदा ले रहा हूं। उन्होंने आयोग को लेकर समय-समय पर उठाए जाने वाले सवालों का भी उल्लेख किया और कहा, ÷एक संस्था के रूप में चुनाव आयोग पर अक्सर अनुचित आरोप लगते रहते हैं और ये आरोप लोगों की तरफ से होते हैं, जो चुनावी परिणाम को स्वीकार करने को तैयार नहीं होते हैं। उन्होंने चुनाव के बाद आयोग को निशाना बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति को एक बड़ी चिंता का विषय बताया और कहा कि मान लिया गया है कि इस संस्था को बड़ी आसानी से बलि का बकरा बनाया जा सकता है। श्री कुमार एक सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त बनकर चुनाव आयोग में आए थे और 15 मई को उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला। वह आयोग में 4.5 साल रहे। इस दौरान, उन्होंने 31 राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों के चुनावों के साथ-साथ 2022 के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव करवाए। 2024 का लोक सभा चुनाव और राज्य सभा के नए चुनाव भी इस दौरान हुए। उन्होंने अपने विदाई भाषण में चुनाव कार्य में लगे देश भर के 1.5 करोड़ अधिकारियों और कर्मचारियों का लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिये आभार जताया।

## मिल्कीपुर चुनाव : सपा सांसद अवधेश प्रसाद जाएंगे कोर्ट, हार को देंगे चुनौती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मिल्कीपुर उपचुनाव में हार के बाद समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग पर कई तरह के सवाल उठाए हैं। फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने चुनाव में गड़बड़ी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम चुनाव को निरस्त कराने की मांग को लेकर कोर्ट जाएंगे।

सपा सांसद ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के बड़े वकीलों से राय ली है। मामला बहुत गंभीर है यहां तक कि जो वरिष्ठ वकील आए थे उन्होंने जब सारी धमकियां सुनी तो कहा कि ये गंभीर मामला है। चुनाव तो रद्द हो जाएगा और जो-जो अधिकारी है, जिन्होंने बटन को अपनी उंगली से दबाया है उन पर केस भी चलेगा और उन्हें जेल जाने से अब दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक पाएगी। अवधेश प्रसाद ने कहा कि प्रदेश ही नहीं देश के तमाम सांसदों को जानकारी है कि इस चुनाव को लूटा गया है। चुनाव पुलिस अधिकारियों, एसडीएम और अधिकारियों ने लूटा था जिन्हें कम से कम दो सौ वोट डालने का कोटा दिया गया है, जिसका सबूत हमें मिल गया है, जिसमें कहा गया है कि बाबा की इज्जत का सवाल है, उन्होंने कहा कि बाबा की इज्जत नहीं जाने दी जाएगी। सारे सबूत हमारे पास हैं। मिल्कीपुर चुनाव में हार को लेकर सपा सांसद ने कहा कि चुनाव नहीं हारे हैं। चुनाव पर डाका डाला गया है। डकैत कोई दूसरे लोग नहीं थे, डकैती डालने वाले सरकारी लोग थे।

### अभय सिंह की विधायकी पर फैसला सुरक्षित

**लखनऊ ।** लखनऊ हाईकोर्ट में सपा के बागी विधायक अभय सिंह के खिलाफ जानलेवा हमले के मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजन राय की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामला 2010 का है, जब अयोध्या के महाराजगंज थाना क्षेत्र में विकास सिंह ने अभय सिंह और उनके साथियों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। निचली अदालत से होते हुए यह मामला लखनऊ हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट में आज सुनवाई में वकील नागेंद्र मोहन ने कई महत्वपूर्ण तथ्य रखे। उन्होंने बताया कि पीड़ित की एफआईआर में न तो इस्तेमाल किए गए हथियारों का विवरण दिया गया है।

## कतर के अमीर पहुंचे नई दिल्ली, पीएम ने किया स्वागत

▸ अमीर मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों के पहलुओं पर करेंगे चर्चा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। उनकी यात्रा को एक विशेष सम्मान देते हुए स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

कतर के अमीर के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी है। इसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों और एक व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल शामिल है। यह उनकी दूसरी यात्रा है। इससे पहले मार्च 2015 में वे अपने राजकीय यात्रा पर भारत आए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, एक खास दोस्त के लिए एक खास स्वागत।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी का हवाई अड्डे पर स्वागत किया, जब वे भारत की अपनी दूसरी राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। यह यात्रा साझेदारी के बंधन को और मजबूत करेगी। कतर के अमीर का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान अमीर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी करेंगी। अमीर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और कतर के बीच दोस्ती, विश्वास और आपसी सम्मान के गहरे ऐतिहासिक संबंध हैं। हाल के वर्षों में, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों सहित दोनों देशों के बीच संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। कतर में रहने वाला भारतीय समुदाय कतर का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है।

### इंडियाज गॉट टैलेंट से जुड़े 42 लोगों पर नए सिरे से मामला दर्ज, शो पर रोक

**मुंबई।** इंडियाज गॉट टैलेंट से जुड़े 42 लोगों पर सोमवार को नए सिरे से मामला दर्ज किया गया है और जांच पूरी होने तक सभी शो पर रोक लगा दी गई है। इन सभी 42 लोगों को अलग-अलग तारीखों पर पूछताछ के लिए तलब किया गया है। यह जानकारी महाराष्ट्र साइबर सेल के पुलिस महानिरीक्षक यशस्वी यादव ने मीडिया को दी। महाराष्ट्र साइबर सेल के महानिरीक्षक यशस्वी यादव ने मीडिया को बताया, शो के सभी एपिसोड में भूमिका निभाने वाले सभी सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। अधिकारियों ने जांच के दायरे में आने वाले सभी वीडियो को हटाने का आदेश दिया है।

## दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके रिक्टर पैमाने पर चार रही तीव्रता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के तीव्रता चार मापी गयी।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह पांच बजकर 37 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किये। भूकंप की तीव्रता चार मापी गयी और भूकंप का केन्द्र राष्ट्रीय राजधानी में जमीनी सतह से पांच किलोमीटर नीचे स्थित था। दिल्ली के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, रोहतक, गाजियाबाद, नोएडा और उसके आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के तेज झटकों के कारण घरों के छत के पंखे तेजी से हिलने लगे और घरों में रखे बर्तन खड़कने लगे। भय के मारे लोग अपने घरों से बाहर निकल आये। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 28.59 डिग्री उत्तर अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर, जमीनी सतह से पांच किमी की गहराई पर स्थित था। इसकी वजह से यहां लोगों को झटके काफी देर तक महसूस हुए। दिल्ली पुलिस ने किसी तरह की परेशानी होने पर लोगों से आपातकालीन सेवा 112 पर डायल करने की सलाह दी है।

## मेला क्षेत्र में 36 दिन में नौ बार लगी आग

▸ फायर विभाग की मुस्तैदी से नहीं हुई कोई जनहानि

समृद्धि न्यूज



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ मेले में एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आई है। मेला के सेक्टर 8 में एक शिविर में आग लग गई, जिसमें कई टेंट जलकर स्वाहा हो गए।

बता दें, प्रयागराज महाकुम्भ का सोमवार को 36वां दिन था। मेले की शुरूआत से लेकर अब तक मेला क्षेत्र में नौ बार आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। गनीमत यह रही है कि किसी घटना में जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर मेला क्षेत्र के सेक्टर-8 के कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविर में आग लगी थी। आग कल्पवासियों द्वारा खाली किए गए तंबुओं में लगी थी। आग काफी बड़ी थी और तेजी से फैल रही थी, लेकिन समय रहते फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम ने आग पर काबू पा लिया। दोनों शिविर में दो-दो तंबू जले हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रशांत सिंह राणा ने कहा-लगभग 3 बजे हमें टेंट में आग लगने की सूचना मिली। खाली टेंट था, कोई जनहानि नहीं हुई है। आगे की जांच चल रही है। सोमवार को सेक्टर 18 के बजरंगदास मार्ग पर आग लगी थी। जिस पर समय रहते काबू पा लिया गया। आग लगने की पहली घटना = कुम्भ मेला शुरू होने के छठे दिन 19 जनवरी को महाकुम्भ सेक्टर 19 में गैस सिलेंडर विस्फोट के बाद आग लग गई थी।

### एसटीएफ ने 55 लाख की चरस पकड़ी, बिहार से बड़ोदरा जा रहा था तस्कर

**लखनऊ ।** यूपी एसटीएफ ने 11 किलो चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत मार्केट में करीब 55 लाख रुपए बताई जा रही है। बिहार के सिवान दुमका निवासी तस्कर राजेश कुमार ट्रेन में कपड़ों में छिपाकर तस्करी कर रहा था। तस्कर राजेश ट्रेन से डिमांड के हिसाब से ग्राहकों को सप्लाई करता था। वह छपरा से बड़ोदरा जा रहा था। लखनऊ चारबाग स्टेशन पर बोगी से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। एसटीएफ के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर राजेश को मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस के कोच नंबर बी-6 से पकड़ा गया। वह सीट नंबर-30 पर बैठकर जा रहा था।

## मदनी मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई से सुप्रीम कोर्ट नाराज

▸ यूपी के अधिकारियों को शीर्ष कोर्ट ने जारी किया अवमानना का नोटिस

समृद्धि न्यूज

**कुशीनगर।** जिला प्रशासन ने कुशीनगर में हाटा नगर पालिका के समीप सबने मदनी मस्जिद पर बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल, कोर्ट ने मदनी मस्जिद मामले में हुई कार्रवाई पर यूपी के अधिकारियों को नोटिस भेज दिया है।

अपने आदेश में कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना और सुनवाई के देश भर में डिमोलिशन की कार्रवाई पर रोक लगाने वाले आदेश का यूपी के अधिकारियों ने उल्लंघन कि है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट अधिकारियों को अवमानना नोटिस भेज दिया है। आप को बता दें कि एससी ने 13 नवम्बर 2024 को आपने आदेश में कहा कि था कि मनमानी तरीके से किसी का घर नहीं गिरा सकते है। आरोपी होने के कारण भी किसी का घर नहीं गिरा सकते। सुप्रीम कोर्ट का ये आदेश किसी एक राज्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए है। कोर्ट ने नमानी तरीके से बुलडोजर चलाने वाली सरकारें कानून को हाथ में लेने की दोषी हैं। घर बनाना संवैधानिक अधिकार है। राइट टू शेल्टर मौलिक अधिकार है।

**आदेश** कोर्ट ने डीएम को विवादित सम्पत्ति का कब्जा याची को सौंपने के दिए नर्देश

## निजी सम्पत्ति विवाद में प्रशासन के हस्तक्षेप पर हाईकोर्ट गम्भीर

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज जिला प्रशासन द्वारा निजी सम्पत्ति विवाद में हस्तक्षेप करने को गम्भीरता से लिया है। कोर्ट ने डीएम को विवादित सम्पत्ति का कब्जा याची को सौंपने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र एवं न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने याची अरुण प्रकाश शुक्ल की याचिका पर दिया है।

याची अरुण प्रकाश शुक्ला ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सोरांव तहसील के कटरा दयाराम गांव स्थित विवादित सम्पत्ति पर अपने कब्जे की सुरक्षा की मांग की थी। याची का कहना था कि उसने यह सम्पत्ति राम नरेश मिश्र से खरीदी थी। राम नरेश मिश्र के उत्तराधिकारियों ने इस लेन-देन को यह कहते हुए चुनौती दी कि विक्रेता सम्पत्ति बेचने में सक्षम नहीं थे। वर्ष 2013 में अदालत ने इस चुनौती को खारिज कर दिया और याची के कब्जे को सही ठहराया। इस फैसले के खिलाफ अपील की गई है। उसमें कोई स्थगन आदेश नहीं दिया गया है।याचिका में कहा गया कि अपील लम्बित रहने के बावजूद रामाकांत ने प्रशासन से जबरन बेदखल करने की शिकायत की। इस पर प्रशासन ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए राजस्व अभिलेखों के आधार पर उसकी शिकायत पर संज्ञान लिया और पुलिस सहायता से उसे सम्पत्ति का कब्जा सौंप दिया तथा याची को बेदखल कर दिया गया। याची के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि यह कार्रवाई पूरी तरह से अवैध थी, क्योंकि न तो अदालत का कोई आदेश था और न ही प्रशासन को इस प्रकार के हस्तक्षेप का कोई कानूनी अधिकार था। उधर, विपक्षी के वकील ने दलील दी कि प्रशासनिक हस्तक्षेप जरूरी था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जिला प्रशासन की कार्रवाई को पूरी तरह अस्वीकार्य ठहराया और कहा कि प्रशासन को अचल सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के मामलों में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासन केवल बीएनएसएस की धारा 107 और 116 के तहत कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकृत है, लेकिन वह किसी भी सिविल विवाद में न्यायिक निर्णय नहीं ले सकता। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेट प्रयागराज को अपनी कार्रवाई को तत्काल वापस लेने और याची को कब्जा लौटाने का निर्देश दिया। कब्जा बहाली की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संपत्ति के स्वामित्व व कब्जे से सम्बंधित अंतिम निर्णय अपीलीय अदालत द्वारा किया जाएगा।

# धनुष यज्ञ मेला देख वापस जा रहीं सास-बहू को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर

▶ **दोनों की हुई मौत, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी में गोला लखीमपुर मार्ग पर ग्राम रजागंज मे धनुष यज्ञ मेला देख कर सास के साथ घर जा रही बहू को उसके घर के पास मोड पर सड़क पार करते समय पंजाब नेशनल बैंक के पास गोला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टककर मार दी जिससे बहू सड़क पर गिर कर गंभीर घायल हो गयी



हादसे के बाद परिजन घायल चांदनी को निजी वाहन से गोला सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही घर पर सास



की भी सदमे मे मौत हो गयी।

कोतावली गोला क्षेत्र के ग्राम रजागंज निवासी अनिल कुमार की पत्नी चांदनी वर्मा 30 वर्ष अपनी सास पूनम वर्मा 60 के साथ घनुस यज्ञ

गोला कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि घटना की जानकारी है। मोटरसाइकिल को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। चालक फरार है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

मेला करनपुर देखने गयी थी जहा से वापस आते समय बहू चांदनी को मोटरबाइक ने टककर मार दी जिससे चांदनी घायल हो गयी। खबर पाकर गाव कोहराम मच गया। मोके पर पहुंची गोला पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्ट की लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। सोमवार को सास बहु का अंतिम संस्कार किया गया।

# चीनी मिल के गोदाम में चीनी की बोरिया गिनते समय चट्टा फटा, कई लोग दबे

**खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के चीनी गोदाम नंबर चार में चीनी लगी बोरियो का चट्टा फट गया जिससे उसके नीचे आधा दर्जन से ज्यादा लोग दबे। कई घायलों को इलाज के लिए निघासन सीएचसी भेजा गया। जानकारी के अनुसार चीनी मिल के गोदाम नंबर चार में चीनी लगी थी जिसकी गिनती हो रही थी इसी दौरान शाम लगभग चार सवा चार बजे के दौरान चीनी की बोरी लगा चट्टा फट गया जिससे वह मौजूद चीफ कैमिस्ट राजेश त्रिपाठी, डिप्टी कैमिस्ट सत्य प्रकाश, कैमिस्ट अंकुर, गोदाम कीपर रामसरन वर्मा, गोदाम चपरासी सूरज पाल, पल्लेदार अशोक सहित दो अन्य पलेदार दब



गए जिससे वहां अफरा तफरी मच आनन फानन में दबे हुए लोगो को बाहर निकाला गया जिसमे गोदाम कीपर रामसरन वर्मा व सूरज पाल की हालत गंभीर है सभी घायलों को निघासन सीएचसी भेजा गया है। इस दौरान घायलों को ले जाने के लिए एम्बुलेंस को फोन किया गया तो बताया गया कि इस समय कोई एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं है।

## ईसानगर ब्लॉक में बड़ा बदलाव

# दो नई नगर पंचायतें बनेंगी, 11 गांवों का होगा एकीकरण




**ईसानगर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

धौरहरा तहसील क्षेत्र में स्थित ईसानगर विकास खंड में दो नई नगर पंचायतों के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। तहसील प्रशासन ने एक सप्ताह के सर्वे के बाद इस संबंध में प्रस्ताव भेज दिया है। प्रस्ताव के अनुसार, ईसानगर नगर पंचायत के लिए तीन गांवों और खमरिया नगर पंचायत के लिए आठ गांवों का एकीकरण किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार यह मांग अप्रैल 2022 से लंबित थी, जब स्थानीय निवासियों ने आईजीआरएस के माध्यम से खमरिया और ईसानगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग की थी। जिलाधिकारी ने जुलाई 2022 में शासनादेश जारी कर तहसील से आख्या मांगी थी। हालांकि, स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह मामला लटका रहा। इस दौरान तीन अनुस्मारक भी जारी किए गए। 29 जनवरी को चौथे अनुस्मारक के बाद तहसील प्रशासन ने सर्वे कराया और 13 फरवरी को आख्या भेज दी।

### किस नगर पंचायत में होंगे कौन गांव

नगर पंचायत खमरिया में खमरिया पंडित, परेवा, हरदासपुर, समर्दाहरी, मटरिया, अल्लीपुर, महरिया और बसढ़िया शामिल होंगे।

ईसानगर नगर पंचायत में ग्राम पंचायत ईसानगर, रायपुर ईसानगर और वीरसिंहपुर को शामिल किया गया है।

प्रशासन के अनुसार इन गांवों को एकीकृत करने के बाद दोनों नगर पंचायतों की आबादी 20 हजार से अधिक हो जाएगी जो मानक के अनुरूप है।

वर्तमान में 81 ग्राम पंचायतों वाले ईसानगर ब्लॉक का विभाजन होगा। इस कदम से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। खमरिया पंडित के निवासी निर्भय मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणों ने इस कदम का स्वागत किया है और क्षेत्र के विकास के लिए इसे महत्वपूर्ण बताया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष और संघ प्रचारक की कार का एक्सीडेंट

▶ **ट्रक से टकराई फॉर्च्यूनर, शादी में जा रहे थे, सभी सुरक्षित**

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के थाना नीमगांव क्षेत्र में सिकंदराबाद पुलिस चौकी के पास सीतापुर के भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला और आरएसएस के विभाग प्रचारक अभिषेक कुमार रविवार की रात एक बड़े सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी अनुसार भाजपा नेता और संघ प्रचारक एक वैवाहिक समारोह में भाग लेने के लिए फॉर्च्यूनर कार से सिकंदराबाद जा रहे थे। कार में उनके साथ एक ड्राइवर और दो गनर भी सवार थे। पुलिस चौकी के निकट



उनकी कार का एक ट्रक से टकरा गई, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस गंभीर दुर्घटना में कार में सवार सभी लोगों को केवल मामूली चोटें आई। हादसे के बाद सभी यात्री किसी अन्य वाहन से सीतापुर के लिए रवाना हो गए। स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

# गन्ना विकास परिषद बेलरायां के द्वारा किसान गोष्ठी आयोजित

**खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गन्ना विकास परिषद बेलरायां के द्वारा ग्राम बेलापरसुआ में सामूहिक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित कृषकों को बसंत कालीन गन्ना बीज बुवाई के सम्बन्ध में उपयोगी बाते बताई गई। बीज बदलाव के तहत को 0238, का विस्थापन कर उन्नति शील गन्ना प्रजाति कोशा 13235, को 15023, को लख 14201, को 0118की बुवाई का सुझाव दिया गया। गहरी जुताई करने के साथ ट्रेंच विधि से बुवाई करने, ट्रैश मल्चिंग, पेड़ी प्रबन्धन, सिंगल बड/बड चिप, फसल चक्र, हरी खाद का प्रयोग, नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, मृदा स्वास्थ परीक्षण, महिला स्वयं सहायता समूह के सम्बन्ध में चर्चा की गई। सामूहिक सभा में जनप्रतिनिधि सुरेश जी, ग्राम प्रधान श्रीमती लक्ष्मी देवी गन्ना



पर्यवेक्षक शैलेन्द्र मिश्रा, आमिर खान, राजेंद्र कुमार देवेन्द्र कुमार, इफको के क्षेत्रीय प्रबन्धक पुष्पेन्द्र सिंह, मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार दुबे तथा क्षेत्र के गन्ना किसान मौजूद रहे।

# नकहा क्षेत्र में दो बाइकों में हुई भिड़ंत, एक की मौत, एक अन्य घायल

▶ **घंटों बीतने के बाद भी न पहुंची पुलिस और न ही एम्बुलेंस**

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नकहा समीप नेशनल हाईवे पर सोमवार की शाम करीब 3 बजे नकहा पेट्रोल पंप के निकट दो बाईकों में आमने सामने भिड़ंत हो गई जिससे बाइक सवार युनुस मिस्त्री निवासी नकहा की मौके पर ही तड़फ तड़फ कर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा बाइक सवार विजय पुत्र अज्ञात निवासी विहार (राज्य बिहार) गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के घंटे बाद तक पुलिस और एंबुलेंस नहीं पहुंची। पब्लिक तमाशा देखती रही। प्रत्यक्ष दर्शियो ने कहा कि अगर समय से सेवा मिल जाती तो शायद जान बचाई जा सकती थी।

काफी देर बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी नकहा में भर्ती करवाया। और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज



दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

# तूने अजब रचा भगवान खिलौना मांटी का...!

▶ **मेरी नैया के पालनहार हरि आ जाओ एक बार: साध्वी प्रियंका**

▶ **भानपुर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड बिजुआ के ग्रामपंचायत भानपुर में बीते शुक्रवार की रात श्री मद भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हुआ है जो पूरे एक सप्ताह दिन और रात में सुमुखार किया जाएगा जिसमें शाहजहांपुर की कथावाचक साध्वी प्रियंका जीआयोजन में पधारी हैं।



भानपुर बरगद के पास दुर्गा मंदिर प्रांगण में इस साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन संजय वर्मा व टिंकू वर्मा के तत्वावधान में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। करीब तीन दिन से चल रही श्रीमदभागवत में रविवार को कंस के जन्म से लेकर अत्यचार और फिर प्रभु श्रीकृष्ण के जन्म का बखान अपने मुखारबिन्दु से साध्वी जी मे किया जिसे सुनकर श्रोता ओतपोट हो गए इस कथा के बीच बीच मे कुछ भजनों को भी सुनाया जिसमें तूने अजब रचा भगवा खिलौना मांटी का..., उसके बाद मेरी नैया के खेवनहार हरि आ जाओ एक बार जैसे भजनों को सुनकर श्रोता आनंदित हो उठे संगीत और लोक कला का संगम कथा के दौरान भक्तों के आनंद को दोगुना करने के लिए संगीत का भी विशेष आयोजन किया गया। ढोलक वादक कैसियो वादक और आर्गन ने मिलकर कथा श्रवण कर रहे श्रद्धालुओं को संगीत से मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं की उपस्थिति इस अवसर पर कमलकिशोर मिश्रा, अवधेश कुमार मिश्र, रामनिवास अवस्थी, राजाराम, रामकुमार जायसवाल, पवन जायसवाल, अध्यापक सुरेश गुप्ता, माया देवी गुप्ता, लालचंद वर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सभी श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन से अत्यधिक प्रभावित थे और उन्होंने आगामी दिनों में भी इस प्रकार के आयोजनों के निरंतर होने की कामना की।

# बकरी बांधने के विवाद में पति, सास को मारपीट कर किया घायल

**जालौन (उरई)।** रास्ते में बकरी बांधने को लेकर हुए विवाद में पति व सास को मारपीट कर घायल कर देने की महिला ने कोतवाली में की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र ग्राम सिकरीराजा निवासी अनीता पत्नी रामप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उनके गांव कें ही गुड्डी, छोटे, रामकुमारी, रामप्रसाद आदि अपनी बकरियां आम रास्ते पर बांध देते हैं। जिससे वहां से निकलने में दिक्कत होती है। उनकी सास भानवती खेत पर हरी मटर लेने के लिए गई थीं। रविवार की शाम सास हरी मटर काटकर खेत से वापस घर लौट रही थीं। रास्ते में बंधी बकरियों को लेकर सास को निकलने में दिक्कत हुई तो उन्होंने बकरियां हटाने के लिए कहा। जिस पर उपरोक्त सभी सास के साथ गाली, गलौज व मारपीट करने लगे। जब पति रामप्रकाश को पता चला तो वह मां को बचाने के लिए गए।

# कच्चे चक मार्ग के पक्का निर्माण की मांग, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड उतरौला के अंतर्गत श्रृंगार जोत मार्ग से बभनी बुर्जुगडीह तक जाने वाले कच्चे चक मार्ग के पक्का निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस मार्ग के खराब हालात के कारण ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग बभनीडीह से तिलखी बढ़या होते हुए महुआ धनी मार्ग को जोड़ता है, जिससे प्रतिदिन दर्जनों गांवों के लोग आवागमन करते हैं। इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।



इस मार्ग के आसपास सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि स्थित है, जहां मुख्य रूप से गेहूं की फसल उगाई जाती है। उचित सड़क न होने के कारण किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कच्ची सड़क होने से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के फंसने की समस्या आम हो गई है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यह इलाका बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आता है, जिससे बरसात के दौरान सड़क महीनों तक जलमग्न रहती है। बारिश के बाद कीचड़ जमा होने से राहगीरों और किसानों को काफी परेशानी होती है। खासकर स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों के लिए यह मार्ग पार करना बेहद कठिन हो जाता है। इसी मार्ग पर ग्राम सभा बभनी बुजुर्ग, तिलखी बढ़या और नगर पालिका क्षेत्र की गौशाला भी स्थित है। सड़क खराब होने के कारण गौशाला तक चारा व अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने में समस्या आती है। अगर इस सड़क का पक्का निर्माण हो जाता है, तो मटियारिया कर्मा, बाघाजोत, मोहनजोत, भुड़कुंडा, तिलखी, बभनी, देवरिया अर्जुन समेत दर्जनों गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा, किसान अपनी फसल को आसानी से मंडी तक पहुंचा सकेंगे, जिससे उनकी आमदनी में भी सुधार होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द इस सड़क का पक्का निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्या पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु बैंकर्स के साथ समन्वय मीटिंग

**उरई (जालौन)।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 8 मार्च 2025 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के कुशल मार्ग दर्शन में आज जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं जिले के समस्त बैंकों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक जिला दीवानी न्यायालय परिसर में सम्पन्न हुयी।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला जज राजीव सरन ने सभी बैंक प्रबन्धकों से कहा कि बकाया ऋष्ठ के ऐसे मामले जिनमें सुलह-समझौते की संभावना हो किन्तु वह पूर्व की लोक अदालतों में नियत न

▶ **बकाया ऋण, एनपीए से संबंधित मामले प्री-लिटिगेशन केस के रूप में चिन्हित किये जा रहे**

किये गये हो, को प्राथमिकता के आधार पर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित किया जाना चाहिये। ऐसे चिन्हित मामलों की सूची और उनके दावे, वादपत्र तत्काल तैयार कराकर अतिशीघ्र अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में दाखिल किया जाये। उन्होंने बैंक प्रबन्धकों को यह भी हिदायत दी कि मात्र संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से प्रकरणों की सूची न तैयार की जाये बल्कि इस बात पर जोर दिया जाये कि किस प्रकार से अधिक से अधिक ऋणी उपभोक्ताओं को लोकअदालत के मंच का लाभ मिल सके। इसके लिये बैंक प्रबन्धकों को चाहिये कि वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यथा-आवश्यक वार्ता एवं इस सम्बन्ध समुचित कार्यवाही करके यह सुनिश्चित कर लें कि एनपीए की संख्या में कैसे कमी लायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अधिकारी ऋणी उपभोक्ताओं को ब्याज में अधिक से अधिक छूट देने के लिये आवश्यक तैयारी पहले से कर लें। उन्होंने कहा कि विगत लोक अदालतों में कई बकायेदार रकम जमा करने को तैयार दिखायी दिये थे लेकिन बैंकर्स ने उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं दिया।

# किराया जमा न करने वाले सोलह दुकानदारों को पालिका ने थमाया नोटिस

**कालपी (जालौन)।** नगर पालिका परिषद की दुकानों में व्यवसाय संचालित कर रहे लेकिन वह लंबे समय से नियमित रूप से पालिका कार्यालय में दुकानों का किराया जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे 16 बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी कर बकाया किराया जमा करने का फरमान सुनाते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया हैं।

ज्ञातव्य हो कि नगर क्षेत्र में पालिका परिषद के पास विभिन्न परिसम्पत्तियों के साथ मुख्य बाजार में कई मार्केट भी है जिनमें कुल मिलाकर 271 दुकानें है जिनसे पालिका परिषद को प्रतिमाह लाखों रुपये का राजस्व किराए के रूप में मिलता है लेकिन इन दुकानों के किराए की अदायगी समय से नही पहुंच पा रही है जिससे पालिका का बकाया बढ़ता जा रहा है लेकिन अब किराया बसूली के लिए सख्ती होने जा रही है। पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी अवनीश शुक्ला कहते हैं कि पालिका की दुकानों का किराया वैसे भी कम है इसके बाद भी एक एक दुकानदार पर हजारों रुपया किराया के रूप में बकाया हो गया है जिसकी वसूली के लिए अब सख्त रुख अपनाया जा रहा है इसके लिए प्रथम चरण में 16 बड़े बकायेदार दुकानदारों को नोटिस दिए गये हैं जिसमें उनके द्वारा किए गए इकरारनामा की धारा 6 के उल्लंघन का दोषी बताकर किराएदारी निरस्त कर दुकान खाली कराए जाने की चेतावनी भी दी गई है।

# एकता क्लब ने लाइन इलेवन को हरा कर किया सेमी फाइनल में प्रवेश

▶ **स्व राकेश चन्द्र कपूर 'पल्लू भइया' मेमोरियल अयोध्या प्रीमियर लीग-10 अयोध्या मार्बल कप का आठवां दिन**

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**

डॉ भीमराव अम्बेडकर स्पोटर्स स्टेडियम मकबरा में चल रहे स्व राकेश चन्द्र कपूर 'पल्लू भईया' मेमोरियल अयोध्या प्रीमियर लीग-10 अयोध्या मार्बल कप के आठवें दिन दो मैच खेले गये।आज के मुख्य अतिथि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता रहे जिनका स्वागत आयोजन सचिव सुप्रीत कपूर व निदेशक सैययद सुबहानी ने माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेटकर और स्मृति चिन्ह देकर किया।दिन का पहले मैच प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल एकता क्लब व लाइन इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लाइन इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 161 रन बनाए। लाइन इलेवन के बल्लेबाज आशुतोष यादव ने 46 गेंद पर 7 चौकों की मदद से 55 रन व विकेटकीपर मनीष यादव ने 27 गेंद पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए।वहीं एकता क्लब के गेंदबाज संदीप विश्वकर्मा ने 25 रन देकर 2 विकेट और रीतेश मिश्रा, अतुल श्रीवास्तव और रजनीश सिंह ने 1-1




विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता क्लब ने 17.3 ओवर में 04 विकेट शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। एकता क्लब ने बल्लेबाज रीतेश मिश्रा ने 34 गेंद पर 9 चौके की मदद से 62 रन व रजनीश सिंह ने 18 गेंद पर 3 चौके की मदद से 21 रन बनाए। लाइन स्टार के गेंदबाज ज्ञानेन्द पाल ने 2 विकेट और मनोज सिंह,प्रद्युम्न यादव और विकास ने 1-1 विकेट हासिल किये। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रीतेश मिश्रा को दिया गया।दिन का दूसरा मैच व दूसरा क्वार्टर फाइनल अयोध्या किक्रेट एकेडमी व लाइफ केयर लखनऊ के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अयोध्या किक्रेट एकेडमी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 122 रन बनाए।अयोध्या क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज हर्ष गुप्ता ने 36 गेंद पर 5 चौके की मदद से 37 रन व उत्कर्ष सिंह ने 18 गेंद पर 17 रन बनाए।

लाइफ केयर के गेंदबाज अभिषेक यादव ने 2 विकेट व शुभम, रूद्र प्रताप सिंह और लाथन लायन ने 1-1 विकेट हासिल किये।लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाइन केयर की टीम ने 17.3 ओवर में 4 विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।लाइफ केयर के बल्लेबाज सुयश सिंह ने 37 गेंद पर 3 चौके व 1 छक्के की मदद से 45 रन व लायन लाथन ने 17 रन बनाए।इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुयश सिंह को दिया गया। इस मौके पर आयोजन अध्यक्ष दीपेन्द्र श्रीवास्तव, देवेन्द्र मिश्रा दीपू, सैय्यद आसिफ, अमित श्रीवास्तव, उमाशंकर जयसवाल, अखिलेश पाठक, रोहित अग्रवाल, विवेक साहू, राजा विश्वकर्मा,विनोद पाण्डेय, मो अजहर, लकी, पृथ्वी यादव, अभय दूबे, नौशाद अहमद, कैफी खान,मो हमजा, मो सादिक, मो बिलाल आदि लोग मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दर्शन, कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा-

# जन समस्याओं का निराकरण हमारी प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज़

- समस्याओं को त्वरित निस्तारित करें अधिकारी
- समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से हों संतुष्ट, दुबारा न लगाना पड़े फरियादियों को चक्कर



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उत्पीड़न ,भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत होध, कठोर कार्यवाही की जाय। जन समस्याओं का निराकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभिन्न जनपदों से आये कई सैकड़ा लोगों ने अपनी समस्यायें उप मुख्यमंत्री से मिलकर बतायीं।जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने विद्युत अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

## सीएम व डिप्टी सीएम ने कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर लिखा, ''बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, सामाजिक न्याय के पुरोधा, 'जननायक' कर्पूरी ठाकुर जी शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे।'' उन्होंने लिखा, ''सामाजिक समता के लिए उनका संघर्ष और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। आज उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, ''गरीबों, पिछड़ों व वंचितों की सशक्त आवाज, सामाजिक समरसता के प्रतीक एवं कुशल राजनीतिज्ञ, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, भारतरत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी, 1924 को ब्रिटिश शासन काल में समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव में हुआ था, जिसे अब 'कर्पूरीग्राम' कहा जाता है। आज ही के दिन 17 फरवरी, 1988 को पटना में उनका निधन हुआ था। कर्पूरी ठाकुर एक स्वतंत्रता सेनानी, दूरदर्शी राजनेता तथा किसानों, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के हितैषी थे। जनहित के कार्यों के कारण उन्हें 'जननायक' कहकर संबोधित किया जाता है। उनका जीवन लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने और भारत के संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने के अथक प्रयास की मिसाल है।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रांत व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी

समृद्धि न्यूज़




**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज लगातार 82 वें दिन पूरे प्रदेश में समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर बिजलीकर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने मांग की है कि निजीकरण करने के पहले ग्रेटर नोएडा और आगरा में किए गए निजीकरण के करार भारी अनियमितता के चलते रद्द किए जाएं।

पदाधिकारियों ने कहा कि 01 अप्रैल 2010 को आगरा शहर की विद्युत व्यवस्था टोरेंट पावर कंपनी को सौंप गई थी। उस समय उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन का आगरा शहर का 3200 करोड़ रुपए का राजस्व का बकाया था। निजीकरण की शर्त यह थी की यह धनराशि टोरेंट पावर कंपनी वसूल कर पावर कारपोरेशन को देगी। पावर कॉरपोरेशन इसके एवज में टोरेंट पावर कंपनी को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन धन राशि देगा। दुख के साथ कहना है कि 15 वर्ष होने को हैं जा रहे हैं किंतु टोरेंट पावर कंपनी ने उक्त धनराशि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन को वापस नहीं किया। नियम यह है कि अगर कोई उपभोक्ता बकाए की धनराशि नहीं देता है तो उसका कनेक्शन काट दिया जाता है किंतु टोरेंट पावर कंपनी ने इन बकायेदारों का कनेक्शन भी नहीं काटा। इसका मतलब यह हुआ कि यह 3200 करोड रुपए की धनराशि उपभोक्ताओं से लेकर टोरेंट पावर कंपनी ने अपने खाते में डाल ली। इस प्रकार आगरा में निजीकरण की शुरुआत ही पावर कारपोरेशन को 3200 करोड़ रुपए की चोट से हुई है। अब पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 40 हजार करोड़ रुपए और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 26 हजार करोड़ रुपए का राजस्व का बकाया है। निजीकरण की आगरा वाली ही कहानी दोहराई जाती है तो पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के खाते में जाने वाली करीब 66 हजार करोड़ रुपए की निजीकरण कंपनी के खाते में चली जाएगी। संघर्ष समिति ने कहा कि इसके अलावा महंगी दर पर बिजली खरीद कर आगरा में टोरेंट कंपनी को सस्ती दर पर बिजली देने के कारण पावर कारपोरेशन को प्रति वर्ष 275 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है।

## खबरें एक नजर में

### टीचिंग कम्पटीशन में सी.एम.एस. शिक्षिकाओं ने लहराया परचम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की 11 शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेन्टा टीचिंग कोशेन्ट टेस्ट (सेन्टा टी.क्यू.) में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इन शिक्षिकाओं में रीना राणा, नम्रता शुक्ला, नीतू ट्रिम, हुमा जफर, रिम्मी कोहली, प्रियंशा चन्द्रा, श्वेता भटनागर, वर्षा सिन्हा, मरियम हुसैन, हेमा शर्मा एवं पूजा राय शामिल हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि यह प्रतियोगिता सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के हजारों विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी शिक्षकों को तीन मुख्य मानकों सब्जेक्ट एक्सपर्टाइज, क्लासरूम कम्युनिकेशन एवं एलीमेन्ट्स ऑफ वर्बल कम्युनिकेशन पर आँका गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सी.एम.एस शिक्षिकाओं प्रियंशा चन्द्रा एवं रिम्मी कोहली ने गणित, रीना राणा एवं मरियम हुसैन ने इंग्लिश, श्वेता भटनागर एवं सुश्री वर्षा सिन्हा ने साइन्स, हुमा जफर एवं पूजा राय ने अर्ली चाइल्डहुड एजूकेशन एवं नम्रता शुक्ला, नीतू ट्रिम एवं हेमा शर्मा ने जनरल पेडागाजी में शिक्षण प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अब ये शिक्षिकायें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले सेंटा टीचिंग प्रोफेशनल ओलम्पियाड में प्रतिभाग करेंगी। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इन सभी शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पूर्व सैनिकों की रैली 22 को, समस्याओं का होगा समाधान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सूर्या कमान में 22 फरवरी को पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम में होगी। इस आयोजन में पूर्व सैनिकों को सेना के बड़े अधिकारियों से सीधे संवाद करने और अपनी समस्याएं रखने का मौका मिलेगा। मध्य कमान के प्रवक्ता शांतनु सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा। पूर्व सैनिक रैली स्थल पर पहुंचकर अपनी समस्याओं को अधिकारियों और संबंधित इकाइयों के सामने रख सकते हैं। पेंशन, बकाया राशि और विकलांगता लाभ से जुड़े मामलों का निपटारा किया जाएगा। पूर्व सैनिकों को रोजगार के अवसर, उद्यमिता सहायता और कौशल विकास से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। चिकित्सा सेवाओं और ईसीएचएस कार्ड से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शिकायतों के निवारण के लिए विशेष मंच की व्यवस्था होगी। यह रैली पूर्व सैनिकों के लिए अपनी समस्याओं को हल कराने और सेना के अधिकारियों से सीधे संवाद करने का बेहतरीन अवसर है।

### नोटिस देने गए नगर निगम कर्मी को पीटा, मारने की धमकी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ नगर निगम के कर्मचारी (कार्यदायी संस्था) को एक व्यक्ति ने पीट दिया। सी ब्लॉक राजाजीपुरम में कर्मचारी अभय कुमार बकाया नोटिस देने गया था। आरोप है कि इस दौरान व्यक्ति घर में खींच कर लेकर गया। इसके बाद लात घूंसे से पीटने लगा। जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने बताया कि आशीष द्विवेदी को बकाया नोटिस देने गया था। इस पर वह भड़क गया और मारपीट कर दी। तालकटोरा थाने में शिकायत दी है। वहीं, नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि अभियान चलाकर टैक्स कलेक्शन किया जा रहा है। मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना में घायल को मदद नहीं मिली, घंटों तड़पने के बाद तोड़ा दम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में पुलिस और टोल प्लाजा कर्मचारियों की संवेदनहीनता के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई। रविवार देर रात इटौंजा थाना क्षेत्र के लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानपुर सब्जी मंडी के पास एक अधेड़ व्यक्ति दुर्घटना का शिकार हो गया। राहगीरों ने तुरंत इटौंजा थाना और टोल प्लाजा को सूचना दी, लेकिन कोई भी मदद के लिए नहीं पहुंचा। घायल व्यक्ति घंटों सड़क पर तड़पता रहा, जबकि वाहन चालक उसे बचाते हुए अपने वाहन निकालते रहे। आखिरकार, स्थानीय लोगों ने सड़क पर बल्लियां रखकर यातायात रोका, जिसके बाद पुलिस और टोल प्लाजा कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घायल को इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर मदद मिलती तो शायद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती थी। इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव के अनुसार, मृतक एक विक्षिप्त व्यक्ति था जो क्षेत्र में घूमता रहता था। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं : मानवेन्द्र सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने 3830 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करते हुए, आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का 16वां दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने आज हिस्सा लिया। कुंवर मानवेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय से स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी करने वाले 3830 विद्यार्थियों को उपाधि देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी मेहनत के साथ जूझना पड़ता है। मेहनत करें और आगे बढ़ें। छात्र देश का भविष्य हैं, ये आगे बढ़ेंगे तो राष्ट्र की प्रगति होगी।

### इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में 4000 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को इंटीग्रल यूनिवर्सिटी का 16वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 4,000 से ज्यादा छात्रों को अलग-अलग वर्गों में डिग्रियां और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में यूपी के उच्च शिक्षा मंत्री योगेश उपाध्याय को शामिल होना था, लेकिन वे नहीं आ सके। वहीं, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को डीलिट् की मानद उपाधि दी जानी थी, लेकिन वे भी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। हालांकि, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने समारोह में शिरकत की और यूनिवर्सिटी टॉपर समेत कई मेधावी छात्रों को डिग्रियां और मेडल देकर सम्मानित किया। यूनिवर्सिटी टॉपर और फैकल्टी ऑफसाइंस और मैथमेटिक्स डिपार्टमेंट की टॉपर इरम नाज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया।

### लखनऊ व्यापार मंडल के नगर महामंत्री बने रामकुमार वर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आलमबाग क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारी रामकुमार वर्मा को लखनऊ व्यापार मंडल की नगर कमेटी में महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र और वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने संयुक्त बयान जारी कर यह जानकारी दी। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि रामकुमार वर्मा पिछले 30 वर्षों से व्यापार मंडल के पदाधिकारी के रूप में सक्रिय हैं। संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते आ रहे हैं। उनकी सक्रियता और लगन को देखते हुए कमेटी ने सर्वसम्मति से उन्हें नगर महामंत्री पद पर मनोनीत करने का निर्णय लिया।

# भागवत कथा ने वातावरण को बनाया भक्तिमय

- आचार्य मनोज कृष्ण जी के सानिध्य में 22 तक चलेगी कथा

समृद्धि न्यूज़





**लखनऊ।** राजधानी के राजाजीपुरम स्थित मां मनपूर्ण श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, निकट कोठारी बंधु चौराहा में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। यह कथा 14 फरवरी से शुरु हुई थी और 22 फरवरी तक चलेगी। कथा का समय शाम चार बजे से छह बजे तक है। वृंदावन मथुरा से आये कथावाचक आचार्य मनोज कृष्ण जी महराज के सानिध्य में लोग कथा का रसपान कर रहे हैं। इस नौ दिवसीय भागवत कथा में काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्त कथा का आनंद उठा रहे हैं।

कथावाचक आचार्य मनोज कृष्ण जी के मुख से इस संगीतबद्ध भागवत कथा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथावाचक ने उन्होंने भगवत्गीता के सार को जीवन में उतारने का संदेश दिया।

इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। कथा के समापन के दिन 22 फरवरी को प्रातः 11 बजे से भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा।

श्रीमद्भागवत के इस कार्यक्रम का आयोजन नागेन्द्र अवस्थी, मुख्य यजमान रामशंकर वर्मा, महिला मंडल की अध्यक्ष रेनू गुप्ता (लक्ष्क्षू बुआ) के सहयोग से हो रहा है। कथावाचयक आचार्य जी व अनंतु दीक्षित, राजू मिश्रा पं मंजुल अवस्थी आदि के सहयोग से इस संगीतमय अमृत कथा का रसपान लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर कर रहे।

### रक्षा लेखा विभाग का 11वां अखिल डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट कैंट के एसकेपी में आयोजित

**लखनऊ।** रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड (डीएएससीबी) के तत्वावधान में रक्षा लेखा विभाग के 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 18 फरवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक लखनऊ छावनी स्थित सूर्या खेल परिसर (एसकेपी) में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन देविका रघुवंशी, आईडीएएस, रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) और अध्यक्ष डीएएससीबी द्वारा किया जाएगा। यह टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर पांच श्रेणियों- पुरुष और महिला (एकल), पुरुष और महिला (युगल) और मिश्रित डबल में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में पूरे भारत के 31 नियंत्रक कार्यालय से कुल लगभग 192 प्रतिभागी (पुरुष/महिला) भाग लेंगे। टूर्नामेंट में 131 पुरुष और 61 महिलाएं भाग लेंगी। टूर्नामेंट को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। स्पोर्ट्स कोटा श्रेणी, ओपन श्रेणी और आईडीएएस अधिकारी।

# स्व. कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी हुई आयोजित




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जननायक, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व. कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ.आरपी गौतम एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. श्रवण कुमार ने किया। संगोष्ठी की शुरुआत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय द्वारा जननायक स्व. कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि स्व. कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व इतना सादगीपूर्ण था कि बिहार की जनता उनसे बिना किसी संकोच के मिलकर अपनी बात, अपनी पीड़ा कह लेती थी। वह साधारण वेशभूषा में अनेक कार्यक्रमों में पहुंचकर सदैव दलितों, पिछड़ों, वंचितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए तत्पर रहते थे। विचार गोष्ठी में बतौर वक्ता डॉ.अनिल कुमार प्रजापति, प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, पूर्व मंत्री राज बहादुर, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, इंदल रावत, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष दिनेश सिंह यादव, ई.शैलेन्द्र ध्रुव, आदि ने भी स्व.कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त किये।

# एलडीए के प्लॉट के नाम पर डॉक्टर से 96 लाख की ठगी, चार पर मुकदमा

समृद्धि न्यूज़

- 96 लाख की ठगी का मामला एलडीए की कार्यप्रणाली पर उठा रहा सवाल

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में एलडीए का प्लॉट दिलाने के नाम पर एक डॉक्टर से 96 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। ठगी का खुलासा तब हुआ जब डॉक्टर प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचे। फर्जी रजिस्ट्री की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने विभूतिखंड थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने एलडीए के एक कर्मचारी समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलीगंज सेक्टर-बी निवासी डॉ. आशीष पांडेय ने बताया कि आजमगढ़ के ज्ञानेश पाठक और अनुपम पाठक ने 2021 में गोमतीनगर योजना में प्लॉट दिलाने की बात कही। उन्होंने प्लॉट दिखाकर बताया कि यह अलीगंज सेक्टर-ए निवासी नीरज सिंह के नाम आवंटित है। आरोपियों ने कहा कि नीरज पैसे की कमी के कारण रजिस्ट्री नहीं करवा पा रहा है। अगर एडवांस में पैसे दिए जाएं, तो नीरज रजिस्ट्री करवाकर प्लॉट उनके नाम कर देगा। डॉ. आशीष ने बताया कि 96 लाख रुपए देने के बाद उनके और उनकी पत्नी डॉ. श्वेता के नाम पर फर्जी रजिस्ट्री कर दी गई। जब वे प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचे, तो उन्हें ठगी का पता चला। जांच में यह भी सामने आया कि एलडीए के कर्मचारी पवन कुमार की मिलीभगत से फर्जी कागजात तैयार कर नीरज सिंह ने जमीन अपने नाम करवा ली थी। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह ने बताया कि इस मामले में एलडीए कर्मचारी पवन कुमार, नीरज सिंह, ज्ञानेश पाठक और अनुपम पाठक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। 96 लाख की ठगी का यह मामला एलडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

### गंदा पानी आने पर भड़के लोग, नगर निगम मुख्यालय पर नारेबाजी

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के नई बस्ती इलाके में गंदा पानी आने की शिकायत लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से की है। लोगों का आरोप है सीवर का गंदा पानी दुर्गंध के साथ घरों में आ रहा है। आरोप है जल निगम और नगर निगम के अधिकारी कई बार मौके पर आए थे, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। नगर निगम के अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे। सोमवार को नई बस्ती हरी मजार के पास गंदा पानी आने पर नाराज लोग इकट्ठा हो गए। मौके पर लोगों ने नारेबाजी की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद लोगों को शांत किया। स्थानीय निवासी दानिश इकबाल फरीदी ने बताया कि सीवर का पानी घरों में आ रहा है। इससे नहाने की हिम्मत नहीं होती है। पानी खरीदकर जरूरी काम कर रहे हैं। पार्षद अमित चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के 20 हजार लोग प्रभावित हैं। गंदे पानी की समस्या कई सालों से बनी हुई है। पिछले साढ़े छह साल से बतौर पार्षद पानी की आपूर्ति सही करने के लिए नागर निगम के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कैंसर इंस्टीट्यूट का किया निरीक्षण, देखीं अस्पताल की सुविधाएं

- सपा प्रमुख के पहुंचने से पहले ही संस्थान के डायरेक्टर प्रो. भट्ट ने छोड़ा कार्यालय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सोमवार को कैंसर इंस्टीट्यूट का निरीक्षण करने पहुंचे। लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही संस्थान के डायरेक्टर प्रो. मदन लाल भट्ट ऑफिस छोड़कर चले गए। इसके बाद कार्यवाहक सीएमएस को बुलाया गया, जिन्होंने अखिलेश यादव को अस्पताल का मुआयना करवाया और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मीडिया से बातचीत करते हुए अखिलेश ने कहा कि सरकार लगातार बजट ला रही है, लेकिन बुनियादी जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही।

उत्तर प्रदेश में लोग स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चिंतित हैं, खासकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का सही इलाज नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि कैंसर संस्थान गरीबों के मुफ्त इलाज और रिसर्च के लिए बनाया गया था, लेकिन सरकार इसे सही तरीके से संचालित नहीं कर पा रही है। उन्होंने गोरखपुर से आई एक बच्ची का उदाहरण दिया, जिसके सिर में ट्यूमर है, लेकिन एम्स जैसे बड़े अस्पताल में भी उसका इलाज नहीं हो पाया, इसलिए परिवार को लखनऊ आना पड़ा। अखिलेश ने कुंभ मेले की अव्यवस्थाओं पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 2013 में कम बजट में भी मेले का बेहतर प्रबंधन हुआ था, लेकिन इस बार सरकार ने सिर्फ प्रचार पर ध्यान दिया और भक्तों की जान चली गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह ष्डबल इंजन नहीं, बल्कि डबल ब्लंडर सरकार है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ नाम बदलने में लगी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने कैंसर संस्थान, इकाना स्टेडियम और कई अन्य विकास कार्य किए, लेकिन भाजपा ने सिर्फउनका नाम बदल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जैसे बड़े देश में भारतीय नागरिकों को हथकड़ी लगाकर भेजा गया, जिससे सरकार की कमजोरी साफ दिखती है। अखिलेश यादव कैंसर अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखने पहुंचे थे। लेकिन डायरेक्टर के अचानक ऑफिस छोड़ने से माहौल गर्म हो गया।

**निर्देश** विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट-स्मार्टफोन देने की प्रक्रिया को लेकर डीएम ने ली बैठक

# योजना के तहत मेधावियों को जल्द मिलेगा टैबलेट-स्मार्टफोन

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ ।** स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के तहत मेधावी छात्रों को टैबलेट और स्मार्टफोन देने की प्रक्रिया को लेकर जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पाया गया कि कई कॉलेजों में अब तक हजारों डिवाइस नहीं बंटे हैं। इस पर डीएम ने सभी संस्थानों को निर्देश दिए कि एक हफ्ते के अंदर वितरण पूरा करें, वरना सख्त कार्रवाई होगी।

बैठक में समीक्षा के दौरान पता चला कि लखनऊ विश्वविद्यालय में 6000 डिवाइस वितरण लंबित दिख रहे थे, लेकिन नोडल अधिकारी ने बताया कि तकनीकी दिक्कतों के कारण पोर्टल पर गलत संख्या दिख रही है और असल में 4800 डिवाइस बाकी हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि यूपी डेस्को से समन्वय कर डेटा को सही कराया जाए और जिन छात्रों को डिवाइस नहीं मिले हैं, उन्हें जल्द से जल्द बुलाकर टैबलेट-स्मार्टफोन वितरित किए जाएं। डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में 3182 और डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में 122 डिवाइस का वितरण लंबित है। डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि अगर किसी कॉलेज ने जानबूझकर देरी की या छात्रों को परेशान किया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

छात्रों की सुविधा के लिए डीएम ने निर्देश दिए कि पास आउट हो चुके छात्रों के लिए रविवार या छुट्टी के दिन भी वितरण किया जाए। साथ ही, वितरण पूरा होते ही 24 घंटे के अंदर पोर्टल पर डेटा अपडेट करने को कहा गया है।

### 620 छात्रों का नामांकन, 300 को रोजगार मिला

- मंडलायुक्त अचानक स्किलिंग सेंटर पहुंची

**लखनऊ ।** लखनऊ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को नगर निगम और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत संचालित लाइट हाउस स्किलिंग सेंटर (मॉडल हाउस) का अचानक निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि लाइट हाउस स्किलिंग सेंटर में छात्र-छात्राओं को फाउंडेशन कोर्स, कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। इस समय 620 छात्रों का नामांकन हो चुका है, जिनमें से 300 को रोजगार मिल चुका है। मंडलायुक्त ने स्किलिंग कोर्स और प्लेसमेंट की जानकारी ली, जिस पर स्टॉफने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन महीने का होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले युवाओं के लिए अलग मॉडल बनाकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाए, ताकि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। मंडलायुक्त ने एनजीओ के साथ समन्वय बनाकर स्लम इलाकों में विशेष स्किलिंग कार्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, नगर निगम के मुख्य अभियंता को सीढ़ियों पर ग्रिल और रेलिंग लगाने के भी निर्देश दिए, जिससे सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### भीख मांगने वाले लोगों को मिलेगा सरकारी योजना का लाभ

**लखनऊ ।** भीख मांगने वाले परिवारों को 22 सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की तरफ से इसको लेकर सोमवार को बैठक की गई है। उनका कहना है कि ऐसे लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए नगर निगम अन्य सरकारी विभागों के साथ में मिलकर काम कर रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि जिन परिवारों के लोग भिक्षावृत्ति में शामिल हैं। उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत राशन कार्ड, पेंशन योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। ताकि इन परिवारों को मुख्य धारा में शामिल किया जा सके। वहीं, नगर निगम की तरफ से फैजुल्लागंज में भिक्षावृति खत्म करने के लिए सबसे पहले सर्वे शुरू कर दिया गया है।

# 23 को खिलेगी फूलों की रंगीन दुनिया, फूलों से महकेगा गोण्डा

**गोण्डा में पहली बार 'वेस्ट टू वंडर' थीम पर होगा भव्य फ्लावर शो, राजा देवीबख्श सिंह जलाशय पर सजेगी पुष्प प्रदर्शनी**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में स्वच्छता और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार फ्लावर शो का आयोजन किया जा रहा है। यह अनूठा कार्यक्रम 23 फरवरी 2025 (रविवार) को राजा देवीबख्श सिंह रेलवे कॉलोनी जलाशय पर आयोजित होगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों को प्रकृति से जोड़ना और उन्हें अपने घरों व किचन गार्डन में विभिन्न प्रजातियों के फूल-पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना है।

इस फ्लावर शो की थीम 'वेस्ट टू वंडर' (Waste to Wonder) रखी गई है, जिसका उद्देश्य कचरे से सुंदरता (री-साइकलिंग) को बढ़ावा देना है। इस थीम के तहत प्रतिभागियों को फ्लावर डेकोरेशन और गार्डनिंग में अनुपयोगी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

यह पहली बार है जब गोण्डा में इतना भव्य फ्लावर शो आयोजित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इसे सफल बनाने के लिए सभी संबंधित



> संबंधित विभागों और नागरिकों से अपील है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें और इसे सफल बनाने में योगदान दें। **नेहा शर्मा, जिलाधिकारी**

**फ्लावर शो के मुख्य आकर्षण**
'वेस्ट टू वंडर' थीम पर आधारित फ्लावर डेकोरेशन, फ्लावर रंगोली प्रतियोगिता, फूल माला प्रतियोगिता, विभिन्न विभागों व संस्थानों की पुष्प प्रदर्शनी।

विभागों को समय पर संपूर्ण तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यक्रम में सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, शिक्षण संस्थानों, निजी संगठनों और नागरिकों की भागीदारी रहेगी, जो अपनी-अपनी पुष्प प्रदर्शनी प्रस्तुत करेंगे। फ्लावर शो को आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम से दो दिन पहले जलाशय और उसके प्रवेश मार्ग की सफाई कराई जाएगी, और एक दिन पहले चूने का छिड़काव किया जाएगा। जल निगम (ग्रामीण) को पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं पर्यटन सूचना अधिकारी कार्यक्रम को भव्य बनाने की जिम्मेदारी निभाएंगे।

कार्यक्रम स्थल पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी (नगर/यातायात) द्वारा विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। गोण्डा में पहली बार आयोजित हो रहे इस फ्लावर शो को भव्य और यादगार बनाने के लिए जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद ने पूरी तैयारी कर ली है। यह आयोजन न केवल जिले को हरे-भरे और स्वच्छ वातावरण की ओर प्रेरित करेगा, बल्कि नागरिकों में फूलों और पौधों के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा।

**प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार**
फ्लावर शो में तीन श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा— 1. शासकीय विभाग, 2. सार्वजनिक उपक्रम एवं शिक्षण संस्थान, 3. निजी भागीदारी। इन श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। निर्णायक मंडल में नगर मजिस्ट्रेट गोण्डा, प्रो. एस.के. श्रीवास्तव (एल.बी.एस. कॉलेज) और रेखा शर्मा (असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान) शामिल रहेंगे।

# वृक्षों की कटान पर नहीं लग रहा लगाम

**गोन्डा समृद्धि न्यूज़**



जनपद में आये दिन प्रतिबंधित पेड़ों को पुलिस और वन विभाग के जिम्मेदारो की मिली भगत से धाराशाई किया जा रहा है।यही नहीं जहां हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ो की अंधाधुंध कटान हो रही वहीं से लोगों ने चौकी प्रभारी से लेकर वन क्षेत्राधिकारी और वन सुरक्षा को दूरभाष पर जानकारी देते रहे गये परन्तु मौके पर कोई नहीं पहुंचा इससे सभी की भूमिका संदेहास्पद है।लोगों के मुताबिक पुलिस और वन विभाग अपने जिम्मेदारियो से भाग रहे हैं,यही नही ठेकेदार के मुताबिक रसीद पेड़ कटने के बाद कटी है जब मीडियाकर्मियों ने पुलिस और वन विभाग को जानकारी दी है तब आनन-फानन में रसीद काटा गया है।जबकि पेड़ काटने वाले ठेकेदार ने कहा है कि अब रसीद देने के लिए वन विभाग के लोग बुला रहे हैं।वहीं लोगों का आरोप भी है कि वन विभाग के जिम्मेदार वन दरोगा तुरन्त ठेकेदार को नम्बर उपलब्ध कराकर अपना पीछा छुड़ाने लग जाते हैं।सालपुर चौकी प्रभारी की भूमिका भी संदिग्ध है क्योंकि उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि विभागीय जुर्माना कट गया है। लेकिन जब सीओ सदर सहित कोतवाल देहात को दूरभाष पर मीडिया कर्मियों ने सूचना दी तब चौकी प्रभारी सालपुर ने प्रतिबंधित लकड़ी सहित ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ा और चौकी लेकर आये।फिलहाल खबर लिखे जाने तक पकड़े गये ट्रेक्टर ट्राली पर क्या उचित कार्यवाही हुई जानकारी नहीं माल सकी।

# सीएम डैशबोर्ड पर चल रही विकास कार्यों के योजनाओं के रैंकिंग की डीएम ने की समीक्षा, दिये निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास कार्यक्रमों के योजनाओं के रैंकिंग की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने एनआरएलएम विभाग, जल निगम विभाग, फैमिली आईडी, पंचायत विभाग, विद्युत विभाग, पर्यटन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोवेशन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से सीएम

**खराब रैंकिंग वाले विभागों को लगाई कड़ी फटकार**

डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे एनआरएलएम विभाग, पंचायती राज विभाग, जलजीवन मिशन, पीडब्ल्यूडी विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कार्यों का शतप्रतिशत कार्य करते हुए फीडिंग कराकर रैंकिंग में सुधार लायें अन्यथा विभागीय कार्यवाही की जायेगी। समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों/योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं।

बैठक के दौरान पर्यटन विभाग की खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था एक्सईएएन आवास विकास का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। साथ ही बिना किसी सूचना के बैठकों में अनुपस्थित रहते हैं।

# लेखपाल गाटा नंबर की जमीन को बताते हैं आबादी

**मनकापुर/ गोंडा समृद्धि न्यूज।**

मनकापुर तहसील अंतर्गत आज्ञाराम बक्सरा पाठक पुरवा में पीड़ित रेशमी देवी ने लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव में 15 दिन पहले आबादी की जमीन से नाली का निर्माण कराया जा रहा है।

नाली को गांव के बाहर ला कर हमारे खेत के पास रोक दिया गया और 3 दिन बाद लेखपाल अंकित श्रीवास्तव घर आए और कहने लगे ग्राम प्रधान आपके खेत से नाली निकलवाना चाहते हैं अगर आप कुछ खर्चा पानी की व्यवस्था करो तो आपके खेत में नाली नहीं निकलेगी अगर आप खर्चा पानी की व्यवस्था नहीं करते तो नाली आपके खेत में नाली निकाला जाएगा।

पीड़ित द्वारा खर्चा पानी की



**पीड़ित ने परेशान होकर लगाई न्याय की गुहार**

व्यवस्था नहीं करने पर लेखपाल अंकित श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान विजय चौहान, पुलिस बाल, जीसीबी लेकर मौके पर आए और नंबर की जमीन को सरकारी जमीन बताते हुए खेत में नाली की खुदाई करना शुरू करा दिय।

पीड़ित परेशान होकर तहसील दिवस में पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# विलुप्त होते तालाबों पर नहीं ध्यान दे रहे अधिकारी

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में कई तालाबों के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा जिम्मेदार बेखबर बरसात के दिनों में जल निकासी पर क्यों न उठे सवाल।जन चर्चा है कि नाले नालियों में तब्दील है चूकी है तो वही शहर क्षेत्र के कई तालाब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते नजर आ रहे है।लोगों के जानकारी देने के बाद मौके पर गोन्डा जनपद के शहर क्षेत्र में स्थित रतनपान्डेय तालाब राजा मोहल्ला की स्थित पर जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा विचार करने की जरूरत है।

मोहल्ला वासियों के मुताबिक इस तालाब का रकबा अतिक्रमण और रखरखाव के कारण कम हो गया है यही नहीं इस तालाब में आने वाली नाली भी बीच से अवरूद्ध है जिससे इस मोहल्ले में जल भराव की समस्या



उत्पन्न हो जाती है।

वहीं कई लोगों ने यह भी बताया की कई वर्षों से इस तालाब की साफ-सफाई भी नहीं हुई है वहीं सरकारी अभिलेखों में इसका रकबा देखकर इस पर हुऐ अतिक्रमण आदि को हटाकर सुसज्जित किया जाना चाहिए लोगों का मानना है कि इस तालाब में लगभग कई मोहल्लों का पानी आता है विशेष कर घोसियाना क्षेत्र का पानी आता है।ऐसे जिम्मेदारो को शहर क्षेत्र के अन्य तालाबों और अतिक्रमण हो चुके नालों को चिंहित करके अतिक्रमण मुक्त करते हुए पुनः सुधार कार्य होना चाहिए ताकि शहर में बरसात के समय जल भराव की समस्या उत्पन्न न होने पाये।फिर हाल लोगों को डर सता रहा है कि अभी तक तो रतनपान्डेय तालाब जो राजा मोहल्ला में स्थित है उसके अस्तित्व पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है कहीं ऐसे ही रहा तो अन्त में पाटकर परती जमीन न बन जाऐगा तब जिम्मेदारो की टूटेगी नींद।

## खबरें एक नजर में

### टेंपो चालकों से परेशान होकर किसान यूनियन ने भेजा सीएम को पत्र

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजी. सौरव यादव ने मुख्य मंत्री को शिकायती पत्र लिख कर डाक के माध्यम से पत्र भेजा है। सौरव यादव ने कहा कि ऑटो और ई-रिक्स द्वारा निरंतर जाम की स्थित पैदा हो रही है ऑटो रिक्शा जिला मुख्यालय से 16 किलोमीटर का तक बुकिंग ले जा सकते है लेकिन फिर भी गलत तरीके से टेम्पो स्टैंड बना कर अराजकता फैलाने का कार्य करते हैं आपातकालीन में यदि कोई व्यक्ति बीमार हो तो ये लोग अपने ऑटो रिक्शा और ई रिक्शा नहीं हटाते हैं तालग्राम तिराहे से लेकर बहबलपुर तक कोई टेम्पो स्टैंड नहीं है फिर भी पैसा देकर ट्रैफिक विभाग द्वारा स्टैंड लगा कर लूट की जा रही है। अवैध टेंपो स्टैंड चल रहे हैं प्रति टेंपो से 900 रुपए प्रति महीना वसूल किया जा रहे हैं अवैध डग्गामारी चल रही है जगह-जगह टेंपो स्टैंड बने हुए हैं और उनसे अवैध वसूली की जाती है जबकि एआटीओ कन्नौज को भी अवगत करा दिया गया है यदि जल्द इन लोगों के ऊपर लगाम नहीं लगी तो भारतीय किसान यूनियन जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन करेगा जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन खुद होगा।

### रेलवे स्टेशन पर खराब पड़ी स्वचालित सीढ़ी व सीसीटीवी कैमरा, राम भरोसे यात्रियों की सुरक्षा

**सुलतानपुर, समृद्धि न्यूज।** रविवार की शाम जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के औचक निरीक्षण में जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर पर सुविधाओं के नाम पर खामियां ही खामियां दिखीं। नाराजगी जाहिर करते हुए दोनों अधिकारियों ने रेलवे महकमे के अफसरों को दिए। रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं/यात्रियों की सुविधा व्यवस्था राम भरोसे पाई गई। डीएम कुमार हर्ष व एसपी कुंवर अनुपम सिंह अचानक रेलवे स्टेशन जा पहुंचे। तैनात रेलवे महकमे के अफसरों, आरपीएफ, जीआरपी को निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधा देने,शालीनता का व्यवहार करने,अत्यधिक भीड़ होने पर कतार बद्ध यात्रियों को उनके सीट पर भेजने व बिना टिकट यात्रियों पर नजर रखते कार्यवाही के निर्देश दिए थे। सोमवार को करीब दो बजे तक स्टेशन पर लगी लिफ्ट,स्वचालित सीढ़ी बंद रही। सीसीटीवी भी नो सिंगनल दिखी।स्टेशन पर कही भी कोई पुलिस कर्मी व रेलवे कर्मी नहीं दिखा। निरीक्षण के समय लिफ्ट,सीसीटीवी व ऑटोमैटिक स्टेयर चालू कर दी जाती है।दिल्ली की घटना के बाद भी तैनात आरपीएफ,जीआरपी व रेलवे के अफसर मनमानी पर उतारू है। स्टेशन अधीक्षक,आरपीएफ, जीआर पी इंस्पेक्टर गायब रहे।

### कांग्रेसियों ने स्व. कर्पूरी ठाकुर को किया याद

**सुलतानपुर, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेसियों ने भारत रत्न व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि जिला कार्यालय में मनाई। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। अभिषेक सिंह राणा ने उनके विचारों और सिद्धांतों, सादगी, ईमानदारी एवं विकास कार्यों को याद करते हुए उनको भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने जीवनपर्यंत शोषित व दलित समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के बाद अनेकों महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू कीं जिसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिला,लेकिन आज के समय में देश के अंदर संप्रदायिक ताकतें हावी हैं, जो महापुरुषों के सम्मान करने की बजाय उनको अपमानित करने का काम कर रही हैं। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देनी चाहिए, जब बच्चे शिक्षित होंगे तो आने वाले समय में वह आईएएस, वरिष्ठ पत्रकार, डॉक्टर, इंजीनियर, राजनेता, जज बनकर एक अच्छे भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर अपरबल सिंह,नफीस फारुकी, तेज बहादुर पाठक, सुब्रत सिंह सनी, सलाउद्दीन हाशमी, शीतला साहू, कुर्बान अंसारी,डी.एन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने रंगारंग मनमोहक प्रस्तुतियों से चुराया चित्त

**पीएमश्री विद्यालय भौली में वार्षिकोत्सव आयोजित**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के विकास खण्ड जरवल स्थित पीएमश्री विद्यालय भौली में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएल शुगर मिल जरवल रोड के महाप्रबंधक टीएस राणा व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह मौजूद रहे।

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुई। इसके बाद



छात्राओ ने सरस्वती व गणेश वंदना प्रस्तुत की। प्राइमरी सेक्शन के नन्हे मुन्नों ने वेलकम डांस प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की कड़ी में लघु नाटिका झांसी की रानी, विज्ञान हमारा दोस्त नुक्कड़ नाटक, कव्वाली, रिंग डांस, पर्यावरण सुरक्षा आधारित पेड़ बचाओ, व धरती माँ का दर्द, पढ़ेंगे लिखेंगे हम निपुण बनेंगे पर प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन मे छात्रों के अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा का भरपूर आनंद उठाया। मुख्य अतिथि श्री राणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकारी स्कूल के ये बच्चे कॉन्वेंट से किसी मायने में पीछे नही हैं।

बच्चो को ऐसे कार्यक्रमों में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए, इससे न सिर्फ बच्चों को मंच पर आने का अवसर मिलता है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। वहीं बीएसए श्री आशीष सिंह बोले बच्चों का प्रदर्शन ये बता रहा कि बाल प्रतिभाएँ परिस्थितियों की मोहताज नही होती, उन्होंने इन्हें संवारने व दिशा देने वाले विद्यालय सभी शिक्षको की प्रशंसा की।

वार्षिकोत्सव में मंच संचालन शिक्षक व कवि संतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम में आयोजन प्रभारी शिक्षिका अर्चना पाण्डेय, बीईओ जरवल अरविंद बहादुर सिंह, बीईओ बलहा अरुण वर्मा, कैसरगंज कोतवाल हरेंद्र मिश्र, जिला समन्वयक बालिका अनुराग शर्मा, एआरपी राजेश मिश्र, मो अहमद की प्रतिभागिता रही।

इंचार्ज शिक्षक अनिल वर्मा ने आये अथितियों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर भौली प्रधान प्रतिनिधि विजयराज, शिक्षक नरोत्तम सेंगर, संध्या श्रीवास्तव, रामचन्द्र, मनसुखलाल, आदि उपस्थित। रहे।

# 50 लाख का गांजा जब्त, नेपाल जा रहे तीन तस्कर गिरफ्तार

**बाइक की डिग्गी में छुपा रखा था गांजा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के रूपईडीहा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लगभग 50 लाख रुपए कीमत का 21 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी इस गांजे को बिहार से लाकर नेपाल ले जा रहे थे। रुपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम सोमवार को चिकनिया बाजार में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली की तीन युवक बाइक से बड़ी मात्रा में गांजा लेकर खान पुलिया ग्राम अड़गोडवा की तरफ जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़



लिया तलाशी के दौरान बाइक की डिग्गी में छिपाकर रखा गांजा बरामद हुआ।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान चंद्र प्रकाश, रामसमुझ और दुर्गेश वर्मा के रूप में हुई है। सभी आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उन्हें पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## छह जोड़ों का हुआ सामूहिक सरल स्वयंवर



**भारी तादाद में दिए गए उपहार**
**श्री देवी गुल्लावीर मंदिर परिसर में रहा उत्सव जैसा माहौल**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले मे रविवार को 06 जोड़ों का सामुहिक सरल स्वयंवर आयोजित किया गया। श्री देवी गुल्लवीर मंदिर के प्रांगण मे भारत विकास परिषद नैमिष प्रान्त के इस आयोजन में वर-वधू को ढेरों उपहार मिले।

इस भव्य विवाह समारोह मे वर वधुओ को देखने व शामिल होने के लिए बहुत सम्मानित जन उपस्थित हुए। इस विवाह मे वर व वधू पक्ष की ओर से परिजन शामिल होकर वर वधुओ को आशीर्वाद प्रदान किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे बहराइच के पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड व पूर्व भाजपा अध्यक्ष श्याम करन टेकरीवाल ने सम्मिलित होकर वर वधुओ को आशीर्वाद दिया साथ मे आशीर्वाद मंच पर प्रान्तीय महासचिव नैमिष प्रान्त के डाक्टर प्रदीप कुमार,प्रान्तीय अध्यक्ष मारवाड़ी युवा मंच के रमेश कुमार वर्मा और प्रान्तीय महिला संयोजिका हेमा निगम सहित बहुत से लोगो द्वारा वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

### चीनी मिल में ट्रैक्टर पहले ले जाने को लेकर मारपीट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के पारले चीनी मिल परसेंडी में गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पहले ले जाने को लेकर चालकों में मारपीट हो गई और लाठी-डंडे चलने लगे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फखरपुर थाना क्षेत्र के परसेंडी में पारले चीनी मिल स्थित है। मिल में इस समय गन्ना पेराई का कार्य चल रहा है, जिसमें किसान निजी और भाड़े के साधन से गन्ना ले जा रहे हैं। सोमवार को गन्ना लदी ट्रैक्टर पीछे करने और पहले गन्ना ले जाने को लेकर दो चालक भिड़ गए। कहासुनी के दौरान चालक और उनके समर्थकों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्ष में मामला शांत कराया। इस मामले में थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दो चालकों के बीच मारपीट हुई है। अभी किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

# वेटलैंड दिवस पर वनकर्मियों का सम्मान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर इको परिसर में वेटलैंड दिवस के अवसर पर एनवायरमेंट वॉरियर्स संगठन ने एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। भारत नेपाल सीमा पर स्थित इस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कई गतिविधियां हुई। कार्यक्रम में इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वोदय इंटर कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 20 हजार रुपए का पुरस्कार जीता। एसपीबीपी इंटर कॉलेज सेमरहना की टीम को द्वितीय स्थान के लिए 10 हजार रुपए और नवायु इंटर कॉलेज की टीम को तृतीय स्थान के लिए 5 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक राजराजेश्वर सिंह ने




**कतर्नियाघाट में छात्रों को मिले पुरस्कार, वाचर्स स्टाफ को दी गई साइकिल**

अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकारें वन और वन्य जीव संरक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबंध है। उन्होंने सभी से वन्य जीव और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आवाहन किया। कार्यक्रम में विशेष पहल करते हुए संगठन ने कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सभी वाचर्स स्टाफ को साइकिल प्रदान की। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एच राजमोहन और एनवायरमेंट वॉरियर्स के संस्थापक अंबिका मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में कतर्नियाघाट के प्रभागीय वनाधिकारी बी शिव शंकर, ट्रेनिंग आईएफएस अधिकारी कीर्ति चौधरी, उप प्रभागीय वनाधिकारी संतोष सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खुटेहना चौकी में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**डीजे संचालकों को एसडीएम ने दी हिदायत**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** जिले में आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खुटेहना चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी और प्रभारी निरीक्षक पयागपुर करुणाकर पांडे उपस्थित हुए।

अधिकारियों ने डीजे संचालको, ग्राम प्रधानों और अन्य गणमान्य नागरिकों को त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में



ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर विशेष चर्चा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि त्योहारों के दौरान ध्वनि सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए और किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति में तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और सामाजिक सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बढ़ाने के लिए मिली एक सप्ताह की मोहलत

**प्रगति में सुधार न होने पर दण्डित होंगे जिम्मेदार अधिकारी**
**सीएससी सेन्टरों को सक्रिय किये जाने के दिये गये निर्देश**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत पीएम-किसान के लाभार्थियों सहित जनपद के समस्त भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने सम्बंधी कार्यो की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने



संतोष जनक प्रगति न पाये जाने पर राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि तहसील सदर, कैसरगंज एवं पयागपुर की प्रगति संतोषजनक नहीं है। तहसीलवार समीक्षा में सर्वाधिक प्रगति तहसील मिहींपुरवा की 67.57 प्रतिशत पायी गयी। जबकि तहसील सदर द्वारा 31.27, कैसरगंज में 37.31, पयागपुर में 40.58 एवं नानपारा में 46.70 तथा महसी में सबसे कम 40.56 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हुआ है।

डीएम ने इस स्थिति पर कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए बैठक के बीच से ही तहसील सदर, महसी, पयागपुर व कैसरगंज के एसडीएम व तहसीलदारों से वार्ता कर दो टूक शब्दों में प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएससी सेन्टरों को पूरी तरह से सक्रिय कर अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराएं। डीएम ने एडीएम व सीआरओ को निर्देश दिया कि 24 घण्टे में 50 प्रतिशत प्रगति का लक्ष्य प्राप्त न करने वाली तहसीलों के एसडीएम का स्पष्टीकरण प्राप्त करें।

डिजिटल क्राप सर्वे की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में 10 लाख 48 हजार 784 गाटों का सर्वे किया जाना है जिसमें से 03 लाख 53 हजार 284 गाटों का सर्वे पूर्ण पाया गया है। समीक्षा में सदर तहसील द्वारा 79471, पयागपुर 64051, नानपारा 74888, मिहींपुरवा 32884, कैसरगंज 68391 व महसी 43599 गाटो का सर्वे किया गया है जो 33.69 प्रतिशत है।जनपद की रैकिंग 42वें नम्बर है। डीएम ने एसडीएम तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कल तक इसे बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जाय।

डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्राप सर्वे कार्य की सप्ताह में दो दिन अवश्य समीक्षा करें तथा कम प्रगति वाले कार्मिकों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही कर अवगत करायें। डीएम ने कहा कि डिजिटल क्राप सर्वे कार्यक्रम की शासन स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। सभी अधिकारी गम्भीरता से दस कार्य को पूरा करें।

# सीडीओ ने मंदिर एवं झील का किया औचक निरीक्षण



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** विकास क्षेत्र के शेखपुर समोधा ग्राम सभा के मजरे खालेगांव में स्थित प्रसिद्ध महादेव मंदिर श्री झारखंडेश्वर एवं पूर्व में साइबेरियन पक्षियों का आश्रय रही टांडा झील का सोमवार दोपहर तकरीबन 3:00 बजे के आसपास मुख्य विकास अधिकारी रायबरेली अर्पित उपाध्याय ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा झील तक पहुंच कर मौकाए निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि मुझे विभिन्न प्रार्थना पत्रों एवं समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी प्राप्त हुई कि पूर्व में यह प्राचीन झील साइबेरियन पक्षियों का आश्रय हुआ करती थी। परंतु झील में अत्यधिक गंदगी वह जलकुंभी होने के कारण यहां आने वाले साइबेरियन पक्षी विलुप्त हो गए। आज मैंने यहां का मौकाए निरीक्षण किया है, इसके पश्चात विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर झील को पुनः जीवंत करने के लिए कार्य योजना एवं कार्य प्रणाली तैयार की जाएगी, कि किस प्रकार किस का सौंदर्यीकरण एवं मंदिर प्रांगण का विकास हो सके। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी शिवबहादुर सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान शिव शंकर शुक्ला, समाजसेवी राजीव कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम सागर यादव, डॉ लक्ष्मीकांत मिश्रा, बंसीलाल सैनी सहित ब्लॉक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराकर पलटी , श्रद्धालु घायल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर खेरहनी गांव के पास सोमवार दोपहर रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद कार पलट गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार सवारों को बाहर निकाला है। हादसे में प्रयागराज से कुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालु वंदना पत्नी प्रियरंजन उम्र लगभग 39 वर्ष, कल्पना पत्नी आशुतोष उम्र लगभग 35 वर्ष, आशुतोष पुत्र फूलचंद उम्र लगभग 37 वर्ष, पुत्री प्रियरंजन उम्र लगभग 3 वर्ष, प्रणव पुत्र प्रियरंजन उम्र लगभग 13 वर्ष, अभिजीत उम्र लगभग 4 वर्ष व अथर्व उम्र लगभग 10 वर्ष पुत्रगण आशुतोष निवासीगण गाजियाबाद घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मासूम श्री की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गनीमत यह रही कि अन्य लोगो को मामूली चोटें आई हैं । घायलों ने बताया कि वह प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर वापस गाजियाबाद जा रहे थे। थानाध्यक्ष पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# प्रभात साहू ने फीता काटकर महोत्सव का किया शुभारंभ

- बड़े बड़े झूले व दूसरे प्रदेशों से आई दुकानों से सजी प्रदर्शनी



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** नगर मे पहली बार भव्य महोत्सव व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है ।चेयरमैन प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता प्रभात साहू ने फीता काटकर महोत्सव का उद्घाटन किया। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 में भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया है ।भाजपा नेता प्रभात साहू ने बताया कि बड़े-बड़े झूलों व दूसरे प्रदेशों से आई दुकानों से सजी प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ किया गया। भाजपा नेता प्रभात साहू ने क्षेत्र के लोगों से निवेदन किया है की ज्यादा से ज्यादा लोग परिवार सहित प्रदर्शनी में पहुंचकर झूलों सहित खरीददारी आदि का आनंद ले व अन्य प्रदेशों से आई हुई दुकानो पर जाकर खरीदारी करें और उनके बारे में जाने उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की साथ-साथ बीजेपी नेता ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा जगह दी गई है और नगर पंचायत महराजगंज द्वारा इस महोत्सव को भव्य महोत्सव बनाने की पूरी तैयारी है। इस मौके पर सरदार फतेह सिंह सभासद मुस्ताक राइनी धर्मेंद्र वर्मा अमित त्रिपाठी नुरुल हसन रामकुमार यादव कमलेश कुशमेश सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम के साथ संपन्न हुआ विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** कस्बे में स्थित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने शिरकत की। बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि विद्यार्थियों का नैतिक और बौद्धिक विकास शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए, यदि युवा ज्ञान के साथ-साथ संस्कारों को आत्मसात करें तो राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित होगी। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंधक की भी सराहना की। वहीं विशिष्ट अतिथि उमेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि चरित्र निर्माण का साधन है। विद्यार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि बच्चे भविष्य के निर्माता हैं इन्हें संजोने और संवारने का काम शिक्षक का है। नगर पंचायत अध्यक्ष राम जी ने विद्यालय की निरंतर प्रगति के साथ बच्चों के सुंदर भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने सभी आगंतुकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें नृत्य, संगीत, नाटक और कविता पाठ शामिल है। खास तौर पर देश भक्ति की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन बच्चों के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ।

### असली किन्नरों ने नकली किन्नर का किया भंडाफोड़



**डीह रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है।जहां असली किन्नरों ने नकली किन्नर का भंडाफोड़ कर दिया। युवक द्वारा नकली किन्नर बनकर वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मामला डीह थाना क्षेत्र के मटियारा चौराहा का है। जहां एक युवक द्वारा नकली किन्नर बनकर शादी समारोह में पैसों की वसूली करता था। जहां सूचना पर जगदंबा किन्नर सतर्कता से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। असली किन्नरों का आरोप है कि अपने को किन्नर बताकर क्षेत्र में घूम-घूम कर धन उगाही करता था। पकड़े गए आरोपी की पहचान गोलू वर्मा उर्फ योगेश वर्मा पुत्र दयाराम निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है। किन्नर का भेष धारण करने वाले युवक के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित शिकायती पत्र दिया गया है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### बार एसोसिएशन का पुनर्गठन पदाधिकारी का हुआ चयन

**डलमऊ रायबरेली।** डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन का पुनर्गठन किया गया जिसमे नए पदाधिकारी का चयन किया गया डलमऊ बार एसोसिएशन द्वारा सर्वसम्मति से अमरेंद्र बहादुर सिंह को अध्यक्ष चुना गया वहीं मनोज कुमार सिंह को महामंत्री, संरक्षक अशोक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधा कृष्ण चौधरी, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी, संयुक्त मंत्री प्रथम जितेंद्र कुमार यादव व संयुक्त मंत्री द्वितीय मोहित कुमार द्विवेदी व संयुक्त मंत्री अरुण कुमार त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राम बहादुर सिंह चौहान वीरेंद्र कुमार यादव राजकुमार द्विवेदी इंद्रपाल सिंह अशोक कुमार सिंह संतोष कुमार यादव व कनिष्ठ कार्यकारी सदस्य शिशिर कुमार श्रीवास्तव पवन कुमार त्रिपाठी राजीव कुमार श्रीवास्तव नरेंद्र नाथ यादव संजय कुमार श्रीवास्तव सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी को जिम्मेदारियां सौंप गई।

### क्षतिग्रस्त पुलिया के बगल में तेज रफ्तार कंटेनर खाई में पलटा, चालक व खलासी घायल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर पुलिया के बगल में खाई में पलटा चालक एवं खलासी दोनों घायल। निजी अस्पताल में कराया गया इलाज। घटना रविवार सोमवार की मध्य रात्रि 11:00 बजे के आसपास की है जब कबरई (मध्यप्रदेश) से गिट्टी को लोड कर कंटेनर सुल्तानपुर के लिए जा रहा था। तभी बछरावां मौरावा मार्ग पर स्थित खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा के पास अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गया। कंटेनर में मौजूद चालक व खलासी दोनों घायल हो गए जिनका निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है। कंटेनर चालक संदीप पुत्र रामगोपाल निवासी कानपुर ने बताया कि वह कंटेनर में गिट्टी को कबरई से लोड कर सुल्तानपुर के लिए जा रहा था। पुलिया सकरी व क्षतिग्रस्त होने के चलते आगे से आ रहे दूसरे ट्रक को पास देने के चलते दुर्घटना का शिकार हो गए। इस मार्ग पर यह पुलिया करीब एक वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हुई थी। जिसमें अब तक कई मौते एवं दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। परंतु पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के चलते इस पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया। जहां आज फिर एक कंटेनर दुर्घटना का शिकार हो गया। गनीमत रही कि, दोनों को मामूली चोटे आई हैं नहीं तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।

### मंदिर साफ कर रहे बुजुर्ग को बीजेपी नेता ने पिता के साथ मिलकर पीटा

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** छोटेलाल पुत्र स्वर्गवासी बुद्धि लाल मौर्या निवासी पाली महराजगंज ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि सुनील मौर्य पुत्र राजू, राजू पुत्र भूषण प्रतिपक्षीगढ़ के द्वारा। छोटेलाल ने तहरीर में बताया कि प्रार्थी की पुश्तैनी भूमि सड़क के किनारे मंदिर के पीछे जो आबादी दर्ज है। आज सुबह करीब 5 :30 बजे मैं मंदिर में साफ सफाई कर रहा था तभी सुनील मौर्य और राजू आए और कहने लगे तुम नाली पाट रहे हो। कहा सुनी हो रही थी तभी राजू पीछे से हमको मारने लगे। तथा सुनील अपनी रिवाल्वर लहराते हुए कहने लगे मैं अभी तुमको मार दूंगा। तभी मेरी लड़की व पत्नी दौड़कर आई तभी उपरोक्त लोगों ने मेरी लड़की व पत्नी को भी धक्का देकर गिरा दिया। और मैं भी जमीन पर पड़ा था और दोनों मुझे लात घूसों से मार रहे थे। मैं किसी तरह से जान बचाकर भागे लेकिन सुनील ने धमकी दिया। कि तुमको और मारेंगे। तुमको जहां भी जाना है जाओ मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। अत: आपसे निवेदन है कि मेरे जान माल के खतरे को देखते हुए दंडात्मक कार्यवाही करने की कृपा करें।

### साइड पटरी ऊंची कराए जाने की मांग

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ ब्रिजेश दत्त दाऊद ने जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर से शिष्टाचार मुलाकात कर मुराई बाग कस्बे के प्रयागराज रोड कृष्णा नगर में साइड पटरी ऊंची कराई जाने की मांग की है नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मुराई बाग कस्बे में प्रयागराज रोड निर्माण कार्य कराया गया जिससे सड़क की पटरी लगभग 1 फीट नीचे हो गई जिसके चलते प्रतिदिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं एवं कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं नगर पंचायत डलमऊ द्वारा पूर्व में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर साइड पटरी में इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया था वर्तमान समय में विभाग द्वारा नई साइट पटरी इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है जिस पर जिला अधिकारी ने निर्देशित एवं अस्वस्त करते हुए कहा कि जनहित में यह कार्य कराया जाएगा शनिवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों द्वारा मुराई बाग कस्बे में प्रयागराज रोड का निरीक्षण किया गया रविवार के अधिकारियों ने कहा कि जल्दी कार्य आरंभ कराया जाएगा नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ ने जनहित में कराए जा रहे कार्य को लेकर जिलाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## समृद्धि न्यूज़ की खबर का असर

# अचली प्रधान का वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार हुए सीज

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



आखिर प्रधान और सचिव को किसका मिल रहा अभय दान

रसूख के आगे बौना हुआ जिला प्रशासन

नोटिस का जवाब न मिला तो सरकारी धन की होगी वसूली

समृद्धि न्यूज़ दैनिक समाचार पत्र द्वारा लगातार ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर किया गया जिसका असर होता हुआ दिखाई पड़ा और प्रधान पर कार्रवाई की गई। विकासखंड क्षेत्र के अचली ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच में दोषी पाए जाने पर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कार्रवाई की गई है वहीं इस करवाई से अन्य भ्रष्टाचारियों में भी हड़कंप देखा जा सकता है। ननई पुत्र राम आसरे, रामचंद्र, राम अवतार, राम विश्वास, रमेश सुखीलाल ने ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला अधिकारी से लेकर कई अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया था जिस पर रायबरेली डीएम ने सख्त होते हुए जांच के आदेश दिए थे जिसपर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी व अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में जाकर जांच की अधिकारियों को हैंडपंप रिबोर ह्यूम पाइप एवं कुर्सी मेज में काफी अनियमितताएं मिली वाउचर कुछ और कह रहा था जबकि लागत कुछ और थी ।ग्राम पंचायत अधिकारी आदित्य कुमार ग्राम प्रधान अचली कलावती के द्वारा ग्राम पंचायत में भारी अनियमिताएं की गई जिसे जांच में अधिकारियों द्वारा पकड़ा भी गया। वहीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कार्यवाही करते हुए विकासखंड क्षेत्र के पूरे अचली के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए।

> इस विषय में खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया जिले से लेटर आया है जिसमें पूरे अचली के प्रधान कलावती का वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज किया गया है।
> –वर्षा सिंह
> खंड विकास अधिकारी

# प्राथमिक विद्यालय के बच्चे शैक्षिक स्थिति में हुए निपुण

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शिक्षा की स्थिति जानने के लिए प्रशिक्षुओं ने निपुण लक्ष्य के माध्यम से आकलन किया गया। जिसमें कुछ बच्चे निपुण पाये गये।सलोन विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के द्वारा कक्षा एक एवं दो के बच्चों की शैक्षिक स्थिति जांची गई।

डीएलएड प्रशिक्षु आरती चौरसिया, नीतू यादव द्वारा कक्षा एक के 12 एवं कक्षा 2 के 12 बच्चों का निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से आकलन किया।जिसमें कक्षा एक में 11 एवं कक्षा 2 में दस बच्चे निपुण हुए। ऐसे में 87.5 प्रतिशत बच्चे निपुण में पास हुए।विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद वसीम ने कहा निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए हमारे शिक्षक सतत प्रयास करते रहते हैं। एआरपी संदीप सिंह व कक्षा के शिक्षकों में सै. साजिद अली जैदी, बबली गुप्ता, बीना, अजय प्रताप सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल गए युवक का खेत में मिला शव

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** ससुराल गए युवक का शव गांव के किनारे खेतों में मिलने से हड़कंप मच गया है। मृतक के परिजनों ने ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। घटना सोमवार सुबह 6:00 बजे के आसपास की है जब गांव के बाहर खेतों में एक युवक का शव पड़ा होने की जानकारी ग्रामीणों को होते ही हड़कंप मच गया। सूचना पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। शव के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है, कि युवक अपनी ससुराल ग्राम मल्हीपुर रात्रि में आया हुआ था। युवक पड़ोस के ही रहने वाले ग्राम बगाही का बताया जा रहा है। मृतक के परिजनों के मुताबिक ससुराली जनों पर हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी प्राप्त हुई है मृतक मैकूलाल पुत्र अंगन उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी ग्राम बगाही मजरे बिशुनपुर जिसकी ससुराल मल्हीपुर गांव में है। रविवार दोपहर मृतक की युवक अपनी ससुराल खेतों में खाद डालने के लिए आया हुआ था। खाद डालने के बाद वापस अपने गांव चला गया था। रात्रि में किसी बात को लेकर घर में विवाद हुआ और वापस ससुराल पहुंच गया। जहां मृतक की मां के द्वारा ससुराली जनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। वही पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंच चुकी है जो मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है, तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अहलेबैत-ए-अतहार अलैहिस्सलाम कॉन्फ्रेंस व फ़ज़ीलते माहे शाबानुल मुअज़्ज़म का आयोजन कल

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला के सोनालिका पैलेस में आगामी 19 फरवरी, बुधवार की शाम को हाजी फहमीद रज़ा रिज़वी कर्बलाई की ओर से अहलेबैत-ए-अतहार अलैहिस्सलाम कॉन्फ्रेंस और फ़ज़ीलते माहे शाबानुल मुअज़्ज़म का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मौलवी इरफान हैदर की तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से होगा, जबकि अज़ीम हल्लौरी निज़ामत की जिम्मेदारी संभालेंगे। इस कॉन्फ्रेंस में विभिन्न धर्मगुरु और विद्वान शामिल होकर अपने विचार व्यक्त करेंगे।जिसमें मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी (मुख्य वक्ता), मौलाना फिदा हुसैन, मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना जायर अब्बास होंगे। महफिल में कई प्रसिद्ध शोअरा-ए-कराम अपने कलाम पेश करेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से फसाहत जौनपुरी, शुजा उतरौलवी, अली जाफरी, अनीस, अली अब्बास, सफदर, शारिब रिज़वी, अली हसन जफर और अन्य गणमान्य कवि शामिल होंगे। आयोजक हाजी फहमीद रज़ा कर्बलाई ने जानकारी दी कि इस अवसर पर महफिल नज़्रे मौला का भी विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसमें धार्मिक और आध्यात्मिक चर्चा के साथ-साथ शायरी व तकरीरें भी होंगी। यह कॉन्फ्रेंस क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को माहे शाबानुल मुअज़्ज़म की फ़ज़ीलत और उसके महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

# सवर्ण आर्मी एवं क्षत्रिय महासभा ने सौंपा ज्ञापन

- नाबालिक लड़की के अपहरण के मामले पुलिस की कार्रवाई से नाराज थे दोनों संगठन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सवर्ण समाज की एक नाबालिक लड़की के अपहरण के मामले को लेकर पुलिस द्वारा कार्रवाई से नाराज सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा हैं।आप को बताते चले कि प्रतापगढ़ जनपद के महेश गंज थाना क्षेत्र के सवर्ण समाज की नाबालिग लडकी का एक दलित युवक द्वारा अपहरण किया गया था। जिसकी शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने समय से कार्रवाई नहीं किया। इस पर सवर्ण आर्मी ने विरोध कर धरना प्रदर्शन किया था। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने लड़की को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।लेकिन पुलिस ने न्याय दिलाने वाले प्रदर्शनकारी सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर दिया।जिसको निरस्त कराने के लिए मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी रायबरेली को सवर्ण आर्मी और क्षत्रिय महासभा के द्वारा ज्ञापन सौपा हैं।सवर्ण आर्मी के रायबरेली जिलाध्यक्ष वृजेन्द्र सिंह फौजी ने बताया सवर्ण समाज की लड़की का दलित युवक द्वारा अपरहण कर लिया था।कार्यवाही न होने पर सवर्ण आर्मी द्वारा शांति पूर्ण धरना दिया था।पुलिस अपनी निष्क्रियता छिपाते हुए राष्ट्रीय महासचिव समेत 27 नामजद व 60 अज्ञात में फर्जी तरीके मुकदमा दर्ज कर दिया। जिसको निरस्त किया जाए नहीं तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे।इस मौके पर भारी संख्या में सवर्ण आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता समेत क्षत्रिय महासभा के लोग मौजूद रहे।

## विकास खंड परिसर गैंसडी में 27 को सामूहिक विवाह आयोजित

**बलरामपुर।** समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद बलरामपुर में विकास खण्ड वार चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 विवाह कार्यक्रम की आयोजित किए जा रहे हैं। विकास खंड परिसर गैंसडी में दिनांक 27 फरवरी को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित होगा , जिसमें विकास खंड गैसड़ी, पचपेड़वा एवं नगर पलिका पचपेड़वा के लाभार्थी सम्मिलित होगे। कार्यक्रम को सकुशल आयोजित किए जाने हेतु जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी उपनिदेशक कृषि को नियुक्त किया गया हैं।

## गाजी क्लॉथ हाउस का उद्घाटन, सपा नेता परवेज उमर की उपस्थिति में संपन्न



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय क्षेत्र के लिए आज का दिन बेहद खास है। क्योंकि हमारे क्षेत्र को एक नई और भव्य पहचान मिली है। हम बात कर रहे हैं गाजी कलाथ हाउस फिरोजपुर की। जिसका आज शानदार उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। गाजी क्लॉथ हाउस फिरोजपुर के उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी, और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि का नाम सपा नेता/पूर्व प्रत्याशी उतरौला विधानसभा परवेज उमर ने फीता काट कर किया। यह हमारे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। गाजी क्लॉथ हाउस फिरोजपुर न केवल एक भव्य संरचना है। बल्कि यह हमारे समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को भी दर्शाता है। प्रो. ग्राम प्रधान मोहम्मद जाफर ने बताया कि हमने यह सपना देखा था कि हमारे क्षेत्र में एक ऐसा स्थान हो। जंहा क्षेत्र वासियो को कपड़ा खरीदने के लिए मनकापुर या गोण्डा जाना पड़ता था ।लेकिन अब हमे अपने ही बजार फिरोजपुर में मिल जाए। आज वह सपना पूरा हुआ है, और हमें खुशी है कि क्षेत्रवासियों को यह तोहफा दे सके। स्थानीय निवासी डाक्टर इरशाद ,सरवन वर्मा, खालिद आदि ने बताया कि अभी तक हम लोगो को कपड़ा खरीदने के लिए हम लोगो को मनकापुर या गोण्डा जाना पड़ता था ।

# सीएमपीएस मे इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस अवसर पर इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों ने अपने - अपने स्कूली शिक्षा के यादगार पलो को कविता, भाषण, गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के सम्मान में नृत्य गायन संगीत एवं अभिनय के अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की लगन व परिश्रम से की गई पढ़ाई का परिणाम सुखद होता है सभी विद्यार्थियों को खूब परिश्रम करके परीक्षा देनी चाहिए परिणाम की चिंता उन्हें नहीं करनी चाहिए। श्रम का परिणाम हमेशा सुखद होता है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि विद्यालय ज्ञान तथा साधना का मंदिर है इसमें गुरुजनों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को परिश्रम करके सलोना रूप प्रदान किया जाता है, हम सभी आपके जीवन में भविष्य निर्माण में तन मन धन से हमेशा लगे रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाएं मौजूद रहे!

# कृषक चीनी मिल के द्वारा दी जा रही योजनाओं का उठाये लाभः डॉ. आरपी शाही महाप्रबंधक(गन्ना)

**उतरौला(बलरामपुर)**



अगेती प्रजातियों से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए कृषक जल्द करें गन्ने की बुवाई। बजाज चीनी मिल उतरौला के गन्ना प्रमुख डॉ. आरपी शाही ने आज एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कृषक अगेती प्रजातियो से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए जल्द से जल्द कर ले इन गन्ना प्राजातियो की बुवाई जैसे कि को.लख.-14201,को.-0118, को.शा.-13235 गन्ना की बुवाई अगर समय से कर लेते हैं तो उन्हें अधिक उत्पादन प्राप्त होता है तथा सिंचाई पर अधिक खर्च नहीं पड़ता है। इसलिए आप लोग फरवरी माह से लेकर 15 मार्च तक इन प्रजातियों की बुवाई कर सकते हैं अगर आप गेहूं और सरसों काटने के बाद गन्ने की बुवाई करते हैं तो आप अधिक उत्पादन देने वाली गन्ना प्रजाति 15023, 98014, 13235 की बुवाई करें जिससे आप कृषको को अधिक लाभ हो, इसके लिए चीनी मिल निरंतर कृषकों के हितों में तमाम लाभकारी योजनाएं जारी की है। किसान इसके प्रति जागरूक हो इसके लिए गांव-गांव में कृषक गोष्ठी और चीनी मिल के द्वारा प्रचार वाहन गांव-गांव भेजा जा रहा है आप लोग ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई करें। जिससे पैदावार अधिक प्राप्त हो इस विधि से गन्ना बुवाई करने पर गन्ना गिरता नहीं है जंगली जानवरों से फसल का नुकसान काम होता है। सिंचाई और लेबर चार्ज काम आता है गन्ना बीज कम लगता है हम आप लोगों से कहना चाहेंगे कि आप लोग अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की बुवाई करें। सीनियर गन्ना प्रबंधक सन्तोष मिश्रा एवं अपर प्रबन्धक गन्ना बिजय पान्डेय ने कृषकों से कहा कि आप लोग गन्ने की बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल बैज्ञानिक तकनीक से करें। कृषक इस समय गन्ने के साथ सहफसली के रूप में प्याज धनिया टमाटर बैगन की बुवाई कर सकते हैं यदि आप ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई करते हैं और गन्ने के साथ प्याज की खेती कर रहे हैं तो प्याज से निकलने वाली गध से गन्ना में कीटों का प्राकोप नहीं होता है। कृषक जिस भी प्रजाति की मांग करेगा हम उसे तत्काल गन्ना बीज उपलब्ध करा देंगे चीनी मिल के द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ लें और अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई करें जिससे आप आर्थिक रूप से मजबूत हो चीनी मिल का भुगतान निरंतर आपके खाते में भेजा जा रहा है।

# नलकूप ठप होने से किसान परेशान, सिंचाई में दिक्कत



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** राजकीय नलकूप की नाली व कुलाबा क्षतिग्रस्त्र होने किसानों को सिचाई मे परेशान होती है जिससे सिचाई के लिए खेतों तक पानी नही पहुंच पा रहा है। विकासखंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत कम्मरपुर स्थित राजकीय नलकूप की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से किसनो को राजकीय नलकूप का लाभ नहीं मिल पा रहा। इस नलकूप से कम्मरपुर के किसान लाभान्वित होते थे। स्थानीय किसान कल्लन, फिरोज, मनोज, राजेश, मो जफर ने बताया कि पाइपलाइन व नाली क्षतिग्रस्त होने से गेहूं की सिचाई के लिए पानी नहीं पहुंच पाँ रहा है। नलकूप का लाभ अन्य दाताओं को नही मिल पा रहा है। इसी ग्राम के किसानों ने राजकीय नलकूप के पाइपलाइन नाली व कुलाबो की पुनर्निर्माण की मांग की है जिलाधिकारी से की है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि जाँच कर नाली व कुलाबा सही कराया जायेगा।

## परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव

देश बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने और पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता को सक्रिय रूप से बढ़ाने की पहल में लगा है और इसके लिए केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2031-32 तक मौजूदा परमाणु ऊर्जा क्षमता को 8,180 मेगावाट से बढ़ाकर 22,480 मेगावाट करने के लिए कदम उठाए हैं। इस विस्तार में गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, हरियाणा, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 8,000 मेगावाट के दस रिएक्टरों का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त, 2031-32 तक क्रमिक रूप से पूरा होने की योजना के साथ, दस और रिएक्टरों के लिए पूर्व-परियोजना गतिविधियां शुरू हो गई हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य के श्रीकाकुलम जिले के कोव्वाडा में यूएसए के सहयोग से 6×1208 मेगावाट परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। पिछले वर्ष सितंबर 2024 को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल हुई है,जब राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना की यूनिट-7 जो देश के सबसे बड़े और तीसरे स्वदेशी परमाणु रिएक्टरों में से एक है, ने क्रिटिकलिटी हासिल की और जिससे नियंत्रित विखंडन श्रृंखला अभिक्रिया की शुरुआत हुई। यह घटना स्वदेशी परमाणु रिएक्टरों के निर्माण और संचालन में भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाती है, जो स्वदेशी तकनीक द्वारा संचालित भविष्य में योगदान देने की सूचक है। भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्र कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल और अंतरराष्ट्रीय निगरानी के साथ काम करते हैं। भारतीय परमाणु सुविधाओं में विकिरण का स्तर लगातार वैश्विक मानकों से काफी नीचे है, जो सुरक्षित और टिकाऊ परमाणु ऊर्जा के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ये प्रयास स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा प्रदान करने की भारत की व्यापक रणनीति के अनुरूप हैं, जो दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान करते हैं। गुजरात के काकरापार में स्वदेशी 700 मेगावाट क्षमता वाले पीएचडब्ल्यूआर की पहली दो इकाइयों ने भी वित्त वर्ष 2023-24 में ही वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया है। बंद ईंधन चक्र भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की आधारशिला है, देश के पहले प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर-500 मेगावाट ने 2024 में कई उपलब्धियां हासिल कीं हैं। मार्च 2024 को पहले रिएक्टर कंट्रोल रॉड को लोड करने के साथ कोर लोडिंग शुरू की गई। एनपीसीआईएल और एनटीपीसी ने देश में परमाणु ऊर्जा सुविधाओं के विकास के लिए एक पूरक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अश्विनी नामक संयुक्त उद्यम परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 (2015 में संशोधित) के मौजूदा कानूनी ढांचे के भीतर काम करेगा और आगामी 4×700 मेगावाट पीएचडब्ल्यूआर माही-बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना सहित परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण, स्वामित्व और संचालन करेगा। केंद्रीय बजट 2025-26 में परमाणु ऊर्जा के लिए किए गए प्रावधान भारत के ऊर्जा परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाते हैं। परमाणु ऊर्जा को एक टिकाऊ, स्केलेबल और सुरक्षित ऊर्जा स्रोत के रूप में बढ़ावा देकर सरकार का लक्ष्य ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना और देश के दीर्घकालिक आर्थिक और पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा करना है। विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन परमाणु ऊर्जा विकास को गति देने के लिए तैयार है, जो 2047 तक भारत को उन्नत परमाणु प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करेगा।

# महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस

रमेश सर्राफ धमोरा



**जयन्ती (18 फरवरी) पर विशेष**

**श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे।**

रामकृष्ण परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। 19 वीं शताब्दी में श्री रामकृष्ण परमहंस एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे। जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातों को सामान्य लोगों के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई।

रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभूति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता है। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हें कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधि थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी।

श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी-देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।

अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होंने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नहीं थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है। रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ।

जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रूप में आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं। रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरू मान लेते थे। इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। श्री रामकृष्ण के जीवन के अन्तिम वर्ष कारुण रस से भरे थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये। रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चौबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे उनसे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे।

## विचार

# स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने व न लगाने पर बहस

डॉ. आर. बी. चौधरी



स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध एक वैश्विक बहस का विषय बन गया है। जबकि कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, अन्य देशों ने इसके उपयोग को कानूनी दायरे में लाने का फैसला किया है। यूनेस्को की ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग (जेम) टीम के अनुसार, कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो बच्चों के शिक्षा और गोपनीयता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं।

फ्रांस में वर्ष 2018 में स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षिक प्रदर्शन पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करता था। इसी तरह, कुछ ऑस्ट्रेलियाई और ब्रिटिश स्कूलों ने भी स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो विचलित होने और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं। अन्य देशों ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए हैं। चीन के झेंगझओए शहर में, माता-पिता को अपने बच्चों को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में स्मार्टफोन का उपयोग करने के लिए लिखित सहमति देनी होती है।

इसके अलावा, कुछ देशों ने गोपनीयता की चिंताओं के कारण शैक्षिक सेटिंग्स से विशिष्ट अनुप्रयोगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। डेनमार्क और फ्रांस ने दोनों ने गूगल वर्कस्पेस पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि जर्मनी के कुछ राज्यों ने माइक्रोसॉफ्ट उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इसके विपरीत, कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने का फैसला किया है, इसके बजाय प्रतिबंध लगाने के। यह दृष्टिकोण शैक्षिक सेटिंग्स में स्मार्टफोन के संभावित लाभों को स्वीकार करता है, जैसे कि ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच और छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार को सुविधाजनक बनाने की क्षमता। भारत में, उदाहरण के लिए, सरकार ने स्कूलों में स्मार्टफोन के जिम्मेदार उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो शिक्षकों को इन उपकरणों को शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले तरीके से अपने शिक्षण प्रथाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सिंगापुर ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए कई पहल शुरू की हैं, जिनमें मोबाइल डिवाइस प्रबंधन सॉफ्टवेयर का उपयोग शामिल है ताकि स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी और नियंत्रण किया जा सके। इसी तरह, कुछ कनाडाई स्कूलों ने स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए नीतियां लागू की हैं, जिनमें निर्दिष्ट टेक-फ्री क्षेत्रों का उपयोग शामिल है।

**स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या इसके उपयोग को विनियमित करने का निर्णय शैक्षिक समुदाय की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। इसके बजाय एक समग्र प्रतिबंध लगाने के बजाय स्कूलों और सरकारों को एक संतुलन खोजने का प्रयास करना चाहिए जो छात्रों को स्मार्टफोन के लाभों का लाभ उठाने की अनुमति देता है जबकि जोखिमों को कम करता है। स्पष्ट नीतियों को लागू करके, छात्रों और शिक्षकों को शिक्षित करके, और स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी करके, स्कूल स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने में मदद कर सकते हैं जो शिक्षा, सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देता है।**

स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या इसके उपयोग को विनियमित करने का निर्णय शैक्षिक समुदाय की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। इसके बजाय एक समग्र प्रतिबंध लगाने के बजाय, स्कूलों और सरकारों को एक संतुलन खोजने का प्रयास करना चाहिए जो छात्रों को स्मार्टफोन के लाभों का लाभ उठाने की अनुमति देता है जबकि जोखिमों को कम करता है। स्पष्ट नीतियों को लागू करके, छात्रों और शिक्षकों को शिक्षित करके, और स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी करके, स्कूल स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने में मदद कर सकते हैं जो शिक्षा, सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, स्कूल स्मार्टफोन की लत और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने के लिए शारीरिक गतिविधि और आउटडोर प्ले को बढ़ावा दे सकते हैं। भारत सरकार ने स्कूली छात्रों में स्मार्टफोन की लत के मुद्दे को हल करने के लिए कई कदम उठाए हैं। मुख्य उपायों में से एक स्कूलों में जिम्मेदार स्मार्टफोन उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी करना है। ये दिशानिर्देश शिक्षकों को अपने शिक्षण प्रथाओं में स्मार्टफोन को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए, कुछ भारतीय स्कूलों ने परिसर के आसपास मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। अन्य लोग दिन के विशिष्ट समय या स्कूल के क्षेत्रों में फोन के उपयोग को प्रतिबंधित करने की सिफारिश करते हैं। यह दृष्टिकोण विचलित होने को कम करता है और एक स्वस्थ शिक्षा वातावरण को बढ़ावा देता है। स्मार्टफोन की लत बच्चों पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिनमें ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में कमी, साइबर बुलिंग का खतरा बढ़ना और शारीरिक गतिविधि में कमी शामिल है। इसके अलावा, अत्यधिक स्मार्टफोन के उपयोग को कई नकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य परिणामों से जोड़ा गया है, जिनमें चिंता, अवसाद और अकेलापन शामिल हैं। इन जोखिमों को कम करने के लिए, स्कूल और माता-पिता कई कदम उठा सकते हैं, जिनमें स्मार्टफोन के उपयोग पर सीमाएं निर्धारित करना, शारीरिक गतिविधि और आउटडोर प्ले को प्रोत्साहित करना और डिजिटल साक्षरता और जिम्मेदार प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है।

## प्रगति यात्रा के सहारे चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

उमेश चतुर्वेदी

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस लिया है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है।

जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। एनडीए अगर बिहार की सत्ता से अतीत में कभी दूर हुआ भी है तो उसकी वजह खुद नीतीश का उसका साथ छोड़ना रहा है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार।

पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को ज़मीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। क्योंकि नीतीश सरकार की नीतियों की वजह से पहले से ही समूचे राज्य में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान नीतीश ने राज्य के तमाम जिलों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए सुनवाई की जगह पर ही अधिकारियों को सीधे निर्देश दिए। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवर ब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए। प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20,000 करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 121 योजनाओं को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल चुकी है और उन्हें जमीनी हकीकत बनाने को लेकर तेजी से काम शुरू हो चुका है।



## राशिफल

**मेषः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

# ट्रंप जो चाहते थे वह सब नरेंद्र मोदी से हासिल किया

टी एन अशोक

**ट्रंप और मोदी के रिश्ते को कुछ मीडिया आउटलेट्स में भाईचारा करार दिया गया है - और गुरुवार की बैठक के दौरान यह आत्मीयता जोरदार तरीके से उबलती रही। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे की प्रशंसा की, जबकि सार्वजनिक रूप से चर्चा के अधिक चुभने वाले बिंदुओं को दरकिनार कर दिया। उनमें से मुख्य था ट्रंप द्वारा हाल ही में घोषित पारस्परिक टैरिफका सवाल, जिसमें उन्होंने अमेरिकी वस्तुओं पर विदेशी आयात करों का जवाब प्रत्येक देश द्वारा लगाये जाने वाले दरों के बराबर देने का प्रस्ताव रखा है। दोनों दक्षिणपंथी नेताओं, मोदी और ट्रम्प, पर अपने देशों में लोकतांत्रिक पतन के आरोप लगे हैं। दोनों नेताओं ने हाल ही में अपने-अपने देशों में फिर से चुनाव भी जीता हैरू मोदी ने पिछले साल जून में और ट्रम्प ने पिछले नवंबर में।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस समय भू-राजनीतिक स्थिति तेजी से बदल रही है और कई देशों में नये नेता सत्ता संभाल रहे हैं। गुरुवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मोदी की निर्धारित बैठक से अमेरिका के लिए उनके व्यापार विस्तार के मामले में सकारात्मक परिणाम सामने आये, लेकिन भारत के लिए सटीक लाभ का आकलन अभी किया जाना बाकी है। हालांकि एक बात स्पष्ट है। ट्रंप आप्रवासियों पर अपनी नीति पर अड़े रहे और मोदी ने इस पर सहमति जतायी। भारतीय प्रधानमंत्री ने ट्रंप की प्रशंसा की, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाये जाने वाले भारी पारस्परिक टैरिफसे बचने की कोशिश की।

ट्रंप और मोदी के रिश्ते को कुछ मीडिया आउटलेट्स में भाईचारा करार दिया गया है - और गुरुवार की बैठक के दौरान यह आत्मीयता जोरदार तरीके से उबलती रही। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे की प्रशंसा की, जबकि सार्वजनिक रूप से चर्चा के अधिक चुभने वाले बिंदुओं को दरकिनार कर दिया। उनमें से मुख्य था ट्रंप द्वारा हाल ही में घोषित पारस्परिक टैरिफ का सवाल, जिसमें उन्होंने अमेरिकी वस्तुओं पर विदेशी आयात करों का जवाब प्रत्येक देश द्वारा लगाये जाने वाले दरों के बराबर देने का प्रस्ताव रखा है। दोनों दक्षिणपंथी नेताओं, मोदी और ट्रम्प, पर अपने देशों में लोकतांत्रिक पतन के आरोप लगे हैं। दोनों नेताओं ने हाल ही में अपने-अपने देशों में फिर से चुनाव भी जीता हैरू मोदी ने पिछले साल जून में और ट्रम्प ने पिछले नवंबर में। गुरुवार को उनके अधिकांश सार्वजनिक प्रदर्शन एक-दूसरे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए समर्पित थे, जिसमें ट्रम्प ने मोदी की श्महान नेताश् के रूप में सराहना की और मोदी ने ट्रम्प को मित्र कहा।

गुरुवार को मोदी अपने खुद के प्रस्तावों के साथ पहुंचे, जो ट्रम्प द्वारा भारत के खिलाफउठाये जाने वाले किसी भी आर्थिक कदम से निपटने के लिए तैयार किये गये थे। दोनों नेता अपनी बंद कमरे की बैठक से अंतरिक्ष यात्रा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा उत्पादन पर साझेदारी सहित अपने देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के समझौते के साथ बाहर आये। ट्रंप ने कहा, प्रधानमंत्री और मैं ऊर्जा पर एक महत्वपूर्ण समझौते पर भी पहुंचे हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को भारत के लिए तेल और गैस के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में पुनर्स्थापित करेगा। उम्मीद है कि यह उनका नंबर-एक आपूर्तिकर्ता होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के समान एक अंतरराष्ट्रीय बुनियादी ढांचे का भी जिक्र किया,जो दुनिया भर के सहयोगियों को जोड़ेगा। ट्रंप ने बताया, श्हम इतिहास के सबसे महान व्यापार मार्गों में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह भारत से इजरायल, इटली और आगे संयुक्त राज्य अमेरिका तक जायेगा, जो हमारे भागीदारों को बंदरगाहों, रेलवे और अंडरसीकेबल्स से जोड़ेगा। ट्रम्प ने अपनी ओर से कहा कि अमेरिका भारत को कई अरबों डॉलर की सैन्य बिक्री बढ़ायेगा। दोनों नेताओं ने अपने नागरिकों को अधिक समृद्ध, राष्ट्रों को अधिक मजबूत, अर्थव्यवस्थाओं को अधिक नवीन और आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक लचीला बनाने के लिए व्यापार और निवेश का विस्तार करने का संकल्प लिया। उन्होंने निष्पक्षता, राष्ट्रीय सुरक्षा और रोजगार सृजन सुनिश्चित करने वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों को गहरा करने का संकल्प लिया। इस उद्देश्य से, नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए एक साहसिक नया लक्ष्य निर्धारित किया- मिशन 500- जिसका लक्ष्य 2030 तक कुल द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक करके 500 अरब डॉलर करना है। दोनों नेताओं ने बेहतर वैश्विक ऊर्जा मूल्य सुनिश्चित करने और अपने नागरिकों के लिए सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करने के लिए हाइड्रोकार्बन के उत्पादन को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। नेताओं ने संकट के दौरान आर्थिक स्थिरता को बनाये रखने के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के महत्व को भी रेखांकित किया और रणनीतिक तेल भंडार व्यवस्था का विस्तार करने के लिए प्रमुख भागीदारों के साथ काम करने का संकल्प लिया। इस संदर्भ में, अमेरिकी पक्ष ने भारत को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए अपने दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। कुल मिलाकर परिणाम यह है कि ट्रम्प को वह मिल गया जो वह चाहते थे - भारत को रक्षा उपकरण और तेल और ऊर्जा उत्पादों के अमेरिकी निर्यात में एक बड़ा हिस्सा, जिससे उन क्षेत्रों में भारत को रूस का निर्यात कम हो जायेगा। जहां तक एच-1बी वीजा पर भारत के दबाव वाले मुद्दों का सवाल है, ऐसा लगता है कि भारतीय प्रधानमंत्री को कोई रियायत नहीं मिली। अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों के संबंध में, नरेंद्र मोदी उन्हें वापस लेने के लिए सहमत हुए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# मुंशी मौलवी की परीक्षा में गैर हाजिर रहे उन्तीस छात्र, अफसरों ने किया दौरा

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मदरसा बोर्ड मुंशी मौलवी आलिम की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय अनुसार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में प्रथम दिन संपन्न कराई गई। मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में दो पालियों में संपन्न कराई गई जिसमें मुंशी मौलवी प्रथम पाली में पंजीकृत 161 छात्र-छात्राओं में 136 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और 25 छात्र अनुपस्थित पाए गए द्वितीय पाली में आलिम के 37 पंजीकृत छात्रों में 33 परीक्षार्थी ने परीक्षा में भाग लिया और चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस बात की पुष्टि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अंजलि प्रिया गौतम ने की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार को मुंशी मौलवी आलिम की परीक्षार्थियों में 198 छात्र पंजीकृत है जिसमें 169 छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया मुंशी मौलवी आलिम की परीक्षाएं सकुशल स्वच्छतापूर्ण पारदर्शी सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में शासन के मनसा के अनुरूप संपन्न कराई जा रही है।

## स्पीड ब्रेकर न बनाये जाने से हो रहे हादसे

**राठ(हमीरपुर)।** नहर बाईपास सैना रोड चौराहे पर आए दिन हो रहे हादसे को लेकर लोगों ने दोनों साइड गालियों में स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। साथ ही चौराहे पर ट्राफिक पुलिस कर्मियों की डयूटी लगाने की मांग की है। उप्र उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया कि कोतवाली में पीस कमेटी में कई बार स्पीड ब्रेकर बनवाने का मुद्दा उठाया है। डीएम को भी अवगत करा चुके हैं। लेकिन अभी तक स्पीड ब्रेकर नहीं है। छोटे स्पीड ब्रेकर बने हैं। जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। रविवार की सुबह भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चिकासी थाने के इटैलियाराजा गांव निवासी देवी प्रसाद तोमर की कंटेनर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। अगर स्पीड ब्रेकर बने होते तो यह हादसा न होता। इसके पहले बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने रौंदा था। दोनों युवकों की मौत हो गई थी। नगर पालिका ईओ राजेश सिंह ने बताया कि जल्द गलियों में स्पीड ब्रेकर बनवाएं जाएंगे।

# उद्यान समिति की बैठक में दुकानदारों को कंपनी बाग में गंदगी न फैलाने की दी गयी हिदायत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को कंपनी बाग में जिला उद्यान विकास समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमे कंपनी को सुंदरीकरण कराये जाने के लिये सांसद व विधायक निधि से बजट मांगने का प्रस्ताव पारित किया गया,उद्यान विभाग में दीवार के किनारे दुकानदारों को गंदगी न फैलाये जाने की हिदायत दी गयी है। बैठक की अध्यक्षता उपनिदेशक उद्यान ने की। जानकारी के मुताबिक उद्यान विकास समिति की यह दूसरी बैठक थी,पथवे के किनारे नाली बनाने के लिये समिति के सदस्य लोनिवि के सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया, बच्चों के खेलने के लिये झूला, कटीले तार की फेंसिंग आदि सुंदरीकरण की कार्ययोजना बनाकर जनप्रतिनिधियों से बजट मांगने का प्रस्ताव पारित किया गया। सीएमओ कार्यालय की तरफ से दुकान संचालको से गंदगी न फैलाने को कहा गया। समिति के सदस्य एम हबीब खान,जिले में संचालित सभी पौधशालाओं का मानचित्र बनाकर डीएचओ आशीष कटियार को सौपा गया। इसमौके पर शारदादीन यादव, ऋषिराज शुक्ला, आशीष पालीवाल के अलावा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### दुकान में आग लगने से सारा सामान जलकर हुआ खाक

**महोबा।** बीती रात्रि किराना की दुकान में अचानक आग लगने से नगदी सहित दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को को दी। मुहाल वासियों व फायर ब्रिगेड ने कडी मशक्कत के बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया। जनपद महोबा के श्रीनगर कस्बे के भैरोगंज निवासी गजेंद्र कारपेंटर पुत्र जगदीश अपने घर में ही किराने की दुकान संचालित करता है। बीती रात्रि अज्ञात कारणों के चलते दुकान में अचानक आग लग गईं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे रात्रि में वहां सो रहा पीड़ित बाल बाल बच गया। पीडित की चीख पुकार सुन मुहालवासी दौड पडे और आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। पीड़ित ने इसकी सूचना श्रीनगर पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर मुहालवासियों की मदद से किसी प्रकार आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित गजेंद्र ने बताया कि दुकान में रखे करीब 3 हजार रुपए की नगदी सहित हज़ारों का दुकान का सामान जलकर राख हो गया है। पीड़ित ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### सपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में पीडीए पंचायत का आयोजन



**हमीरपुर।** विधान सभा हमीरपुर के ग्राम रघवा, भौली की बाल्मीकि समाज की बस्ती मे समाजवादी पार्टी हमीरपुर के जिला अध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता मे पी डी ए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व चैयरमैन सांसद प्रतिनिधि हमीरपुर माया बाल्मीकि ने बाल्मीकि समाज के लोगो से कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दलित विरोधी है। केवल वोट लेकर अपना उल्लू सीधा करने का काम करती है ।मंहगाई चरम पर है बेरोजगारी बढ़ रही है पढ़े लिखे नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे है ।समाजवादी पार्टी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही एक ऐसे नेता है जो गरीबो मजदूरों के लिए काम करते है इसलिए इसी मे आप लोगो का भविष्य सुरक्षित है। जिला अध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि पिछड़े, दलित अल्पसंख्यक समाज के लोग एक जुट हो जाये तो कोई ताकत 2027 मे सपा की सरकार बनने से नहीं रोक सकती। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवशरण यादव ने वर्ण व्यवस्था का बखान करते हुये कहा कि पिछड़े एंव अनुसूचित जाति के लोग सूद्रो की श्रेणी में आते है इसलिए पूरे सूद्र समाज को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी का सहयोग करने का काम करना चाहिए। पंचायत को बीटू यादव, सुरेंद्र यादव ने भी सम्बोधित किया ।इस मौके पर वर्षा नामदेव नगर अध्यक्ष कुरारा सपा महिला मोर्चा, मुकेश नामदेव, रामअवतार बाल्मीकि,जमुनादास बाल्मीकि,हरिदास बाल्मीकि, अनिल बाल्मीकि, बाबूलाल बाल्मीकि, भरोसा बाल्मीकि, सुधा बाल्मीकि, पप्पू बाल्मीकि, रामस्वरूप बाल्मीकि, रामदेवी, अवधेश आदि काफी संख्या में बाल्मीकि समाज के पुरुष एंव महिलाये उपस्थित रही।

### गुमटी में आग लगने से गैस सिलेंडर फटा, तीन दुकानें खाक

**उरई (जालौन)।** शहर के कोंच रोड स्थित मधुबन विला के पास स्थित समोसे कचौड़ी की गुमटी में देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा गैस सिलेंडर भी आपकी चपेट में आने से फट गया। शहर के कोंच रोड बाईपास पर रविवार देर रात पेट्रोल पंप के सामने की दुकानों में आग लग गई। टट्टर और पन्नी से बनी इन दुकानों में देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जिसमें राजकुमार की पानी पूड़ी की दुकान, रामजी की छोला भटूरा की दुकान, फखरुद्दीन की सब्जी की दुकान और एक अन्य व्यक्ति की हेयर कटिंग सलून की दुकान में आग लग गई जबकि गिरीश कुमार की दुकान बाल बाल बच गई। आगजनी के दौरान ही रामजी की छोला भटूरा की दुकान में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास रहने वाले लोग अपने घरों से निकल आए। गनीमत यह रही कि सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर आ गई। जिसने आग को बुझा दिया और आगे की कई दुकानें जलने से बच गई जबकि चारों दुकानों में रखा सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया। उधर आग लगने की वजह का पता नहीं चला है।

### लंबित स्टाम्प वादों में एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठायें

**उरई (जालौन)।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश 11 फरवरी 2025 द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश 26 दिसंबर 2024 द्वारा स्टाम्प कमी के वादों, अपीलों, निगरानी पर एक मुश्त समाधान योजना 31 मार्च 2025 तक प्रभावी की गयी है। जिसमें इच्छुक पक्षकार स्टाम्प कमी, निबंधन शुल्क की धनराशि तथा ब्याज के साथ एक मात्र 100 रुपए के टोकन, अर्थदण्ड पर स्टाम्प कमी के लम्बित वादों का निस्तारण कराये। योजना मात्र 31 मार्च 2025 तक प्रभावी है।

### उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षायें 22 तक चलेंगी

**उरई (जालौन)।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि इस समय उप्र मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित सेकेण्डरी, सीनियर सेकेण्डरी की परीक्षा वर्ष-2025 की परीक्षायें चल रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में बालक, बालिकाओं के लिए जनता विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज उरई को केन्द्र बनाया गया है। जिसमें बालकों की संख्या-60 एवं बालिकाओं की संख्या-92 अर्थात कुल मिलाकर जनपद जालौन में 152 परीक्षार्थी है। यह परीक्षा 17 फरवरी 2025 से 22 फरवरी 2025 तक 02 पालियों में संचालित है। प्रथम पाली प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक परीक्षायें सम्पादित होगी। प्रथम पाली में मुंशी, मौलवी की परीक्षा में कुल 107 परीक्षार्थियों में से 81 उपस्थित तथा 26 अनुपस्थित रहे, इसी प्रकार द्वितीय पाली में आलिम की परीक्षा में कुल 45 परीक्षार्थियों में से 37 उपस्थित तथा 8 अनुपस्थित रहे। परीक्षायें शान्तिपूर्ण एवं नकल विहीन चल रही है।

### उद्यान विभाग में चार दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण 24 से

**उरई (जालौन)।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद में ग्रामीण युवाओं के लिए माइक्रोइरीगेशन सिस्टम संचालन एवं रखरखाव विषयक 04 दिवसीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 24 से 27 फरवरी 2025 तक किया जाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र रूरामल्लू के प्रशिक्षण हॉल में किया जाना प्रस्तावित है। यह प्रशिक्षण सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में तकनीशियनों का एक प्रतिभाशाली पूल बनाने और जनपद में ग्रामीण युवकों को बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सूक्ष्म सिंचाई मेले का अयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रदेश अन्तर्गत कार्यरत विभिन्न पंजीकृत निर्माता फर्मों द्वारा यथा आवश्यक प्रशिक्षुओं से परस्पर सम्वाद कर रोजगार का अवसर प्रदान किया जायेगा। जनपद जालौन में मात्र 50 युवाओं को यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट है, तथा आयु 18 वर्ष से 28 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। जनपद के इच्छुक ग्रामीण युवाओं से आग्रह है कि इस निःशुल्क राजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु विलम्वतः 22 फरवरी 2025 तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी जालौन स्थान उरई में निर्धारित फार्म जमा करा सकते है। निर्धारित आवेदन फार्म 17 फरवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, जालौन स्थान उरई से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। विस्तुत जानकारी हेतु कार्यालय के सहायक उद्यान निरीक्षक गौरव तिवारी मोबाइल नंबर 7007081972 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

# दो डंपरों की आमने-सामने टक्कर में चालक गंभीर, एक के परखचे उड़े



**मौदहा (हमीरपुर)।** दोपहर बाद हाईवे पर दो आमने.सामने डंपरों की जोरदार टक्कर हो गई जिसे एक डंपर के पचखड़े उड़ गए और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद डंपर में फसे ड्राइवर को निकाल कर नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया कबरई की ओर से गिट्टी लोड कर कानपुर की ओर जा रहे डंपर वही कानपुर की ओर से आ रहे डंपर मकराँव के पास आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई कानपुर की ओर जा रहे डंपर के ड्राइवर बहादुर पुत्र कामता प्रसाद निवासी बकुआ जिला झांसी डंपर में फस गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं ग्रामीणों की मदद से ड्राइवर को गंभीर अवस्था में ट्रक से निकलकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होते देख प्राथमिक उपचार कर डाक्टरो ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## मौदहा के बड़ी देवी में विशाल भंडारा के साथ शतचंडी यज्ञ व भागवत कथा सम्पन्न



**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कस्बा के बड़ी देवी मंदिर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के समापन में विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें कस्बा सहित आसपास के गांवों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया है। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के बड़ी देवी मंदिर में सतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया था। इसके साथ ही रात में रासलीला व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया है। रविवार को श्रीमद्भागवत कथा और यज्ञ का समापन होने पर सोमवार को यहां विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें सुबह कन्या भोज और संतों का भंडारा हुआ इनके बाद नगर सहित आसपास के गांवों से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया है। वहीं बच्चों और महिलाओं ने बड़ी देवी मंदिर के प्रांगण में लगे मेला और झूलों का लुत्फ उठाया है।

# पचास में इक्कीस मदरसों में अपार आईडी बनाने की नहीं हुई शुरुआत

**हमीरपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में छात्रों की अपार आईडी बनाने में जिले के मदरसे सबसे ज्यादा पीछे है, शासन ने हर हाल में पाच फरवरी तक शत प्रतिशत अपारआईडी बनाने के लिये आदेश दिये थे मगर पचास मदरसों में इक्कीस मदरसों ने तो छात्रों की आई डी बनाने की शुरुआत नही की है मदरसो में केवल अभी तक बीस फीसदी काम हुआ है बीएसए ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को कड़ा पत्र लिखा है। शासन के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की अपार आईडी बनाने का काम पांच फरवरी तक समाप्त करना था मगर अभी तक केवल सत्तर फीसदी काम हुआ है जिले के पचास मदरसो में 2664 बच्चों के सापेक्ष मात्र 541 बच्चों की आईडी बनायी गयी है। मदरसा औमिया,मदरसा शमशुल उलूम कंडौर,मदरसा अबूबकर सिद्दीकी,मदरसा दारुल उलूम,मदरसा राज रहमानिया हिमौली,मदरसा दारुल निजाम उलूम,मदरसा मिसबाहुल उलूम बम्हरोली,मदरसा अल फारुक पुलिस चौकी,मदरसा पब्लिक स्कूल कालपी चौराहा,हजरत देवाशरीफ समेत इक्कीस मदरसो मे अपार आईडी का काम ही शुरु नही किया है, जबकि कई बार इनको नोटिस जारी की गयी है। बीएसए आलोक सिंह ने बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को इसके लिये पत्र लिख दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी अजीत निगम का कहना है कि शहर मे सात मदरसे संचालित जिसमे तीन में काम की शुरुआत हो गयी है अन्य मदरसों में काम पूरा करने के लिये सख्त आदेश कर दिये गये है। बीएसए आलोक सिंह ने काम में तेजी लाने के आदेश दिये गये है मदरसा संचालको के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतावनी जारी की है इधर अन्य विद्यालयों में भी अपार आईडी का काम भी धीमा चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयो में धीमा काम होने से बीएसए ने नाराजगी जाहिर की है। बताया जाता है अपार आईडी संबंधित छात्र के लिये हमेशा के लिये आईडी बन जायेगी।

## शराबी ने खलिहान में लगायी आग, भैस की मौत, दो गंभीर

**राठ।** शराबी युवक ने खलिहान में आग लगा दी। जिससे से एक भैंस की मौत हो गई। जबकि दो भैंसे गंभीर रूप से झुलस गई और भूसा जलकर राख हो गया है। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। कोतवाली के धमना गांव निवासी धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि वह गांव के हरी सिंह के खलिहान में तीन भैंस रखें हुए हैं। रविवार की रात करीब ढाई बजे गांव के एक युवक ने शराब के नशे में खलिहान में आग लगा दी। आग लगने से उसकी एक भैंस की मौत हो गई है। जबकि दो भैंसे गंभीर रूप से झुलस गई है। बताया कि वहां रखा पांच ट्राली भूसा भी जल गया है। बताया कि युवक शराब के नशे में अपने पिता से झगड़ा कर रहा था। तभीइ हरी सिंह ने उसे समझाया। जिसके कारण उसने उसकी भैंसों के स्थान पर आग लगा दी है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर मिली है।

# बसपा कैडर की बैठक में बूथ को मजबूत करने का आह्वान

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



घाटमपुर सेक्टर रामसारी के अन्तर्गत गाँव मिर्जापुर सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के गाँव चलो अभियान के तहत कैडर बैठक हुई। बैठक में सेक्टर पोलिंग बूथ कमेटी के पदाधिकारियों के कार्यो की समीक्षा करते हुए पोलिंग बूथ पर सर्व समाज में भाईचारा बना कर पार्टी मजबूत बनाने का आह्वान किया गया कैडर बैठक के मुख्य अतिथि मुख्य मंडल प्रभारी जीतेन्द्र संखवार ने कहा बसपा ही समाज के सभी को राजनीति में भागीदारी देने में सक्षम हैऔर दूसरे राजनीति दल वोट लेने तक लोगों का इस्तेमाल करते हैं कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से सर्व समाज त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि बरोजगारी, महंगाई, और भ्रष्टाचार के कारण जनता परेशान है और अब अब बसपा की नीतियों को याद कर रही विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी सुरेन्द्र संखवार, जिला प्रभारी राजू कुरील, विधानसभा प्रभारी ने कहा कि 2027 में बसपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और बहन मायावती पांचवीं बार उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री बनेगी इसी क्रम में विधानसभा प्रभारी नरेंद्र संखवार, विधानसभा अध्यक्ष संजय कुमार संखवार ज्ञानेंद्र खन्ना, संजय कुमार सेक्टर अध्यक्ष, बाबूराम बौद्ध, प्रदीप, प्रहलाद, अश्विनी गौतम, हीरा निषाद, कमलेश, रिंकी, कमल कुमारी, उजाला, सनी, गोमती, बैठक को सम्बोधित किया आदि कार्यकर्तागण मैजूद रहे।

# डीएम ने नायब तहसीलदार को फटकार लगाने के साथ सीयूजी नंबर के उपयोग की दी हिदायत

**जन सुनवाई में हुई थी शिकायत**

**घाटमपुर।** जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान एक ऐसा मामला संज्ञान में आया जिसमें प्रार्थी राजेश ग्राम टुन्ना, सचेडी निवासी राजेश ने शिकायत किया कि नायब तहसीलदार सदर रिचा सचान अपने कार्यालय में समय से नहीं आती हैं और न ही कार्यालय में बैठती हैं। प्रार्थी की शिकायत है कि वह पिछले छह महीने से उनसे मिल नहीं पा रहा हैं द्य इसपर जिलाधिकारी ने संबंधित नायब तहसीलदार को फोन लगाया तो नायब तहसीलदार ने खुद को मा. इलाहाबाद हाईकोर्ट में बतायाद्य जिलाधिकारी ने उनसे यह भी पूछा कि आपका छ्त्त नंबर क्यों नहीं लगता है जिस पर उन्होंने कहा कि उन्हें सीयूजी नंबर अभी तक नहीं मिला है, जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें समय से कार्यालय में बैठने के साथ-साथ छ्त्त नंबर के नियमित इस्तेमाल करने व प्रार्थी से मिलकर उसकी समस्या का समय से समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए यह भी कहा कि अधिकारी व कर्मचारी मेरे द्वारा किए गए निरीक्षण का इंतजार ना करें बल्कि इसके पहले ही अपने कार्यालय में समय से उपस्थित होकर जनता की समस्याओं का समाधान करें, जिससे शासन की नीतियों को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक समय से पहुंचाया जा सके।

# अग्नि शमन टीम ने महिला/पुरुष जिला अस्पताल में दिया प्रशिक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार स्कीम नंबर 3 के अंतर्गत जनपद में संचालित जिला पुरुष अस्पताल एवं जिला महिला अस्पताल में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत वहाँ मौजूद स्टाफ को भवन में लगे अग्निशमन उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही अक्रियाशील उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु एवं आपातकालीन द्वार को क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश के आदेशा पर स्कीम नंबर 3 के अंतर्गत जनपद में संचालित जिला पुरुष अस्पताल एवं जिला महिला अस्पताल में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी द्वारा अपनी टीम के साथ पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अग्नि शमन अधिकारी देवेश तिवारी ने पुरुष जिला अस्पताल व महिला जिला अस्पताल में लगे समस्त अग्निशमन यन्त्रों को बारीकी से चेक किया गया। इस दौरान उन्होने खराब पड़े अग्निशमन यन्त्रों को हटवाकर वहां नये यन्त्र लगवाये। इस दौरान देवेश तिवारी ने जिला अस्पताल व महिला जिला अस्पताल में मौजूद समस्त कर्मचारियों को आपात कालीन स्थिति में आग पर कैसे काबू पाया जा सके। इसके बारे में डेमो करके बताया गया। साथ ही समस्त कर्मचारियों को अग्नि शरमन यन्त्रों का किस प्रकार प्रयोग करना है, आग लगने पर क्या क्या करना है, इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस दौरान जिला अस्पताल व महिला जिला अस्पताल के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अज्ञात चोरों ने दुकान का तालातोड़ ले गये नकदी व सामान

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



अज्ञात चोरों ने कुलपहाड़ क्षेत्र के लाड़पुर नहर के पास स्थित किराना दुकान के ताले तोड़कर नगदी व किराना का सामान चुरा कर ले गये। पीड़ित दुकानदार ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी, पीडित दुकानदार का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस ने अभी तक न तो पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज की गई है और न ही घटना स्थल का मौका मुआयना किया। जिससे पीड़ित परेशान होकर भटकने को मजबूर है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमालपुरा निवासी भरत कुमार राजपूत पुत्र चंद्रभान लाड़पुर नहर के पास किराना की दुकान कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। कोतवाली पुलिस को सौपे प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने बताया है कि वह प्रतिदिन की तरह 13 फरवरी 2025 की रात्रि करीब 8 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। 14 फरवरी की सुबह नहर से फोन द्वारा सूचना मिली कि तुम्हारे दुकान का शटर का ताला टूटा पड़ा है, यह सुन पीडित ने दुकान जाकर देखा, तो पर वह हक्का-बक्का रह गया। दुकान से अज्ञात चोर सिगरेट, गुटका किराने का सामान एवं नगदी सहित हजारो रुपए का माल ले गये। पीड़ित का कहना है कि इस चोरी की घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई, लेकिन पुलिस ने अभी तक न तो अज्ञात चोरों के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज की है और न ही घटनास्थल का मुआयना किया है। जबकि इस चोरी की घटना से दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है। लोगों का कहना है कि लाड़पुर नहर पुलिया के पास रात्रि के समय शराबियों और नशेड़ियों का जमघट लगा रहता है, जो देर रात्रि तक चलता रहता है। बीते दिनों भी लाड़पुर ग्राम में दिन- दहाड़े चोरों ने दो लोगों के घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था, जब घर के लोग किसी आयोजन में बाहर गये हुए थे।

# विवाह से पांच दिन पहले युवक ने फंदा लगाकर दी जान



**महोबा।** जनपद महोबा के महोबकंठ थाना के टुड़र गांव में रविवार की रात युवक ने शादी से पांच दिन पहले फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के टुड़र गांव निवासी लीलाधर नामदेव का 24 वर्षीय बेटा विमलेंद्र नामदेव सिलाई का कार्य करता था। उसकी शादी जनपद हमीरपुर के भरुवासुमेरपुर में ममता से तय हुई थी। 22 फरवरी को बरात जाना थी। विमलेन्द्र ने गांव के बाहर महुआ के पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक के पिता ने बताया कि 22 फरवरी को बेटे की शादी थी। शादी के कार्ड भी बांटे जा चुके थे लेकिन उसने ऐसा कदम क्यों उठाया यह किसी की समझ नहीं आ रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए महोबा भेज दिया है। उधर प्रभारी थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह का कहना है घटना की जांच कराई जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस टीम ने दबोचा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




महिला के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट कर लज्जाभंग करने व हवाई फायरिंग करने वाले आरोपी को थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त वाहन, अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में गैंगेस्टर एक्ट, लूट, डकैती सहित विभिन्न अभियोग दर्ज है। पुलिस टीम ने आरोपी के खिलाफ विविध कार्यवाही करते हुये जेल भेजा है।

बीती शनिवार को थाना श्रीनगर क्षेत्र निवासी एक महिला ने लिखित तहरीर के माध्यम से अवगत कराया कि उसी के मोहल्ले के एक व्यक्ति को लापरवाही पूर्ण तरीके से वाहन चलाने पर टोंकने पर उस व्यक्ति ने घर में घुसकर मारपीट की तथा मना करने पर लज्जाभंग करने की कोशिश कर अपमानित किया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायरिंग भी की। जिस पर थाना श्रीनगर में धारा 115(2)/352/351(1)/333/74/125 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया और घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी किये जाने हेतु थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित की गयी अपराध निरीक्षक श्रीमती रजनी मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वांछित आरोपी इन्द्रजीत राजपूत पुत्र गुलाब सिंह राजपूत 32 वर्ष को बिना नम्बर प्लेट की घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ थाना क्षेत्र के सूरा चौराहे ग्राम तिन्दौली के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी व उसके कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर बरामद बिना नम्बर प्लेट की स्विफ्ट कार को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है तथा बरामद अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस पर आरोपी के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेशी के बाद जेल भेजा जा रहा है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना गरीब बेटियों के लिए वरदानः दिनेश रावत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार सभी वर्ग के लोगों की चिंता कर उनके जीवन को संवारने का काम कर रही है। हर माता-पिता का सपना होता है कि उनकी बेटी का विवाह बिना किसी परेशानी के हो माता-पिता को पैसे के अभाव में बेटी का विवाह संपन्न कराने में अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना वरदान साबित हो रही है।



उक्त विचार विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत बीजापुर के खेल मैदान में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक दिनेश रावत में व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने सभी 101 नव दंपती को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री के निर्देशों में गरीब परिवार की बेटियों के विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। गरीब कल्याण की योजना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। गरीब सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण योजना के साथ इस तरह के कार्यक्रम पूरे देश में सम्पन्न हो रहे हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस सामूहिक विवाह योजना में विकासखंड हैदरगढ़ से 26 विकासखंड त्रिवेदीगंज से 24 और विकासखंड सिद्धौर से 51 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, प्रियंका सिंह, विनय मिश्रा, एडीओ पंचायत दिवाकर यादव, नागेंद्र यादव, धर्मेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी पवन कुमार, बिंदराजा यादव, चंद्रेश कुमार, रेखा चौधरी, बृजेश कुमार, गीता वर्मा इसके अलावा मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह, मोनू, मोहित मिश्रा, मंडल महामंत्री रंजीत सिंह, महंत ग्राम प्रधान गौतम पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता महादेव पाठक, आशुतोष दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## मानसिक विक्षिप्त युवक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**बाराबंकी।** बहराइच से रास्ता भटक कर आए 19 वर्षीय गुमशुदा मानसिक विक्षिप्त युवक को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया है। मानसिक रूप से विक्षिप्त संतोष पुत्र बीरबल उम्र लगभग 19 वर्ष निवासी रिसिया बाजार सिसई थाना रिसिया जनपद बहराइच, जो रास्ता भटक कर जनपद बाराबंकी के थाना सफदरगंज क्षेत्रान्तर्गत आ गया था। थाना सफदरगंज पुलिस द्वारा सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से अथक प्रयास कर उक्त मानसिक विक्षिप्त युवक के परिजनों का पता लगाया गया एवं आज दिनांक 17.02.2025 को उक्त गुमशुदा को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया। परिजनों द्वारा थाना सफदरगंज पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

# ट्रेन और बसों में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का रखा जाए ध्यानः डीएम

▸ डीएम और एसपी ने रेलवे स्टेशन और बस अड्डे का किया निरीक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ रेलवे स्टेशन, नये और पुराने बस अड्डे का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अयोध्या और महादेवा जाने वाले यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। बस अड्डे सहित रेलवे स्टेशन परिसर की नियमित साफ-सफाई कराई जाए। यात्रियों/श्रद्धालुओं के लिये पेयजल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि महादेवा जाने वाले काँवरियों की सुविधाओं के लिये रूट डाइवर्जन के अनुसार ही बसों का संचालन किया जाए। जरूरी स्थानों पर बैरिकेडिंग आदि लगाई जाए। पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि महादेवा जाने वाले श्रद्धालुओं/कांवरियों के लिये बुढ़वल चीनीमिल और बाराबंकी चौपुला के पास रूट डाइवर्जन, बैरिकेडिंग सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इस मौके पर स्टेशन मास्टर, जीआरपी अधिकारी रेलवे स्टेशन पर और परिवहन विभाग के अधिकारी बस अड्डे पर निरीक्षण के समय उपस्थित रहे।

# जनता ने दिया मौका तो क्षेत्र में बहेगी विकास की लहरः दीपू तिवारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

जिला पंचायत सीट हैदरगढ़ प्रथम के लिए हो रहें उपचुनाव में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशी श्वेता तिवारी के पक्ष में नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं समाजसेवी दीपू तिवारी द्वारा जमकर जनसंपर्क किया गया और मतदाताओं से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए उगता हुआ सूरज चुनाव चिन्ह पर मतदान करने की अपील की गई।



आगामी 19 फरवरी को मतदान के चलते सभी प्रत्याशी दिन रात एक कर चुनाव प्रचार में अपनी- अपनी पूरी ताकत झोकते हुए गांव- गांव मतदाताओं के बीच जाकर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं और जनता से चुनावजिताने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रत्याशी श्वेता तिवारी के समर्थन में आज नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी व समाजसेवी दीपू तिवारी अपने-अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र के गोतौना, बाबुवापुर, बाबा का पूरवा, बहुता, जासेपुर, शायपुर, बड़नापुर, अंसारी केल्हनुआ, बेलवा, सुजारा, मोतिकपुर सहित अन्य गांव में जनसंपर्क कर श्रीमती श्वेता तिवारी के पक्ष में मतदान कर चुनाव जिताने की अपील की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि यदि क्षेत्र की देवतुल्य जनता ने भरोसा जताते हुए श्रीमती श्वेता तिवारी को चुनाव जिताकर काम करने का मौका दिया तो यहाँ के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी और इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराया जाएगा और पूरी प्राथमिकता के साथ क्षेत्र में विकास कार्य कराये जायेंगे इस बात का हम आप सभी को अपनी तरफ से भरोसा दिलाते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री तिवारी ने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता की सेवा व समस्या के समाधान के लिए सदैव वो खड़े रहते है और 24 घंटे उनके घर के दरवाजे भी खुले रहते हैं। समाजसेवी दीपू तिवारी ने जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी श्वेता तिवारी के समर्थन में गांवों में जनसंपर्क कर सभी से चुनाव जिताने की अपील करते हुए कहा कि यदि आप सभी ने अपना आशीर्वाद प्रदान कर चुनाव जिताकर कार्य करने का मौका दिया तो इस क्षेत्र के विकास के लिए उनके द्वारा रात दिन एक कर दिया जाएगा इस क्षेत्र का चौमुखी विकास कराना ही हमारा संकल्प है। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी बैजनाथ मौर्य, महेंद्र मिश्रा, त्रिभुवन यादव, अतुल शुक्ला, मुन्ना त्रिवेदी, अंकित मिश्रा, सोनू यज्ञसैनी, नीलू मिश्रा, मुस्तफा, प्रदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, अनुज श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के तमाम मौजूद रहें।

# प्रावि. में मां शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव व शिक्षा पर जोर

**फतेहपुर, बाराबंकी**

विख क्षेत्र अन्तर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर में मां शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मां शारदा की पूजा व अर्चना से की गई अधयापक शिवकुमार नोडल, शालिनी यादव प्रधानाध्यापिका पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख अनिल रावत, ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद ने मां शारदा को धूप दीप व पुष्प अर्पित किए जिसके बाद छात्राओं ने गणेश वंदना व सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति की कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वागत गीत, सामाजिक जागरूकता पर आधारित प्रेरणादायी नाटक और



मन मोहक नृत्य की भी प्रस्तुतियां की गई ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद ने आए हुए सभी अतिथिगणों और अभिभावकों का स्वागत व सम्मान किया सम्बोधन में विचार व्यक्त करते हुए कहा की शिक्षा वह चाबी है जो हर एक द्वार को खोल देती है इसलिए हमारी सभी अभिभावकों से अपील है की अपने बच्चों को हमेशा नियमित स्कूल में पढ़ने जरुर भेजे इसमें किसी प्रकार का समझौता न करें नोडल अध्यापक शिव कुमार ने अपने सम्बोधन में शिक्षा के महत्व पर बहुत ही सुन्दर प्रकाश डाला कार्यक्रम में प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहम्मद इसराईल और प्रधानाध्यापिका शालिनी यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया कार्यक्रम बड़े ही धूमोंधाम से संपन्न हुआ इस सुअवसर पर शिक्षक शिवम वर्मा, नैनवां काजमी, वर्षिका जयसवाल, आलिया हसन, नानकदेव, फूलमती देबी, मंजू गौतम, सत्यम वर्मा सहित एसएमसी के सदस्य अभिभावकगण और सैकड़ों की संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे।

## बाल अपचारी को पुलिस ने अभिरक्षा में, 39 पर शांति भंग का केस

**बाराबंकी।** संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में बाराबंकी पुलिस द्वारा दिनांक 16 फरवरी को 1 बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया तथा 39 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। वहीं थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा एक बाल अपचारी को सरंक्षण में लिया गया। थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा 17 फरवरी को मुअसं- 46/2025 धारा 3(5)/109(1)/352/351(3)/324(4) बीएनएस में वांछित बाल अपचारी को सरंक्षण में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई।

## खबरें एक नजर में

### आठ वर्ष पूर्व बरामद अवैध शराब पुलिस ने किया नष्ट

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन एवं पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में सोमवार को 8 वर्ष पूर्व बरामद की गई अवैध देसी शराब को राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में नष्ट कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि 8 वर्ष पूर्व सन 2017 में सुबेहा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के कोलवा गांव में अपराधी राम बरन रावत के घर पर 30 ड्रम अवैध देशी शराब एल्कोहल मिथाइल बरामद किया गया था। उस दौरान पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने थाने की पुलिस की जमकर पीठ थपथपाई थी। शातिर अपराधी के पास से बरामद 6600 लीटर अवैध देशी शराब को उसके बाद माल खाने में सुरक्षित रखवा दिया गया था। इस मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय नंबर 24 हैदरगढ़ बाराबंकी द्वारा 14 फरवरी 2025 को दिए गए आदेश के अनुपालन एवं 15 फरवरी को पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में अल्कोहल को नष्ट करने के लिए गठित टीम में शामिल पुलिस उपाधीक्षक समीर सिंह, नायब तहसीलदार हैदरगढ़ रामजी द्विवेदी, प्रभारी आबकारी निरीक्षक हैदरगढ़ राजेश तिवारी, प्रभारी निरीक्षक सुबेहा कृष्णकांत सिंह, उपनिरीक्षक संतोष सिंह, फौजदारी लिपिक न्यायालय संख्या 24 अमित यादव, हेड मोहर्रिर मलखाना प्रेमचंद सरोज की मौजूदगी में देसी शराब को नष्ट किया गया। थाने के पीछे स्थित भूमि पर जेसीबी मशीन से बड़ा गड्ढा खोदकर सभी ड्रामो में मौजूद अल्कोहल, मिथाइल को गड्ढे में पलटकर पटाई करा दिया गया। इस दौरान अल्कोहल नष्ट करने की प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी कराई गई।

### विधान परिषद सदस्य ने दिव्यांगजनों को प्रदान किए सहायक उपकरण

**बाराबंकी।** राजकीय ममता विद्यालय परिसर मरकामऊ बरदरी, सिरौली गौसपुर में माननीय विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह द्वारा 75 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इन उपकरणों में कुल 60 ट्राई साइकिल, 10 व्हील चेयर और 5 जोड़ी बैसाखी शामिल रहे। कार्यक्रम के समय अमरेंद्र



कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, अधीर कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सिरौली गौसपुर, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अभिषेक चौधरी, सहायक विकास अधिकारी कृषि, डॉ दलबीर सिंह एवं कार्यालय के कर्मचारी वरिष्ठ सहायक सियाराम, वरिष्ठ सहायक श्रीकांत, सौरभ कुमार एवं पंकज कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न हो यूपी बोर्ड परीक्षाः डीएम

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी ने पुलिस अधिक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक / बोर्ड परीक्षा प्रभारी इंद्रसेन के साथ कंट्रोल रुम परिषदीय परीक्षा-2025 कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा यूपी बोर्ड की परिषदीय परीक्षा-2025 हेतु जनपद में बनाये गये 106 केन्द्रों के स्ट्रांग रूम का सिस्टम पर निरीक्षण किया तथा परिषदीय परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी को निर्देश प्रदान किये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संवेदनशील 18 केन्द्रों विशेष नजर रखी जाए इन स्थानों पर एलईडी से पृथक भी निरीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी केन्द्रों के स्ट्रांग रुम के निरीक्षण हेतु रात्रिकालीन व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। सभी परीक्षा केन्द्रों को निश्चित संख्या अलग-अलग सिस्टम में निरीक्षण करने की व्यवस्था की जाए। परीक्षा केन्द्रों पर छात्राओं की तलाशी हेतु पुलिस अधीक्षक ने निर्देश प्रदान किये कि पृथक एवं अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### गणेशजी मंदिर में 127वां सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

**जालौन (उरई)।** नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के तत्वावधान में गणेशजी मंदिर पर 127वां सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ संपन्न हुआ। नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के तत्वावधान मे मोहल्ला गणेशजी स्थित गणेशजी मंदिर पर 127वां



सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें हनुमानजी का पूजन, अर्चन व दीप प्रज्ज्वलन पुजारी महेश पाराशर द्वारा किया गया। जिसके बाद सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ शुरू हुआ। अंत में हनुमानजी व प्रभू श्रीराम की स्तुति, आरती, पुष्पांजलि व प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर नमो नमो सनातन हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा, वाचस्पति मिश्रा, त्रिलोकीनाथ गुप्ता, पप्पू पाटकार, रामकिशोर सोनी आदि मौजूद रहे।

### पत्नी की पिटाई करने पर पति के विरुद्ध कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** पत्नी के साथ गाली, गलौज व मारपीट की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार निवासी संगीता देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति कृष्ण कुमार आए दिन उसे परेशान करते रहते हैं। किसी न किसी बात को लेकर घर में विवाद करते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि सोमवार की सुबह वह घर में खाना बना रही थी तभी पति वहां आए और उसके साथ गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सपा नेता ने कई गांवों में किया जनसम्पर्क

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख यासिर आरफात किदवाई ने सोमवार को रामनगर विधानसभा के कई गांवो मे सम्पर्क कर समाजवादी पार्टी की नीतियों एव सिद्धांतों का बखान करते हुए प्रदेश की किसान एव नवजवान विरोधी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए समाजवादी पार्टी को मजबूत करने की अपील की। कस्बा रामपुर मे आयोजित जनसम्पर्क कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओ से रूबरू होते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख यासिर अराफात किदवाई ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है और देश की जीडीपी लगातार गिर रही है जिससे आम जनता महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से परेशान है लेकिन सत्ता के नशे मे चूर भाजपा सरकार को आम जनता की परेशानियों की कोई चिंता नहीं है उन्होंने कहा सरकार चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। मध्यम वर्ग, गरीब परेशान है। दाल, तेल, मसाले, सब्जियों से लेकर खाने पीने तक की हर



चीज महंगी होने से लोगों की जेब पर गहरा असर पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं। लोगों के पास काम नहीं है। उनकी आय भी कम हो गई है जबकि खर्च बढ़ गया है। पूर्व प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार देश में नफरत फैला रही है। सौहार्द को खत्म कर रही है। देश को साम्प्रदायिक आग में झोंक रही है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर सरकार जनता को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रही है। नोटबंदी, जीएसटी से व्यापार चौपट हो गया है, जिसके कारण देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई है। इससे पूर्व कस्बा बदोसराय, किंतुर मे जनसम्पर्क कर सपा को मजबूत करने की अपील की। जनसम्पर्क के दौरान विनोद यादव, सलमान, दरगही, धरमू, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश गौतम, मुख्तार, मासूम अली, बी डी खान, निजाम भाई, इसरार अहमद, पाचू यादव आदि लोग मौजूद थे।

## दबंग ने किसान पर किया जानलेवा हमला

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** खेत की सिंचाई के लिए लगे पाइप को हटाने की बात को लेकर दबंग परिवार ने एक किसान पर लाठी डंडा एवं धारदार हथियार से हमला बोलकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने उसी दिन तहरीर देकर कोतवाली पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई परंतु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की जिससे आहत पीड़ित किसान ने पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई कराए जाने की गुहार लगाई है। कोतवाली हैदरगढ़ के लखपेड़ा मजरे रौनी गांव निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र भगवान दीन ने बताया कि वह गत 15 फरवरी की शाम पाइप बिछाकर ट्यूबवेल से अपने खेत की सिंचाई कर रहा था कि तभी गाँव निवासी मैकूलाल अपनी मां सुनीता, पुत्री खुशबू व पुत्र चंदन के साथ लाठी , डंडा व फावड़ा से लैस होकर खेतों पर पहुंचे और सिंचाई के लिए लगी पाइप हटाने को कहा जिस पर पीड़ित ने खेत सींच जाने पर पाइप हटाने की बात कहीं। इतना सुनते ही विपक्षियों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडे व फावड़े से हमला कर दिया और फावड़ा से सर पर वार करके बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। किसी तरह से भागे पीड़ित ने 112 पुलिस को सूचना दी, यहीं नहीं उसी दिन कोतवाली पहुँचकर लिखित प्रार्थना पत्र हस्तगत कराया और लहूलुहान अवस्था में एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में पहुंचकर प्राथमिक उपचार कराया। राजेंद्र ने बताया उपचार के दौरान डॉक्टर द्वारा गंभीर चोटों के चलते उसे एम आर आई के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि अभी तक कोतवाली पुलिस द्वारा इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है और ना ही विपक्षियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही ही की गई जिससे उसकी जान को खतरा बना हुआ हैं।

# सर्प दंश से बचाव के लिए कार्यक्रम आयोजित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर में सर्पदंश से बचाव का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में राज्य स्तरीय टीम ने आशा बहुओं और सीएचओ को विशेष प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में डॉ. कैलाश यादव और डॉ. आशीष सोनकर ने सर्पदंश से बचाव के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने सर्पदंश के बाद की जाने वाली आवश्यक कार्रवाई और प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों का मूल्यांकन भी किया गया, जिससे उनकी तैयारियों का आकलन किया जा सके। कार्यक्रम में बीपीएम संजीव कुमार और शैलेश कुमार रावत सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



# सरिता भदौरिया ने दिव्यांगजन को ट्राईसाइकिल, वैशाखी, कान की मशीन, व्हील चेयर का किया वितरण

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आज दिनांक 17.02.2025 को आयोजित कृत्रिम उपकरण वितरण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायका इटावा सदर सरिता भदौरिया द्वारा दिव्यांगजन को ट्राईसाइ्रकिल-75, वैशाखी- 21, कान की मशीन- 20. व्हील चेयर-17, स्मार्ट केन-3, वॉकर-1, छड़ी 11 का वितरण किया गया। विधायका ने अपने सम्बोधन में अवगत कराया कि दिव्यांगजन किसी सहारे के मौहताज नहीं हैं। अस्टावक्र जी जो आठ जगह से शारीरिक विकृति रखते थे ने शास्त्रार्थ में अपनी बुधिमत्ता का उदाहरण दिया। इस लिए दिव्यांगजन से अपील की कि आप लोग देश की धरोहर हैं। देश के उत्थान में दिव्यांगजन की भी भागीदारी होगी ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। आज के शिविर में जो उपकरण दिव्यांगजन को निःशुल्क दिये जा रहे हैं निश्चित रूप से उनकी जीवन शैली के लिए न केवल उपयोगी होंगे अपितु उनका भविष्य भी उज्ज्वल करने में सहायक होंगे। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा इस वर्ष निर्णय लिया गया है कि विद्यालय जाने वाले छात्र छात्राओं को जिन्हें पहले 3 वर्ष में उपकरण दिये जाने के प्राविधान को समाप्त कर अब प्रतिवर्ष दिये जाने की व्यवस्था कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं के लिए रु. 15000/- तक के मोबाइल फोन/टेबलेट उनके पठन-पाठन के उपयोगार्थ निःशुल्क प्रदान किये जाने की व्यवस्था भी इस वर्ष से लागू की गयी है। उक्त शिविर में विधायका के अतिरिक्त प्रदीप तिवारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, इटावा व श्री अजय कुमार जिला कार्यक्रम अधिकारी, इटावा श्री मती अर्चना सिन्हा जिला समन्वयक, समेकित शिक्षा इटावा के अतिरिक्त अन्य समाज के प्रतिस्ठित व्यक्ति एवं जिला विकलांग एशोसियेशन के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार, श्री संतोष कुमार त्रिवेदी, श्री राजेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई चार साल की कठोर सजा, 11 हजार जुर्माना

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को 4 वर्ष का कठोर कारावास व 11 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों से पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन कनविक्शन कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। थाना सफदरगंज में पॉक्सो एक्ट के सम्बन्ध में पंजीकृत मुअसं. 255/2019 धारा 504/506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश चौहान पुत्र स्वामीदीन निवासी भनवापुर मजरे अम्बौर थाना सफदरगंज को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट नं.-44 बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 4 वर्ष का कठोर कारावास व 11 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। तथा धारा 354क/323 में दोषमुक्त किया गया।

## ट्रैवल्स बस खड़ी कर लघुशंका के लिये उतरे चालक को कार ने रौंदा

**उरई (जालौन)।** एट थाना क्षेत्र में हाईवे में ढाबा के पास ट्रैवल्स बस खड़ी कर चालक लघुशंका के लिए उतरा तो पीछे तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें चालक की मौत हो गई। लखनऊ से इंदौर चलने वाले अनस ट्रैवल्स की बस को चालक 50 वर्षीय बबलू शेख निवासी भवरासा जिला देवास मप्र चला रहा था। रात करीब दो बजे के लगभग जैसे ही बस झांसी-कानपुर हाईवे पर पिरौना के पास पहुंची, तो चालक बबलू को लघुशंका हुई तो उसने बस को एक ढाबा के किनारे रोका। इसके बाद वह उतरकर जा रहा था। तभी पीछे से आ रही कार उसे टक्कर मारते हुए निकल गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे बस के दूसरे चालक नसरुद्दीन ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी।

## मिनी हीरो कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

# आर्मी एलेवन ने जीता फाइनल मुकाबला

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत कार्यालय के बगल स्थित मैदान पर चल रहे तीन दिवसीय मिनी हीरो कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच के साथ समापन हो गया। समापन के बाद हीरो मोटरसाइकिल एजेन्सी के प्रोपराइटर व वरिष्ठ व्यापारी नेता समाजसेवी मोहम्मद सालिम, दादरा प्रधान मोबिन सिकंदर व जाफर कुरैशी द्वारा दोनो टीमो को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद सालिम नेता ने खिलाड़ियो और क्रिकेट प्रेमियो को संबोधित करते हुए कहाकि खेलो से आपसी सद्भावना, सेहत और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। श्री सालिम ने कहाकि इस भाग दौड़ भरी जिंदगी मे कुछ समय निकालकर अपनी सेहत पर भी ध्यान देना चाहिए। खेल से शरीर फिट रहता है।इससे



टीमवर्क और लीडरशिप की भावना बढ़ती है।खेल के माध्यम से नीरस जीवन मे ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहाकि कि वर्तमान मे स्पोर्ट्स मे बेहतर जाब के अवसर भी मिल रहे है।उन्होने आगे कहाकि खेल को खेल भावना से ही खेलना चाहिए खेल में एक टीम जीतती और एक टीम हारती है। खिलाड़ियो को हार जीत से सबक लेकर गलतियो में सुधार कर आगे बढ़ना चाहिए। मोहम्मद सालिम ने आयोजक मंडल को शानदार टूर्नामेंट के आयोजन के लिए बधाई देते हुए उनकी हौसला अफजाई की। मिनी हीरो कप टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच आर्मी एलेवन और लकी एलेवन के बीच खेला गया।आर्मी एलेवन ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी लकी एलेवन ने निर्धारित 8 ओवर मे 98 रन बनाये। जवाब मे बल्लेबाजी करने उतरी आर्मी एलेवन ने आखिरी ओवर तक पहुंचे रोमांचक मुकाबले को 99 रन बनाकर जीत लिया।आज के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बल्लेबाजी के लिए उमर को दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक नेता, चांद खान, सभासद मो कासिम, उमेर अंसारी, मास्टर मोहम्मद अहमद, इमामुद्दीन,अकरम खान, इमदाद मामा, मास्टर आसिम, दिनेश सोनी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# महाकुंभ में नहीं व्यवस्था, आयोजन में फेल हुई सरकार : अखिलेश

- मुख्यमंत्री सोशल मीडिया पर गुजार रहे अपना समय
- पूर्व चेयरमैन सहित सपा नेता के भाई को दी श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज कन्नौज।**

भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जनता हर तरीके से परेशान है। भाजपा शासन एक ओर महाकुंभ के आयोजन को लेकर पीठ थपथपा रही है तो दूसरी ओर महाकुंभ के आयोजन की तैयारियां अपूर्ण दिखीं। जिसके कारण भगदड़ और अव्यवस्थाओं का दौर जारी है। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।

सोमवार की सुबह लगभग 11.30 बजे कन्नौज सांसद व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नगर के तिर्वा रोड स्थित पूर्व नगर अध्यक्ष स्वर्गीय सतीश गुप्ता के आवास पहुंच कर उनके बड़े भाई स्वर्गीय जगदीश गुप्ता को श्रद्धांजलि दी और शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके बाद उन्होंने प्रेस वार्ता में भाजपा शासन काल में हो रहे भ्रष्टाचार और तानाशाही को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार हर मामले में अपनी मनमानी कर रही है। जनता के विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। उनके द्वारा कन्नौज में कई विकास कार्य कराए गए। जिन्हें भाजपा सरकार के द्वारा बंद कर दिया गया।

उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार राजनीतिक द्वेषवश उनके कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगवा रही है और गलत जांच करवा रही है। इनकम टैक्स की जांच के नाम पर उनके कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर गुरसहायगंज में विशिष्ट मंडी समिति बनाने का कार्य किया जाएगा।

इस मौके पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, अनिल आर्य, अरशद जमाल सिद्दीकी, छोटे ठाकुर, अरुण कुमार शर्मा, उत्कर्ष गुप्ता, नकीम खां, रणधीर ठाकुर, मनी गुप्ता, मुकीम खान, रामसेवक बाथम आदि मौजूद रहे।



पूर्व नगर अध्यक्ष के आवास पर स्व. जगदीश गुप्ता को श्रंद्राजलि देते पूर्व सीएम।



समधन में पूर्व चेयरमैन को श्रद्धांजलि देते सपा मुखिया अखिलेश यादव।

## नकीम खान से भी मिले अखिलेश यादव

**समधन्।** सपा सुप्रीमो व जनपद कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव ने समधन से जाते समय नगर के सपा नेता पूर्व अध्यक्ष नकीम खान से भी अपने वाहन पर बैठे- बैठे मुलाकात कर गए। बीते दिनों पहले समधन नगर के पूर्व चेयरमैन हाजी हसन सिद्दीकी का अचानक इंतकाल हो गया था, घटना की खबर पाकर सोमवार को मृतक के घर पहुंचकर परिवारजनों से मिलकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ढांढस बंधाया। बाद में वापस जाते समय नगर के दारासराय स्थित मेन सड़क पर पूर्व चेयरमैन नकीम खान से भी मुलाकात करते हुए रवाना हो गए।



पूर्व चेयरमैन नकीम खान से मुलाकात करते अखिलेश

## पुलिया का निर्माण कराने की मांग

**गुरसहायगंज।** नगर के मुख्य चौराहा पर सपा नेता गगन मनीष गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ कन्नौज सांसद अखिलेश यादव का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सपा नेता सहित स्थानीय लोगों ने जलेसर स्थित शमशान घाट की क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कराए जाने की मांग की। जिस पर सांसद ने जल्द ही पुलिया का निर्माण कराये जाने का भरोसा दिलाया।

# कलेक्ट्रेट से आज मतदान दलों की होगी रवानगी



प्रशिक्षण में अधिकारियों को जानकरी देते एडीएम

- त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन- 2025 के अन्तर्गत एडीएम ने दिया प्रशिक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पीठासीन/ मतदान अधिकारी प्राप्त सामग्री में निर्वाचक नामावली, मतपत्र, सुभेदक सील, पेपर सील, एरोक्रास सील, आदि सामग्री को ध्यानपूर्वक प्राप्त करें। मतपेटिका प्राप्ति के दौरान सही से अवलोकन करने के उपरान्त ही प्राप्त करे तथा शांति एंव निष्पक्ष होकर पूर्ण पारदर्शिता के साथ मतदान संपन्न कराएं। यह बात उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन- 2025 के अन्तर्गत पीठासीन/ मतदान अधिकारियों के आयोजित प्रशिक्षण के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि मतदान दलों की रवानगी आज कलेक्ट्रेट परिसर से की जायेगी। मतदान के उपरान्त मतदान दल संबंधित विकास खण्ड कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन सामग्री एंव मतपेटिका को रिर्टनिंग आफीसर के निर्देशानुसार जमा करेगें। तत्पश्चात् उपलब्ध कराये गये वाहन से कलेक्ट्रेट के लिये प्रस्थान करेगें।

कहा कि आयोग द्वारा प्रधान पद हेतु हरे रंग का मतपत्र निर्धारित है। तथा मतपत्रों पर निर्वाचकों के नाम अंकित नही है। उन्होंने आयोजित प्रशिक्षण में बताया कि मतदान अधिकारी प्रथम, मतदाता सूची से मतदाता का नाम व क्रमांक जोर से बोलेगा तथा मतदाता की पहचान स्थापित होने पर मतदाता के पुरूष होने की स्थिति में नाम के नीचे रेखा खीचेगा। मतदाता के महिला होने की स्थिति में नाम के नीचे रेखा खीचने के साथ नाम के प्रारम्भ में सही का निशान भी लगायेगा। तदुपरान्त वह अमिट स्याही तर्जनी पर लगाकर मतदाता को मतदान अधिकारी द्वितीय के पास भेजगा। मतदान अधिकारी द्वितीय मतदाता से प्रतिपर्ण पर हस्ताक्षर कराने के उपरान्त मतपत्र जारी करेगा। मतदाता द्वारा प्रतिपर्ण पर हस्ताक्षर करने या अंगूठा निशान लगा दिये जाने के बाद मतदान अधिकारी द्वितीय मतदाता सूची में अंकित मतदाता का क्रमांक मतपत्र के प्रतिपर्ण पर दर्ज करेगा और मतदाता को मतपत्र मोड कर हस्तगत करेगा।

कहा कि मतदान अधिकारी तृतीय मतपेटी पर निगाह रखेगा तथा यह सुनिश्चित करेगा की प्रत्येक मतदाता अपना मत मतपेटी में डाल कर ही जाये तथा मतदान अधिकारी व मतदान अभिकर्ता तथा अन्य कोई व्यक्ति मतदाता द्वारा मतदान करते समय मतदान प्रकोष्ठ में प्रवेश न करें। मतदान समाप्ति होने से पूर्व पीठासीन अधिकारी यह घोषणा करेगें कि मतदान समाप्त होने जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पिता के साथ गए पुत्र की दुर्घटना में मौत



मृतक योगेन्द्र सिंह तोमर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सड़क पार कर रहे युवक को तेजी व लापरवाही से चले आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद मृतक के पिता शव को लेकर घर पहुंचे। जहां शव को देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी बृजराज सिंह तोमर बीते शनिवार को अपने पुत्र योगेंद्र सिंह तोमर (37) के साथ शनिवार को ट्रक लेकर बिहार को गया था। जहां एक ढाबे के बाहर दोनों पिता पुत्र ने ट्रक को साइड में खड़ा करके खाना खाने लगे। इसके बाद योगेंद्र सिंह तोमर सड़क पार करके दूसरी ओर जाने लगा। तभी अज्ञात वाहन ने योगेंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे योगेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद बिहार पुलिस के द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव उसके पिता को सौंप दिया गया। जिसको लेकर सोमवार को घर पहुंचे पिता व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। जिसे देख परिजनों में चीख पुकार मच गई।

### जेठ ने महिला को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिवार के युवक ने महिला के साथ बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बरगावां निवासिनी रूबी देवी पत्नी संदीप बाथम ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि सोमवार की सुबह करीब 05 उसके परिवार के ही जेठ ने बेवजह उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जाच शुरू कर दी है।

### कच्ची शराब लेकर जा रहे युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराधों पर अंकुश लगाने व अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की और एक युवक को अवैध शराब की बिक्री करने ले जाते समय दबोच लिया। जिसके बाद पकड़े गए युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गश्त करते समय कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक रावेंद्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर हमराह सिपाहियों के साथ ग्राम बनियानी जाने वाले रास्ते पर छापेमारी की और एक युवक को प्लास्टिक की पिपिया में 05 लीटर कच्ची शराब सहित दबोच लिया। पुलिस हिरासत में युवक ने अपना नाम राजेश पुत्र शिवनंदन निवासी ग्राम बनियानी बताया है। जिसके बाद आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है।

### दो महिला अभियुक्त गिरफ्तार



**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के उ0नि0 राकेशप्रताप सिंह म0उ0नि0 दीपांजलि वर्माकां0 विपिन कुमार का0 अर्जुन सिंह टीम द्वारा 02 अभियुक्ता- (1). बन्नो देवी पत्नी राजकुमार निवासी मो0 कस्सावान थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज सम्बन्धित गिरफ्तारी अधिपत्र स्स्ञ शकुन्तला देवी पत्नी मोतीराम निवासी मो0 कस्सावान थाना छिबरामऊ को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### अभियुक्त गिरफ्तार



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के कुशल नेतृत्व में प्र0नि0 अजय कुमार अवस्थी उ0नि0 गजेन्द्रपाल सिंह उ0नि0 संजय मौर्या हे0कां0 राजकुमार कां0 पंकज कुमार कां0 रवि सरोहाटीम द्वारा नफर अभि0गण- 1. सन्तोष कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम जगतपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज 2. अनुराग कुमार पुत्र श्री सन्तोष कुमार पाठक निवासी जगतपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज सम्बन्धित गिरफ्तारी मानसिंह पुत्र श्यामलाल निवासी बटेला थाना छिबरामऊ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत



**छिबरामऊ कन्नौज।** युवक को सड़क पार करना भारी पड़ा। सड़क पार करते समय ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे व गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्साको उसे मृत घोषित किया। राजेश कुमार पुत्र लाल सिंह निवासी नकटपुर 31 वर्ष के सुबह 6:30 बजे सौच लिए अपने घर से निकले थे सौच कर कर घर वापस जा रहे थे रोड पर करते ही सामने से आ रहा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे राजेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को शौ सैया अस्पताल लाया गया जिसे डॉक्टर ने देखकर मृत घोषित कर दिया मृतक के पीछे एक पत्नी रीता देवी तीन बेटियां नाबालिक छोड कर चले गए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ट्रक संख्या एप 93 डीटी 3629 है समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका।

### अफसरों ने छापा मारकर गिट्टी व मौरंग से लदे 39 डंफर पकड़े

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के इंदरगढ़ तिराहे के निकट स्थित मौरंग व गिट्टी मण्डी में सोमवार की सुबह अफसरों ने छापा मारकर मौंरग व गिट्टी से लदे 39 वाहनों को पकड़ लिया। इन सभी को कोतवाली लाकर सीज कर दिया गया। डीएम शुभ्रान्त शुक्ला के निर्देश पर सोमवार की सुबह एसडीएम अशोक कुमार के नेतृत्व में खनन निरीक्षक, एआरटीओ व कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी शुरू की। करीब दो घण्टे तक चली छापेमारी के दौरान 39 ट्रको को पकड़ लिया गया। कुछ ट्रक ओवरलोड थे और कुछ के पास वैध कागजात नहीं थे। इसपर खनन निरीक्षक व एआरटीओ ने इन सभी ट्रको को सीज करा दिया। खनन निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि सीज किए गए वाहनों को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इनपर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। जुर्माना अदा न करने पर न्यायालय में मामले को भेजा जाएगा।

# प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के शत-प्रतिशत अवसर उपलब्ध कराने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

- जिलाधिकारी ने उ. प्र. कौशल विकास मिशन की बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



बैठक करते डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत कुम्हार, धोबी, नाई, सुनार, लोहार, मूर्तिकार आदि विधाओं में अधिक से अधिक नये आवेदन कराकर प्रशिक्षण दिया जाये एवं प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार हेतु 15 हजार रू का बाउचर अथवा किट भी उपलब्ध करायी जाये। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में उ. प्र. कौशल विकास मिशन की बैठक में कही।

उन्होनें निर्देश दिए कि पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत 2492 प्रशिक्षित युवाओं का कलेक्ट्रेट में संचालित डिस्ट्रिक कमांड सेन्टर के माध्यम से युवाओं को फोन करके पुष्टि की जाये। कि कितने युवा रोजगार/ स्वरोजगार हुये है। अगली बैठक में सूची उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत 850 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्हें समय से टूलकिट वितरण हेतु शासन को पत्राचार किया जाएं। उन्होने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 व आरसेटी की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि कौशल विकास के तहत जिन स्कीमों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक प्रशिक्षित युवा को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर शत- प्रतिशत उपलब्ध कराये जायें। कार्यदायी संस्था सभी प्रशिक्षित युवाओं को स्वावलंबी बनाये जाने पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम राज्य सरकार की प्राथमिकता में से है। इस योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, प्रधानाचार्य आईटीआई दीपक यादव सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि रहे।

# कर्पूरी ठाकुर ने देश के विकास कार्यों के लिए दिया विशेष योगदान

- कांग्रेसियों ने कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर किया नमन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते कांग्रेसी

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की 37वी पुण्यतिथि मनाई गई।

सोमवार को कांग्रेसियों ने पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पांडे के प्रतिष्ठान पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने स्व. कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. कर्पूरी ठाकुर बिहार में सन 1977 से लेकर 21 अप्रैल 1979 तक मुख्यमंत्री पद पर रहे मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान जिन्होंने बिहार के विकास के लिए अनेक विकास योजनाएं लाकर बिहार के गरीब मजदूर बंसी शोषित समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। और जिन्होंने देश के विकास कार्यों के लिए जिन्होंने अपना विशेष योगदान दिया

कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष तारीख बशीर, किसान जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह यादव, जिला महासचिव महेश पांडे, पूर्व शहर अध्यक्ष एहसान उल हक, महासचिव रमाशंकर राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कनौजिया, सत्य प्रकाश शर्मा सहित आदि कार्यकर्ता रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार मानव विकास मंत्रालय के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। यहां ग्रामीण अंचल बच्चे अपनी प्रतिभा कर प्रदर्शन कर दर्शकों को भाव विभोर कर रहे है। कोतवाली क्षेत्र के गांव करनौली में समाजसेवी वंदीदीन यादव की पुण्यतिथि पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्त्रक्रम आयोजित किये जा रहे है। मानव कल्याण एवं ग्रामीण विकास के बैनर तले गांव की प्रतिभायें शास्तीय संगीत एवं नृत्य की कला सीख रहे हैं। कार्यक्रम में ड्रेगन अकादमी के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों भावविभोर कर दिया। संस्था के निदेशक संतोष यादव ने अतिथियों को उत्तरी व माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरवीर सिंह ने की। कार्यक्रम में रवीन्द्र वर्मा, राम औतार यादव, मनोज कुमार,रमेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने सट्टा पर्ची के साथ युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते समय दबोच लिया। इसके बाद उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की है। अपराधों की रोकथाम के लिए हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रही कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर कस्बा समधन में एक दुकान के बाहर से एक युवक को सट्टे की खाईबाडी करते समय पकड़ लिया। पुलिस हिरासत में युवक ने अपना नाम बारिश उर्फमटरी पुत्र सहाबुद्दीन निवासी मोहल्ला अल्लामा इकबाल नगर समधन बताया है। पुलिस ने युवक के पास से 210 रुपये, पेन व पर्ची बरामद क है। जिसके बाद पुलिस ने उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

# सपा नेता के भाई की बाइक में चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर, घायल

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अपने ग्रह ग्राम से छिबरामऊ दुकान पर आ रहे युवक के फोर व्हीलर कार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए घायल को 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कमालपुर के पूर्व प्रधान के पुत्र मुशर्रफ पुत्र अलादीन निवासी कमलपुर उम्र 26 वर्ष सुबह 8:00 बजे अपने घर से छिबरामऊ आ रहे थे बाइक से इस समय बहबलपुर के सामने फोर व्हीलर ने जोरदार उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे मुशर्रफ गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को प्रभारिजन सौसैया अस्पताल लेकर आए भर्ती कराया घायल की वाइकको फोर व्हीलर ने कुचलकर रख दिया सपा नेता अच्छे खा भाई मुशर्रफ घायल हो गए जिनका इलाज सौसैया अस्पताल चल रहा है।



## गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट का आज होगा फाइनल मुकाबला

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नगर के दारासराय स्थित कालोनी के पास मैदान में चल रहा गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मुकाबला होगा टूर्नामेंट कमेटी के मो0 नफीस (बंबईया), अब्दुल्ला खान,शीरू खां, रुकसाद पहलवान ने संवाददाता फहीम शेख को जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट मैच का आज़ सुबह 11 बजें आखरी फाइनल मुकाबला गुरसहायगंज व फर्रुखाबाद क्रिकेट टीम के बीच मैच कराया जायेगा। टूर्नामेंट मैच का समापन होने पर जो टीम विजय होगी उस टीम के कप्तान को एक स्प्लेंडर बाइक व उपविजेता टीम को 31000 रुपए नगद दिए जाएंगे इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज में वन प्लस मोबाइल फोन दिया जाएगा।

# छत से गिरकर युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

- इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के खनियापुर गांव का मामला

**समृद्धि न्यूज, संवाददाता।**

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के खनियापुर गांव में शनिवार की रात एक युवक अचानक छत से नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। कानपुर के एक अस्पताल में रविवार की रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



मृतक मिसकुल की फाइल फोटो

खनियापुर गांव निवासी मिसकुल पुत्र पंचम लाल शनिवार की रात घर की छत पर लेटा हुआ था। रात में टहलते समय अचानक उसका पैर फिसल गया। जिससे वह छत से नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां हालत में सुधार न होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत का समाचार पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।

# अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का किया ऐलान

- लायर्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

तहसील लायर्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सोमवार की दोपहर एक बैठक कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का ऐलान किया। मंगलवार को फिर से बैठक कर आगे की रणनीति बनाने व आन्दोलन करने की चेतावनी दी है।

लायर्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बलराम सिंह यादव ने बताया कि उन्होने तहसील की अनियमितताओं को लेकर गत 14 फरवरी को एसडीएम अशोक कुमार को एक ज्ञापन सौंपा था। जिसपर एसडीएम ने खामियों को दुरस्त करने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी किसी पटल पर कोई सुधार नहीं किया गया। जिसको लेकर लायर्स बार के अधिवक्ताओं में रोष है। अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर सतीश राजपूत, भूपेन्द्र सिंह बैस, हरीशंकर राजपूत, रामगोपाल सिंह, अंशुमान कटिया, राजेन्द्र प्रकाश राजपूत, अमित श्रीवास्तव, अरूणेश प्रताप, सतेन्द्र प्रजापति, समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कुंभ श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर एक्सप्रेस-वे पर चलाया अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात पुलिस ने नियमों के प्रति जागरूक किया। और लांग रुट पर लगातार वाहन न चलाने की अपील की। यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने थाना ठठिया प्रभारी विजय कुमार के साथ आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 205 किलोमीटर के पास विशेष चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें कुंभ एवं अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को रोड सेफ्टी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। और ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई भी की। कई वाहनों को रोक कर ओवर स्पीडिंग से बचने की सलाह दी।

## स्थानांतरण होने पर फूल माला पहनाकर दी गई विदाई



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** उपनिरीक्षक का स्थानांतरण होने पर लोगों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें लोगों ने उपनिरीक्षक को शॉल ओढ़ाकर फूल माला पहनाकर विदाई दी।
थाना सकरावा पर एक साल चार महीने रहे। उपनिरीक्षक सुनील कुमार गोयल का छिबरामऊ कोतवाली की वहबलपुर चौकी पर स्थानांतरण होने पर कस्बे के लोगों ने विदाई की। समाजसेवी सतीश शर्मा ने कहा स्थानांतरण पुलिस विभाग में एक सतत प्रक्रिया है। क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, प्रधानों व स्टाफ ने शाल माला व स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर थानाध्यक्ष सकरावा प्रमोद कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक राधे कृष्ण पाण्डेय, उपनिरीक्षक किशनवीर सिंह, हेडकांस्टेबल ब्रजेश कुमार, बीके सिंह कांस्टेबल दीपू कुमार रामलखन, धीरज कुमार नरेन्द्र तिवारी, आनंद गुप्ता आदि लोग रहे।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा नकलविहीन कराने के दिये निर्देश

- 77 परीक्षा केंद्रों पर 47671 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा
- सभी कक्षों में वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 24 फरवरी से 12 मार्च तक चलने वाली माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित कराने के लिये समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। परीक्षा के लिये जिले में 77 परीक्षा केंद्र बनाये गये। जिन पर कुल 47671 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी जायेगी। प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि प्रश्नपत्रों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में ही खोला जाए, सभी कक्षों में वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे लगे हो ये सुनिश्चित कर लिया जाये। परीक्षा केंद्र में कोई भी मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट केंद्र के अंदर नहीं जाएगा, परीक्षा केंद्र में निर्धारित सीटिंग प्लान ही लगाये, कापियों को ससमय सील करे, कोई भो बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की ड्यूटी लगा ली जाये। सभी विद्यालयों में फर्स्ट एड बॉक्स हो, बालिकाओं की तलाशी महिला कर्मियों द्वारा ही हो, नकल निवारण अधिनियम 2024 का अनुपालन हो, परीक्षा केंद्र के आसपास फोटोकॉपी की दुकानें बंद रहेगी, सभी विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था अच्छी हो, पहली बार केंद्र व्यवस्थापक बने लोगों का अलग से प्रशिक्षण हो, सभी केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक समय से केंद्र पर पहुंचे। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों का व्हाट्सएप ग्रुप बना लिया जाये, कोई भी परीक्षा में गड़बड़ी करेगा तो वह जेल जाएगा व विभागीय कार्यवाही भी होगी। सभी केंद्र व्यवस्थापक निर्देश पुस्तिका का अध्ययन अवश्य कर ले और उसका अनुपालन सुनिश्चित करे। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभी उपजिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।

# दबंगों ने पुलिस की मौजूदगी में विवादित भूमि पर किया कब्जा, फसल की नष्ट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों ने अधिकारियों से सांठगांठ कर पुलिस की मौजूदगी में विवादित भूमि पर कब्जा कर लिया। जबकि भूमि का न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव भटकुररी निवासी नीरज पुत्र रमेश चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उन्होंने 2010 में नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी वीरेंद्र सिंह कठेरिया से 5 बीघा भूमि का बैनामा कराया था। जिस पर लगातार अपना कब्जा जमाए हुए था। सिरौली नवाबगंज की निवासी गिरीशवती व उसके परिजनों ने लेखपाल व कानून-गो से सांठगांठ कर खेत के नम्बर को मेल जोल करवा लिया। जिसका न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। न्यायालय में एल कमीशन की रिपोर्ट भी प्रस्तुत हो चुकी है। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने राजस्व कर्मियों से सांठगांठ कर पुलिस की मौजूदगी में जमीन पर कब्जा जमा लिया। दबंगों ने न्यायालय को दरकिनार करते हुए खेत में भरी निहास को भी जेसीबी से खुदवा डाला और खेत में खड़ी आलू की फसल तथा गेहूं, सरसों को भी फसल को जुतवा डाला। जब मैंने घटना का वीडियो बनाना शुरु किया तो हल्का इंचार्ज ने मेरा मोबाइल छीन लिया और वीडियो बनाने नहीं दिया। खबर लिखे जाने तक थानाध्यक्ष से मिलने के लिए दंपति थाने में बैठे हुए थे। बताया गया कि थानाध्यक्ष क्षेत्र में भ्रमण पर गये है।


तोड़ी गयी खेत में भरी निहास

# बोर्ड परीक्षा की समस्या को लेकर प्रधानाचार्य परिषद ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। बोर्ड परीक्षा 2025 के संचालन में इस वर्ष प्रश्न पत्रों के डबल सेट अतिरिक्त प्रश्न पत्र भेजे गये है। जिसको परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त अलमारी में रखवाया गया है। इन प्रश्न पत्रों पर केंद्र पर न रखकर जिले के स्ट्रांग रुम में रखा जाये। विपरीत परिस्थितियों में केंद्रों पर भेजा जाये।

प्रश्न पत्रों को वितरण में भी असुविधा का सामना करना पड़ा है। विपरीत परिस्थितियों में अतिरिक्त प्रश्न पत्रों से परीक्षा कराना व्यवहारिक नहीं होगा। विपरीत परिस्थितियों में पुनः परीक्षा बाद में आयोजित होने से कठिनाई उत्पन्न होगी। परीक्षा केंद्रों को परीक्षा आयोजन में सीसीटीवी की केबिल, कैमरों की मरम्मत, अलमारियों की खरीद पर, अतिरिक्त धन खर्च करना पड़ रहा है। प्रधानाचार्य परिषद मांग कर रहा है प्रत्येक परीक्षा केंद्र को लगभग 1 लाख रुपये परीक्षा सम्पादन के लिए उपलब्ध कराये जाने की मांग करती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य के पास कोई संसाधन नहीं होते है।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला महामंत्री डा0 बृजभूषण सिंह, योगेश तिवारी, राकेश गुप्ता, डा0 धर्मेन्द्र रघुवंशी, संतोष कुमार त्रिपाठी, विनीत चौहान, राघवेन्द्र मिश्रा आदि प्रधानाचार्य मौजूद रहे।


डीएम को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी

## छात्र के गले में रस्सी बांध झोपड़ी में फंसायी, हालत बिगड़ी, भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** स्कूल की छुट्टी होने पर घर जा रहे छात्र की खेलते समय साथी छात्रों द्वारा गले में रस्सी बांधकर एक झोपड़ी में फंसा दी। जिससे युवक चीखने-चिल्लाने लगा। आसपास के लोगों ने रस्सी काटकर युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। कम्पिल थाना के गांव कटिया निवासी फहीम उम्र 9 वर्षीय पुत्र वसीम जो कि प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 2 का छात्र है। रोज कि भांति वह सोमवार को स्कूल गया था। छुट्टी होने के बाद वह बच्चों के साथ अपने घर के लिए आ रहा था। रास्ते में एक खाली झोपड़ी के पास रुक गया। वहां पर बच्चों ने फहीम को झोपड़ी के डंडे से बांद दिया और गले में फांसी का फंदा लगा दिया। चीखपुकार करने पर आसपास के लोग आ गये। जिन्हों रस्सी काटकर युवक को छुड़ाया और उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने लोहिया रेफर कर दिया।

# दो पक्षों में हुई मारपीट, बॉबी मिश्रा सहित तीन घायल


लोहिया अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराते बॉबी मिश्रा


सुधीर का परीक्षण करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पाण्डेश्वनाथ मंदिर में पूजा करने गये व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष का किसी बात को लेकर एक व्यक्ति से विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों से तीन लोगों को डाक्टर परीक्षण के लिए लोहिया अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के क्षेत्र रेलवे रोड़ नवाब न्यामत खां पूर्व निवासी संजीब मिश्रा (बाबी) ने शहर कोतवाली में दी गयी तहरीर में दर्शाया कि सोमवार सुबह दर्शन करने पांडेश्वर नाथ मन्दिर गया था। उसी समय मित्तू कूंचा निवासी सुधीर सारस्वत मंदिर चौकीदार से गाली-गलौज कर रहा था। जब मैंने गाली-गलौज करने से मना किया तो सुधीर ने मेरे सिर पर लोट मार दिया। जिससे मेरा सिर फूट गया। इस दौरान मेरा भाई मंदिर के पास दुकान लगाये था वह भी आ गया। जिसने बचाने का प्रयास किया तो सुधीर ने उसके सिर पर भी लोटा मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सुधीर ने जान से मारने की धमकी दी।

वहीं सुधीर सारस्वत ने बताया कि गेट पर बैठे भिखारी को लेकर एतराज किया तो आरोपी संजीब मिश्रा और उनके साथियों ने हमला बोल दिया और मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर रेलवे रोड चौकी प्रभारी व शहर कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंच गये और तीनों लोगों को कोतवाली ले आये। पुलिस ने लोहिया अस्पताल में घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था।

# रामताल आश्रम के महंत ने गौशालाओं के लिए डीएम को सौंपा भूसा


डीएम को भूसा आदि सौंपते महंत व मौजूद बृजकिशोर मिश्रा

- चावल, गेहूं, गुड भी दिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रामताल आश्रम कक्योली नवाबगंज के महंत मोहनदास, हरिशंकर दास ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी से मुलाकात कर भूसा, चावल गेहूँ व गुड़ गौशालाओं हेतु भेंट किया। गौशालाओं हेतु दाना-पानी, चारा आदि की समस्या को देखते हुए निर्णय लिया गया।

सोमवार को महंत मोहन दास व हरिशंकर दास ने ट्रैक्टर में लादकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को भूसा, चावल, गेहूं व गुड आदि सौंपा। जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गंगा में डूबे दो चचेरे भाईयों में से एक का पांचवें दिन शव बरामद


मृतक का फाइल फोटो


पांचाल घाट पर मौजूद परिजन व पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों पांचाल घाट पर गंगा स्नान करते समय दो चचेरे भाई डूब गये थे। जिनकी गोताखोर तलाश कर रहे थे।

सोमवार को पांचवें दिन एक युवक का शव बरामद हुआ। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम चौकी महमदपुर निवासी 18 वर्षीय विवेक पुत्र अशोक व चचेरा भाई 18 वर्षीय मोहित पुत्र संतराम परिवार के साथ गंगा स्नान करने पांचाल घाट आया था। 13 फरवरी दिन गुरुवार शाम करीब 4 बजे गंगा स्नान करते समय दोनों युवक अचानक गहरे पानी में डूब गए थे। विवेक को डूबता देखकर मां अन्नपूर्णा ने भी गंगा नदी में छलांग लगा दी थी और वह भी डूबने लगी थी। इस दौरान स्टीमर संचालक ने अन्नपूर्णा को डूबने से बचा लिया था, लेकिन दोनों युवक विवेक और मोहित डूब गये थे। जिनकी गोताखोर तलाश कर रहे थे।

सोमवार को पांचवें दिन ग्राम भोजपुर के पास युवक मोहित पुत्र संतराम का शव गोताखोरों ने गंगा नदी से बरामद कर लिया। शव बाहर आते ही परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। सूचना पर पांचाल घाट चौकी इंचार्ज मोहित मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंच गये और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस दौरान सूचना मिलने पर कादरीगेट थानाध्यक्ष आमोद कुमार भी पहुंच गये और जांच पड़ताल की। वहीं दूसरे डूबे युवक को तलाश करने के लिए गोताखोर प्रयास कर रहे है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

शादी समारोह में शामिल होने जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्रानगंज निवासी 35 वर्षीय आशीष मौर्य पुत्र वर्षलाल मौर्य बीती रात लगभग 10:30 बजे बाइक से अपनी ससुराल उबरी खेड़ा साली की शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। उसी दौरान थाना कमालगंज के निकट एक होटल के नजदीक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

जानकारी होने पर मृतक की पत्नी रुबी, पुत्री प्रिंसी आदि परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक की साली सोनम की 18 फरवरी को बारात आनी थी। मृतक देशी शराब में ठेके पर कैंटीन चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


मृतक का फाइल फोटो

# आबादी क्षेत्र से देशी शराब का ठेका हटाने की भीम आर्मी ने की मांग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भीम आर्मी भारत एकता मिशन संगठन के जिलाध्यक्ष जयद्रथ ने पदाधिकारियों के साथ तहसील परिसर में पहुंचकर उपजिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन स्टेनो सर्वेश को सौपा। जिसमें कहा कि क्षेत्र के गांव नगला उम्मेद मजरा नरैनामऊ में देशी शराब का ठेका जो बस्ती व आबादी के अन्दर है। जिससे नौनिहाल व अन्य व्यक्तियों के घर बर्बाद हो रहे।

शराब पीकर आये दिन लड़ाई झगडा होता रहता है। कई बार ज्ञापन पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही नही की गई। देशी शराब के ठेके को निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन सौपने के दौरान ब्रज गोपाल यादव, शेर सिंह, किरन, गीता देवी, कमलेश, सादिक खां आदि लोग मौजूद रहे।

## शराब ठेके के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन


प्रदर्शन करतीं महिलायें

**कायमगंज।** नगला उम्मेद में देशी शराब के ठेके को विरोध में महिलाओं और बच्चों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओ का आरोप है कि गाँव के निकट शराब का ठेका उनके परिवारो के लिए बड़ी समस्या बन गया। छोटे-ज्छोटे बच्चे भी शराब की लत के शिकार हो रहे। महिलाओं का आरोप है कि शराब के कारण गांव मे कोई भी दुर्घटना हो सकती है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं को समझा बुझाकर शांत कराया और कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया।

# बाजार जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खरीदारी करने बाजार जा रहे युवक के साथ दबंगों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला इमली दरवाजा निवासी इदरीश पुत्र रईस अंसारी ने मोहल्ले के ही सारिक कुरेशी, कैफ कुरैशी तथा अजीम कुरैशी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें दर्शाया कि सोमवार की सुबह जरुरी सामान की खरीदारी के लिए बाजार जा रहा था। घर से कुछ दूरी पर आरोपियों ने गाली-गलौज किया।

विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने बताया कि कैफ कुरैशी ने लोहे की राड मेरे सिर पर मार दी। जिससे मेरा सिर फट गया। आसपास के लोगों ने बचाया। आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पीड़ित के अनुसार दो दिन पूर्व भी दबंगों ने गाली-गलौज किया था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।


मारपीट में घायल युवक

# एसीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

- अनुपस्थित एएनएम को जारी किया जायेगा नोटिस

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को एसीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसीएमओ को सीएचसी में गदंगी मिली। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए चिकित्साधीक्षक को व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने महिला स्वास्थ्य कर्मियों, एएनएम की बैठक ली। बैठक में 28 एएनएम बैठक में मौजूद थी। इस दौरान तीन छुट्टी पर थी, जबकि तीन अनुपस्थित पाई गई।

उपस्थित एएनएमो को एसीएमओ ने ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गो को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिलाने के लिए चिन्हित करने तथा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक इस योजना का लाभ बुजुर्गो को जरूर मिलना चाहिए, क्योंकि सरकार 70 वर्ष के बुजुर्गो को महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा अनुपस्थित महिला स्वास्थ्य कर्मियों एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। उनके जाने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने राहत की सांस ली।


बैठक में मौजूद एएनएम

# डीएम ने शीतगृह संघ की ली बैठक, हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी की उपस्थित में शीतगृह भण्डारण शुल्क निर्धारण, आलू उत्पादक कृषकों एवं शीतगृह स्वामियों के साथ बैठक कर उनकी समस्यओं को सुना गया।



शीतगृह संघ की बैठक लेते डीएम

शीतगृह एसोसिएशन द्वारा सामान्य आलू के लिए 250 प्रति कुन्तल तथा आइसोप्रोपेनॉइल एन- (3-क्लोरोफिनॉइल) कार्बामेट (सीआईपीसी) ट्रीटेड चैम्बर में भण्डारण प्रभार शुल्क रू0 280 सहमति व्यक्त की थी, परन्तु डीएम ने कहा कि कृषकों के हितों को देखते हुए अन्य जनपदों में भण्डारण शुल्क के अनुसार ही जनपद में भण्डारण शुल्क निर्धारित किया जायेगा।

जनपद के प्रगतिशील कृषकों के द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष आलू की दर कम होने के कारण शीतगृहों में भण्डारण शुल्क न बढ़ाया जाये। डीएम ने शीतगृह स्वामियों/प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि निर्धारित भण्डारित शुल्क पर ही कृषकों के आलू का भण्डारण करें तथा कृषकों को भण्डारण सम्बन्धी रसीद एवं तकपट्टी रसीद (तौलपट्टी रसीद) आदि समय से दी जाये तथा आलू भण्डारण सम्बन्धी सूचना एवं भण्डारण प्रभार की दर एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के दूरभाष नं0 भी शीतगृह के 2वाई4 फिट के आकार के सूचना पट पर पठनीय भाषा में अवश्य प्रदर्शित की जाये।

साथ ही शीतगृह स्वामियों/प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि शीतगृहों में आलू भण्डार प्रभार प्रति पैकेट न लेकर प्रति कुन्तल की दर से लिया जाये। बैठक में शीतगृह संघ के अध्यक्ष अजय गंगवार, प्रगतिशील कृषक वारिज राजपूत, नारद सिंह, आलू निर्यातक सुधीर कुमार शुक्ला एवं शीतगृह स्वामी/प्रबन्धक तथा आलू उत्पादक कृषक आदि ने प्रतिभाग किया। आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर के अब तक 25 मामले चिन्हित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 8 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावों संबंधित बैठक पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज/सचिव संजय कुमार ने किया। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावो संबंधित अब तक कुल 25 मामले चिन्हित किये जा चुके है। अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कराने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर विधिक सलाहकार चरन सिंह, राजीव भगौलीवाल, अखिलेश त्रिवेदी, मंजू देवी, विजय कुमार वर्मा, पंकज वर्मा, गौरव दुबे, विजय कुमार मिश्रा, अभिषेक कुमार पाल, आशीष पाल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यशाला आयोजित

▸ निपुण बच्चों को बीईओ ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को एसबीएन ग्लोबल स्कूल गाजीपुर खानपुर में सम्पन्न हुआ। ब्लाक राजेपुर के खानपुर में आयोजित कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकत्री, बालिका वाटिका के बच्चे एवं प्राथमिक विद्यालयों के नोडल शिक्षक, विद्यालय के निपुण छात्रों के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक अवनीश सोमवंशी ने की। खण्ड शिक्षाधिकारी अनूप कुमार सिंह ने मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। अनूप सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आंनवाड़ी कार्यकत्री एवं प्राथमिक शिक्षक शिक्षा की धुरी है। उन पर पूरी शिक्षा व्यवस्था का दायित्व होता है। हम सभी का भी दायित्व है कि ग्रामण परिवेश के बच्चों को पूर्ण तनमन्यता से शिक्षित करें। साथ ही निपुण छात्रों को खण्ड शिक्षाधिकारी ने उपहार देकर सम्मानित किया। प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्ता के साथ छात्रा आरोही, नेहा, अंशिका, आरुषी ने प्रतिभाग किया और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रमोद यादव, दीपक मिश्रा, मयंक दुबे, पराग त्रिपाठी, हिमलेश शाक्य, बबिता यादव आदि लोग मौजूद रहे। संचालन धीरेन्द्र ने किया।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व शिक्षक

# कबड्डी खिलाड़ी हरिओम शुक्ला ने डिफेंडर अवार्ड जीतकर किया नाम रोशन



पुरुस्कार के साथ हरिओम शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुन्देलखंड कबड्डी लीग में जनपद फर्रुख़ाबाद के हरिओम शुक्ला को बेस्ट डिफेंडर अवार्ड से नवाजा गया। बांदा दबंग की टीम की कप्तानी करके बांदा दबंग की टीम को लीग में द्वितीय स्थान प्राप्त कराया। हरिओम शुक्ला फर्रुखाबाद के निवासी हैं और यह कबड्डी के बेस्ट डिफेंडर प्लेयर है। जिला कबड्डी एसोसिएशन फर्रुखाबाद के सचिव कुलदीप यादव ने हरिओम शुक्ला को बधाई दी। कबड्डी में डिफेंडर बनकर प्लेयर के रुप में उभरे हरिओम शुक्ला अपने आप में एक खिलाड़ी है। उन्होंने कई कबड्डियों में प्रतिभाग किया और विजय दिलायी। बुंदेलखण्ड कबड्डी लीग में जनपद के खिलाड़ी ने प्रतिभाग करते हुए डिफेंडर अवार्ड जीता। कबड्डी प्रेमियों ने उन्होंने बधाई दी।

# सपा की पीडीए जन चौपाल रजपालपुर व नगला फार्म में सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर के खिलाफ अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए जागरूकता माह की चौपाल सभा कायमगंज के रजपालपुर एवं नगला फार्म में सम्पन्न हुई।

सपा नेता सर्वेश अम्बेडकर ने कहा कि भाजपा ने 2024 का चुनाव संविधान और लोकतन्त्र कों समाप्त करने कि घोषणा के साथ लड़ा, जिससे यह सिद्ध हो गया कि वह खुलकर पीडीए वर्ग के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि 85 प्रतिशत आबादी संविधान के कारण ही प्रगति कर पाई है। जो भाजपा कि प्रभुत्ववादी विचार धारा के खिलाफ है। इसलिए यह साम्प्रदायिक ताकतें राष्ट्रवाद के बहाने पीडीए समाज का चौमुखी दमन कर रही है। हमें अपने विरोधी कि हर साजिश को फेल करना है और आने वाले 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताना है। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने सपा सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।



कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता व कार्यकर्ता

बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अम्बेडकर ने नौजवानो को बताया कि वह सोशल मीडिया का सही उपयोग करना सीखें, इस प्लेटफार्म पर भाजपा की आईटी सेल द्वारा झूंठी खबरें फैलाइ जाती हैं। प्रभारी बाबा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमन खटीक मौजूद रहे। बैठक में दुर्गपाल जाटव, अजब सिंह जाटव, हीरा सिंह, जुगल किशोर माथुर, सुरेंद्र फौजी, पंकज कुमार, धीरज यादव, मनोज शक्या, पाईराम, अंकित गौतम, राजीव गौतम, रोहित पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## आलू की आमद बढ़ने से भाव में गिरावट जारी



मण्डी में लगा आलू का ढेर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को आलू मण्डी सातनपुर में आमद बढ़ने से भाव में गिरावट जारी रही। आलू मण्डी सातनपुर में सोमवार को 200 मोटर आमद रही। 50 रुपये कुंटल भाव में गिरावट आयी। बाहर के व्यापारी पहुंचने के बावजूद भी सुबह बिकवाली अच्छी दिखी। बाद में सुस्त रही। सामान्य आलू 551 रुपये से 1021 रुपये कुंटल तक बिका। हालैंड चिप्सोना आलू 1151 रुपये कुंटल बिका। चेचक वाला आलू 401 रुपये से 601 रुपये कुंटल बिका। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि मण्डी में आलू की आमद बढ़ने से भाव में गिरावट रहा। कोल्ड स्टोरेजों में आलू किसाने रखने लगे है। जबकि भाव को लेकर कुछ किसानों में खींचतान जारी है। ऐसे में सामान्य रुप से आलू का भाव कलेक्टेट में बैठक के बाद तय हो जायेगा। इसके बावजूद भी जनपद में बड़ी संख्या में कोल्ड स्टोरेजों में आलू रखा जा रहा है।

## मिस एनएकेपी सौम्या व मिस फेयरवेल भक्ति मिश्रा को मिला अवार्ड



छात्राओं को सम्मानित करती प्रधानाचार्या इंदू मिश्रा

▸ नारायण आर्य कन्या पाठशाला में 12वीं की छात्राओं को दी गई विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नारायण आर्य कन्या पाठशाला में कक्षा 12 की छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न हुआ। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ गेम्स खेले गये। कक्षा 11 की छात्राओं ने कक्षा 12 की छात्राओं को मिठाई खिलाकर तिलकर लगाकर शुभकामनायें दी और एक दूसरे को गले लगकर बधाई दी। कार्यक्रम में सौम्या मिश्रा को मिस एनएकेपी एवं भक्ति मिश्रा को मिस फेयरवेल का अवार्ड मिला। प्रधानाचार्या इंदू मिश्रा ने समस्त छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उपप्रधानाचार्य ने तिलक लगाया और मीठा खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वसुधा, लक्ष्मी प्रजापति, प्रीति, निहारिका, रुचि, गीता, बस्ती, पुष्पा तिवारी, साधना आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# एक मुद्दत से अपने काम पे हूं जैसे जिंदा ही तेरे नाम से हूं : रुबीना अयाज

▸ मुशायरा व कवि सम्मेलन में देश के नामचीन शायरों की शायरी के दीवाने हुए लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक मुद्दत से अपने काम पे हूं जैसे जिंदा ही तेरे नाम से हूं इश्क का आखिरी मकाम है मौत और मैं आखिरी मकाम पर हूं, जब यह शेर रुबीना अयाज ने इरशाद फ़रमाया तो मुशायरे की महफिल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। पूरी रात मुशायरे और कवि की महफिल गुलजार रही। इस बीच कवियों के काव्यपाठ और शायरों की शायरी लोगों को गुदगुदाती रही।

शहर के मोहल्ला शमशेर खानी ग्राउंड पर मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। एक शाम रईस अहमद के नाम से मुशायरा व कवि सम्मेलन में देश के नामचीन शायर व कवियों ने पहुंचकर समां बांधा। श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैय्यद रिजवान अली, सैयद शाह फसीह मुजीबी ने मुशायरे व कवि सम्मेलन की शुरुआत शमां रोशन कर की। शायर डा0 आसिम मकनपुरी ने कलाम पढ़ा कि खामिया मेरी दिखाता था मुझे मैंने आईना ही पलट कर रख दिया। हिलाल बदायूंनी ने पहले मुझ पर बिलीव कर लेना फिर मोहब्बत अचीव कर लेना शाम को तुझसे बात करनी है फोन मेरा रिसीव कर लेना, बहस करते हो बस सियासत पर इश्क पर कब बात करोगे तुम। शायरा आयशा खुशनसीब ने मैं खुशनसीब हूं मैं हिंदुस्तानी हूं गीत पढ़ लोगों का दिल जीता। जमाल हसनपुरी ने आ गया चांद मेरा आज मेरी महफिल में अब चिरागों को जलाने की जरूरत क्या है। सलमान जफर ने नाराज पड़ोसी मेरे जनाजे में आ गया सिलवट एक और मेरे कफन से निकल गई। वकार फराजी ने भूल जाने की तुझे जब भी कसम खाई है बेवफा मुझको और भी तेरी याद आई है तूने क्यों मुझको सताने की कसम खाई है बस इसी बात से दिल परेशान है आज उसने नजर क्यों नहीं मिलाई है। राम मोहन शुक्ला ने ऐसे इतराया न करो इतना इत्र भी न लगाया करो गली तक महक जाती है ऐसे चक्कर न लगाया करो। अभीश्रेष्ठ तिवारी ने लखनवी होके सलीके के नहीं होते हैं सब अरब वाले मदीने के नहीं होते हैं। मशकूर ममनून ने दूसरा उसको मिल गया कोई आखिरी आदमी नहीं थे हम। हास्य कवि नौशाद अंगड ने ऐसा किया मजाक मेरी जिंदगी के साथ छोटी दिखाकर फेरे बड़ी के साथ अल्लाह किस गुनाह की सजा मुझको मिली कैसे कटेगी उम्र डोकरी के साथ को सुन लोग हंस हंसकर लोटपोट हो गए। दिलीप कश्यप कलमकार ने सोच लिया था भगत सिंह ने अब तो कुछ करना होगा मातृभूमि की बलिवेदी पर काट शीश धरना होगा। कवयित्री स्मृति अग्निहोत्री ने विस्मरण कदापि ना उनका हो है लहू ऋणी भारत जिनका उस आंचल का सम्मान रहे, संतान ऋणी भारत जिसका गीत पढ़ा। उपकार मणि ने बढ़ी जब प्यास होंठो पे तो हम भी जाम तक पहुंचे, जब अपना नाम भूले तब तुम्हारे नाम तक पहुंचे शेर पढ़ा। इसके अलावा कई अन्य शायरों व कवियों ने समां बांधा। लोग रात में भी लोग शायरों और कवियों को सुनने को बैठे रहे। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, सदारत श्रम विभाग नोडल अधिकारी सदारत सैय्यद रिजवान अली, विशिष्ट अतिथि मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इजहार खान, मुशायरा कन्वीनर फुरकान अहमद सभासद, सहसंयोजक हाजी असलम अंसारी, अजय प्रताप सिंह, फैसल रईस, आफाक खान, शकील खान, आरिफ खान, शरजील पाशा, दानिश मिर्जा, असगर हुसैन, अराफात खान, शाहरुख खान, फैजान खान, पुष्पेंद्र भदौरिया, सगीर अहमद एडवोकेट, रफी अहमद, मुख्तार अहमद टेनी, खुर्शीद अहमद, हाजी बिलाल अहमद आदि मौजूद रहे।



मुशायरा में शेर पढ़ती रूबीना अयाज

# गली अवरुद्ध करने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला व उसके बच्चों को पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गली अवरुद्ध करने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला व उसके बच्चों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता को ही उल्टा अपशब्द कहकर चली गयी। पीड़िता के घटना के संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों पर कार्यवाही कराये जाने के लिए शिकायती पत्र सौंपा।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के बरगदिया घाट सिविल लाइन निवासी सुमन पत्नी संदीप बाथम ने दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही कराये जाने के लिए डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें दर्शाया कि उसके पड़ोस में रहने वाले ओमप्रकाश बाथम उर्फ लालू पुत्र श्याम लाल व उसके पुत्र राजन, राजू व पुत्री नीतू ने मार्ग अवरुद्ध करने के लिए गली में गेट लगाने का प्रयास किया। विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने एकराय होकर मुझे व मेरी पुत्री तपस्या, पुत्र उम्मीद, ध्रुव के साथ मारपीट की। घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची ने उल्टा मुझे ही अपशब्द कहे और चली गयी। पीड़िता का कहना है कि उक्त गली अवरुद्ध करने का वाद सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय में लंबित है। पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर दबंगों के हौसले बुलंद है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही कराये जाने की मांग की है।



शिकायती पत्र दिखाती पीड़िता

# लोहिया अस्पताल में अब तक 11 पुरुष करा चुके हैं नसबंदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जितना बढ़ा परिवार उतने ही खर्चे अपार न बच्चों का सही से लालन पालन न ही अच्छी पढ़ाई और अगर कोई बीमारी लग गई तो हो गया काम सारे जीवन की गाढ़ी कमाई उसमें चली जाती है और एक बार महिला के सामान्य प्रसव अगर निजी चिकित्सालय में कराया तो कम से कम बीस हज़ार रुपए और आपरेशन हुआ तो लगभग पचास हजार रुपए रख लो एक सामान्य नौकरी करने वाला या मजदूरी करने वाला यह कैसे वहन कर सकता है।

विकास ने आशा सपना कटियार को बताया मैं पुरुष नसबंदी कराना चाहत हूं और पत्नी के साथ पहुंचकर डा0 आरसी माथुर से मिला और नसबंदी करायी। एसीएमओ ने बताया इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 11 पुरुष नसबंदी हो पाई हैं, जबकि अप्रैल से अब तक लगभग 1548 महिला नसबंदी हो चुकी हैं।

उप मुख्य चिकित्साधिकारी और एनएसवी स्पेशलिस्ट डॉ0 आरसी माथुर का कहना है कि नसबंदी में शुक्राणु वाहिनी नलिकाओं को बाँध दिया जाता है जिससे शुक्राणु शरीर से बाहर नहीं जा पाते हैं, यह शरीर में ही घुलकर रह जाते है।



नसबंदी कराने के बाद चिकित्सकों के साथ विकास

इस प्रकार शरीर के स्वस्थ रहने में भी सहायक होते हैं। जिला परिवार नियोजन परामर्शदाता विनोद कुमार ने बताया कि मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के तहत आने वाले जिलों में नसबंदी अपनाने वाले पुरुषों को प्रोत्साहन राशि के रुप में 3 हजार रुपये और महिलाओं को 2 हजार रूपये दिए जाते हैं। नसबंदी के लिए दंपति को अस्पताल लाने वाली आशा कार्यकर्ता को पुरुष नसबंदी पर 400 रुपये और महिला नसबंदी पर 300 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। पीपीआईयूसीडी लगवाने वाली महिला को 300 रूपए और सेवा प्रदाता को 150 रूपए की धनराशि दी जाती है। अंतरा इंजेक्शन अपनाने वाली महिलाओं को 100 रुपये की राशि दी जाती है। वहीं इन महिलाओं को लाने वाली आशा कार्यकर्ता को 100 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# सपा महिला सभा ने सेक्टर 60 में लगायी पीडीए जन चौपाल

▸ समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का लिया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधानसभा के काशीराम कॉलोनी सेक्टर 60 में पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम महिला सभा की नगर उपाध्यक्ष सुधा सिंह और संध्या संखवार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि आने वाली सरकार समाजवादी पार्टी की होगी। जिसमें महिलाओं का एक महत्वपूर्ण योगदान होगा। आज जिस प्रकार भाजपा अपने निजी हितों के कारण समाज की महिलाओं के हित को दरकिनार करते हुए काम कर रही है उससे हर महिला को भाजपा की नीतियों से पीड़ा और कष्ट पहुंचा है। रसोई गैस से लेकर के राशन और घर का बिजली का बिल सब कुछ दोगुना हो चुका है। जिससे मध्यवर्गीय महिलाओं को अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। सपा महिला सभा की सभी महिलाओं ने एक सुर में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में मौजूद सपा जिलाध्यक्ष व महिला कार्यकर्ता

## बस से नीचे उतरते समय महिला गिरकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव निवासी शीलादेवी उम्र 50 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र सिंह रोडवेज बस द्वारा जा रही थी।

कायमगंज नगर के बस स्टैण्ड के पास चलती बस से शीला देवी नीचे उतरने लगी, तभी वह गिरकर घायल हो गयी। आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# चिंतामणि सुंदर कांड समिति की मासिक बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चिंतामणि सुंदरकांड समिति की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष बृज किशोर सिंह किशोर के निवास चिंतामणि में संपन्न हुई। बैठक में वार्षिक उत्सव की समीक्षा की गई एवं सदस्यों के पाठ में ना आने की चिंता व्यक्त की गई।

अध्यक्ष बृज किशोर सिंह ने सभी सदस्यों से पाठ में समय से पहुंचने की अपील की। कहां की सभी सदस्य पाठ में समय से पहुंचे, जिस की व्यवस्था सुचारू से चलती है। इस मौके पर घनश्याम बाजपेई, नवीन कौशल, अनूप मिश्रा, प्रशांत सिंह, कमलेश दीक्षित, निर्मल दीक्षित, सुबोध मिश्रा, नितेश वर्मा, अजीत वर्मा, पवन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



बैठक को सम्बोधित करते बृजकिशोर सिंह किशोर

# शराबी पुत्र से दबंग ने कराया बैनामा, मां ने दी तहरीर

▸ पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शराबी पुत्र से दबंग ने जमीन का बैनामा करा लिया। घटना के संबंध में मां ने पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर बांगर निवासी राजरानी पत्नी स्वर्गीय राम लड़ैते ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनका गांव में ही मकान है। गांव के ही दबंग पिंटू पुत्र ओमप्रकाश ने मेरे पुत्र रविंद्र कुमार से शराब के नशे में अपनी पत्नी शांति देवी के नाम 1/2 भाग का बैनामा 27 दिसम्बर 2024 को करवा लिया।

अब आरोपीगण मकान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे है। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# अब तक 53 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

## 2013 में कुम्भ में 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे जबकि 2019 में अर्धकुम्भ में लगभग 24 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई थी आस्था की डुबकी

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर ।** महाकुम्भ में सोमवार की सायं 4 बजे तक 54 करोड से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा कर रिकार्ड बनाया है। यह महाकुंभ महाशिव रात्रि तक चलेगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता तो भारत और भी ऊंचाइयों को प्राप्त किया होता। उन्होंने कहा कि 2013 में प्रयागराज कुम्भ में 55 दिन के आयोजन में 12 करोड़ श्रद्धालु आए थे।

2019 में अर्धकुम्भ को हमने कुम्भ के रूप में आयोजित किया, तब लगभग 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे। इस बार प्रयागराज महाकुम्भ में 45 दिन के आयोजन में बीते 36 दिन में 53 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 35 दिन के अंदर 40 रूटीन के साथ फ्लाइट के साथ ही 700 से अधिक चार्टर उतरे हैं। रेलवे को प्रतिदिन सैकड़ों मेला स्पेशल रेल चलानी पड़ रही है। परिवहन निगम की 14 हजार बसों का बेड़ा चल रहा है। उन्होंने बताया कि 28 से 30 जनवरी तक 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

28 को लगभग साढ़े पांच करोड़, 29 जनवरी को लगभग आठ करोड़ व 30 जनवरी को ढाई करोड़ श्रद्धालु आए थे। केंद्र व राज्य सरकार ने अपने स्तर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। इंफ्रास्ट्रक्चर-कनेक्टिविटी अच्छी हो, मेले का विस्तार हो, संगम में जल की प्रचुर मात्रा हो। इस पर पहले से एक्सरसाइज की गई। अंततः सारी व्यवस्थाओं व कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में हमें सफलता प्राप्त हुई। सीएम ने कहा कि आस्था को सम्मान देने के साथ इसका इकॉनमिक ऑस्पेक्ट भी महत्वपूर्ण है।

### प्रयाग कुम्भ में शुरू हुई दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा के 114 वर्ष पूर्ण : कृष्ण कुमार यादव

**महाकुम्भ नगर।** डाक सेवाओं ने पूरी दुनिया में एक लम्बा सफर तय किया है। भारत को यह सौभाग्य प्राप्त है कि दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा यहीं से आरम्भ हुई। भारत में डाक सेवाओं पर तमाम लेख और एक पुस्तक 'इंडिया पोस्ट ~ 150 ग्लोरियस ईयर्ज़' लिख चुके पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि यह ऐतिहासिक घटना 114 वर्ष पूर्व 18 फरवरी, 1911 को प्रयागराज में हुई थी। संयोग से उस साल कुम्भ का मेला भी लगा था। उस दिन दिन फ्रेंच पायलट मोनसियर हेनरी पिक्वेट ने एक नया इतिहास रचा था। वे अपने विमान में प्रयागराज से नैनी के लिए 6500 पत्रों को अपने साथ लेकर उड़े। विमान था हैवीलैंड एयरक्राफ्ट और इसने दुनिया की पहली सरकारी डाक ढोने का एक नया दौर शुरू किया पोस्टमास्टर जनरल के अनुसार प्रयागराज में उस दिन डाक की उड़ान देखने के लिए लगभग एक लाख लोग इकट्ठे हुए थे जब एक विशेष विमान ने शाम को साढ़े पांच बजे यमुना नदी के किनारों से उड़ान भरी और वह नदी को पार करता हुआ 15 किलोमीटर का सफर तय कर नैनी जंक्शन के नजदीक उतरा जो प्रयागराज के बाहरी इलाके में सेंट्रल जेल के नजदीक था। आयोजन स्थल एक कृषि एवं व्यापार मेला था जो नदी के किनारे लगा था और उसका नाम 'यूपी एक्जीबिशन' था। इस प्रदर्शनी में दो उड़ान मशीनों का प्रदर्शन किया गया था।

## पाक नागरिक अली तौकीर शेख के खिलाफ असम सीआईडी ने दर्ज किया केस

**गुवाहाटी।** असम कैबिनेट के एक निर्णय के तहत सोमवार को असम पुलिस की सीआईडी ने पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख एवं अज्ञात अन्य के विरुद्ध केस दर्ज किया है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विस्व सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और उनकी पत्नी से जांच प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है। दरअसल, जोरहाट के सांसद एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के उप नेता गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ कोल्बर्न गोगोई का पाकिस्तान से संबंध होने के आरोपों के बाद राज्य की राजनीति में भूचाल आ गया। गौरव गोगोई संबंधी इस विवाद पर रविवार को असम कैबिनेट ने पाकिस्तानी नागरिक नेता अली तौकीर शेख के खिलाफ मामला दर्ज करने के महत्वपूर्ण निर्णय को मंजूरी दी थी। इसके बाद असम पुलिस की सीआईडी ने पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख एवं अज्ञात अन्य के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## सैम पित्रोदा के चीन के समर्थन में दिए गए बयान पर भाजपा का पलटवार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के चीन के समर्थन में दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सैम पित्रोदा के बयान को गलवान घाटी में बलिदान हुए जवानों का अपमान बताया।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान में बोल जरूर सैम पित्रोदा के अपने हैं लेकिन संगीत जॉर्ज सोरोस का है। सैम पित्रोदा राहुल गांधी के गुरु हैं। राहुल गांधी ने पीपुल्स लिबरेशन पार्टी ऑफ चाइना के साथ एक गुप्त संधि पर भी हस्ताक्षर किए हैं। राजीव गांधी ने चीन से फंड लिया था। जवाहर लाल नेहरू ने अक्साई चिन और यूएनएससी में भारत की सीट चीन को दे दी। कांग्रेस और चीन की दोस्ती काफी पुरानी है। उन्होंने कहा

**▸ सुधांशु त्रिवेदी बोले- यह गलवान में बलिदान हुए जवानों का है अपमान**

कि राजीव गांधी फाउंडेशन को मिले कर्ज के दबाव में यह बोल रहे हैं। क्या यह गलवान के शहीदों का अपमान है या नहीं ?

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर शक्तिशाली हो रहा है। ऐसे में अनेक शक्तियां इसे रोकने की साजिश रच रही हैं। ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा का बयान चीन के संबंध का इजहार कर रहा है। यह भारत की आस्मिता पर गहरा आघात है। उन्होंने कहा है कि चीन के साथ कोई विवाद नहीं है। यह कोई आइसोलेटेड विचार नहीं है। राहुल गांधी ने भी इसी तरह के कई बयान दिए हैं। सुधांशु ने आरोप लगाया कि भारत में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए गठबंधन किया जा रहा है।

## पनडुब्बी मत्स्य-6000 ने वेट टेस्ट पास किया, अब होगा 500 मी. का ट्रायल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली मानव वैज्ञानिक पनडुब्बी मत्स्य-6000 ने कट्टुपल्ली पोर्ट पर वेट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जो डीप ओशन मिशन के तहत देश की समुद्रयान परियोजना में एक महत्वपूर्ण कदम है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत गहरे समुद्र मिशन पहलों के तहत राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित इस अत्याधुनिक पनडुब्बी को इसके कॉम्पैक्ट 2.1 मीटर व्यास वाले गोलाकार पतवार के भीतर तीन मनुष्यों को ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और 2025 के अंत तक 500 मीटर की गहराई पर इसका परीक्षण किया जाएगा।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार डिज़ाइन चरण के पूरा होने के बाद मत्स्य-6000 की कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न उप-प्रणालियों की पहचान की गई और उन्हें विकसित किया गया। पनडुब्बी में घटकों की एक व्यापक श्रृंखला है-गोताखोरी के लिए एक मुख्य गिट्टी प्रणाली, तीनों दिशाओं में गति के लिए थ्रस्टर्स, बिजली की आपूर्ति के लिए एक बैटरी बैंक और उछाल के लिए सिंटैक्टिक फोम। इसमें एक परिष्कृत बिजली वितरण नेटवर्क, अत्याधुनिक नियंत्रण हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के साथ-साथ उन्नत पानी के नीचे नेविगेशन डिवाइस भी शामिल हैं। गोलाकार पतवार के अंदर, मानव जीवन-सहायक प्रणालियों के एकीकरण, विभिन्न पर्यावरणीय एवं महत्वपूर्ण मापदंडों के प्रदर्शन, गतिशीलता के लिए नेविगेशन जॉयस्टिक, साथ ही पतवार के बाहर विभिन्न समुद्र विज्ञान सेंसर, पानी के नीचे प्रकाश व्यवस्था और कैमरों पर सावधानीपूर्वक ध्यान दिया गया है। इन सभी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया है और वर्तमान में गहन एकीकरण और योग्यता परीक्षण से गुजर रहे हैं।

## एआईसीटीई ने आईडीई बूटकैंप के दूसरे संस्करण का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम ने सोमवार को इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता बूटकैंप के दूसरे संस्करण के फेज-2 का उद्घाटन किया। आईडीई बूटकैंप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक प्रमुख पहल है। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और एआईसीटीई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में छात्र इनोवेटर्स के बीच इनोवेशन, डिजाइन विशेषज्ञता और उद्यमशीलता के कौशल को बढ़ावा देना है। इस मौके पर प्रो. टी.जी. सीताराम ने अपने संबोधन में बूटकैंप को इनोवेशन और डिजाइन थिंकिंग का उत्सव बताया, जिसमें भारत के विकास के लिए उत्पादीकरण के महत्व पर जोर दिया गया है। उन्होंने प्रतिभागियों से उत्पाद विकास और नवाचार के लिए डिजाइन थिंकिंग को एक मुख्य उपकरण के रूप में अपनाने का आग्रह किया।

## राष्ट्र सर्वोपरि का दृष्टिकोण अपनाए देशवासी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्र सर्वोपरि का दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी हित - व्यक्तिगत, राजनीतिक या कुछ और - राष्ट्रीय हित से बड़ा नहीं है।

श्री धनखड़ ने सोमवार को पंजाब के मोहाली के राष्ट्रीय कृषि-खाद्य और जैव विनिर्माण संस्थान (एनएबीआइ) में उन्नत उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ए-ईएसडीपी) परिसर के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक भारतीय के रूप में हम अपने राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत में विश्वास रखें और इस विचारधारा को अपनाएं कि कोई भी व्यक्तिगत या राजनीतिक हित राष्ट्रीय हित से बड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि अतीत में भारत को ज्ञान और बुद्धि की भूमि के रूप में जाना



जाता था। भारत का ज्ञान विज्ञान, खगोल विज्ञान समेत कई क्षेत्रों में बहुत समृद्ध रहा है। मानव जीवन के हर पहलू को वेदों, उपनिषदों, पुराणों में प्रतिबिंबित किया गया है। नालंदा, तक्षशिला और इस तरह के प्राचीन संस्थानों पर राष्ट्र गर्व करता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 11वीं - 12वीं शताब्दी के आसपास कुछ विषयांतर हुआ।

लुटेरे आए, आक्रमणकारी आए, और उन्होंने भारतीय संस्थाओं को नष्टकर दिया। देश के सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्रों को विकृत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उसके बाद शिक्षा ने प्रतिभा नष्ट कर दी। प्रतिभा का पूर्ण दोहन करने का कोई पारिस्थितिकी तंत्र नहीं बनाया गया। शोध के महत्व पर श्री धनखड़ ने कहा कि देश के सभी संस्थानों को लिटमस टेस्ट पास करना होगा।

उन्होंने कहा, यह भूकंप की तरह होना चाहिए, जिसका प्रभाव महसूस किया जा सके। शोध के लिए शोध, स्वयं के लिए शोध, अलमारी पर रखे जाने वाले शोध, व्यक्तिगत अलंकरण के रूप में सामने आने वाले शोध, वे शोध नहीं है जिसकी देश को जरूरत है। उन्होंने कहा कि शोध सतही तौर पर शोध पत्र देना नहीं है। शोध उस व्यक्ति को प्रभावित करने के लिए नहीं है जो विषय से अनभिज्ञ है। शोध उन लोगों को प्रभावित करने के लिए है, जो विषय को उतना ही जानते हैं जितना आप जानते हैं। श्री धनखड ने कहा कि शोध केवल अमूर्त शिक्षाविद नहीं हो सकता। शोध का हमारे काम पर प्रभाव होना चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां काम करने की पर्याप्त गुंजाइश है।

## खबरें एक नजर में

### प्रेम, विरह व अनकही बातों की गहराई उकेरता है राजदारियां



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संगीत की दुनिया में कुछ गीत ऐसे होते हैं, जो सिर्फ सुने ही नहीं, बल्कि महसूस भी किए जाते हैं। मशहूर कव्वाली गायक सागर भाटिया का नया गाना राजदारियाँ भी कुछ ऐसा ही खास अनुभव लेकर आया है। इस गाने में प्रेम, विरह और उन अनकही बातों की गहराई को उकेरा गया है, जिन्हें कहने की हिम्मत अक्सर हममें नहीं होती। ''राजदारियाँ'' की खूबसूरती इसके गहरे बोलों और भावनात्मक संगीत में बसती है। इस गाने के बोल गिनी दीवान ने लिखे हैं, जबकि इसे गौरव चटर्जी ने संगीतबद्ध किया है। सागर भाटिया की दमदार आवाज़ ने इस गाने में नई जान डाल दी है। खास बात यह है कि इस गाने का निर्देशन राज मेहता ने किया है, जो फ्रजुग जुग जियोफ्र जैसी हिट फिल्म के लिए जाने जाते हैं। उनकी कुशल निर्देशन शैली ने गाने को और अधिक प्रभावशाली बना दिया है। कहानी जो दिल के करीब है ''राजदारियां'' सिर्फ एक रोमांटिक ट्रैक नहीं है, बल्कि यह उन अनकही भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है, जिन्हें हम सभी कभी न कभी महसूस करते हैं, लेकिन कह नहीं पाते। गाने की पूरी प्रस्तुति इसे एक असाधारण अनुभव बनाती है। सागर भाटिया ने अपनी अनूठी गायकी से इसे और भी खास बना दिया है।

### उत्तराखंड के 13 आईटीआई का उच्चीकरण, टाटा समूह संग एमओयू

**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** उत्तराखंड के 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के उच्चीकरण के लिए टाटा समूह आगे आया है। कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इसके लिए आज टाटा टेक्नोलॉजी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत कौशल विकास, सेवायोजन विभाग और टाटा टेक्नोलॉजी मिलकर राज्य में औद्योगिक प्रशिक्षण को उन्नत बनाएंगे, जिससे युवाओं को आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। मंत्री सौरभ बहुगुणा व टाटा टेक्नोलॉजी के मध्य इण्डस्ट्री 4.0 के अनुसार देहरादून, हरिद्वार, पिरानकलियर, बडकोट, चम्बा, गोपेश्वर, काशीपुर, सितारगंज, हल्द्वानी, कालाढूंगी, पिथौरागढ, चंपावत व अल्मोडा जिले में स्थित आईटीआई को उच्चीकृत किया जाएगा। अत्याधुनिक तकनीक से सम्बन्धित छह दीर्घ अवधि (1 से 2 वर्षीय) मे ट्रेड इलेक्ट्रिक वाहन मशीन, एडवांस सीएनसी मशीनिंग, इंडस्ट्रीयल रोबोटिक और डिजिटल उत्पाद, समेत अन्य कोर्स शुरू करने के साथ ही दीर्घ अवधि व लघु अवधि के प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएंगे।

### पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपे

**नई दिल्ली।** पांच देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र पेश किये। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया है कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में कंबोडिया, मालदीव, सोमालिया, क्यूबा और नेपाल के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को सौंपे। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले राजनयिकों में कंबोडिया की राजदूत रथ मैनी, मालदीव की उच्चायुक्त सुश्री ऐशथ अज़ीमा, सोमालिया के राजदूत डॉ. अब्दुल्लाही मोहम्मद ओडोवा, क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा और नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा शामिल हैं।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान सोमवार को 53 विकासखण्ड में शुरू हो गए हैं। यह चुनाव तीन चरणों में संपन्न होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए बैलट पेपर का कलर जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी, जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीला, सरपंच के लिए नीला और पंच के लिए सफ़ेद रखा गया है।

### दस दिनों में भी मुख्यमंत्री नहीं चुन पाई भाजपा : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि चुनाव परिणाम के दस दिन बाद भी भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम का चयन नहीं कर पाई है। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन कर सोमवार को कहा कि पिछले दस दिन से मुख्यमंत्री को चयन नहीं कर पाने से यह साबित हो गयी कि भाजपा के विधायकों में से एक भी मुख्यमंत्री बनने लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजे आये हुए दस दिन बीत चुके हैं।

### हाईकोर्ट के नवनियुक्त न्यायाधीश मनीष शर्मा ने ली शपथ

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के नवनियुक्त न्यायाधीश मनीष शर्मा ने सोमवार को सुबह पद और गोपनीयता की शपथ ली। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर स्थित मुख्य पीठ में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने नए न्यायाधीश मनीष शर्मा को दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में सभी जस्टिस मौजूद रहे। वहीं जयपुर पीठ के जस्टिस वीसी के माध्यम से जुड़े। वकील कोटे से एडवोकेट मनीष शर्मा के हाईकोर्ट जज के नियुक्ति वारंट गत को शुक्रवार जारी हो गए थे। राष्ट्रपति भवन से वारंट जारी होने के बाद विधि मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की और मनीष शर्मा ने न्यायाधीश पद की शपथ ली। इस नियुक्ति के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 34 हो गई है जबकि स्वीकृत पदों की संख्या पचास है।

### मुंशी-मौलवी परीक्षा शुरू, प्रथम पाली में 92 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से संचालित मुंशी–मौलवी (सेकेंड्री, सीनियर सेकेंड्री) की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। पहले दिन प्रथम पाली में सेकेंड्री के छात्रों की परीक्षा जिलेके छह परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 537 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। जिनमें 445 छात्र–छात्राएं उपस्थित और 92 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर जिलाधिकारी की ओर सेनियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा के दौरान मौजूद रहे। सचल दल अपने निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार केंद्रों का दौरा कर नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित कराया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रामदत्त प्रजापति नेसीसी टीवी कैमरेकी निगरानी मेंनकल विहीन परीक्षा कराने का दावा किया।

### प्रधानमंत्री 24 को जारी करेंगे सम्मान निधि की 19वीं किस्त

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से पीएम सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे। जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण नहीं होगा वो सम्मान निधि की किस्त से वंचित हो जाएंगे। यह जानकारी देते हुए जिले के उप कृषि निदेशक विकेश पटेल ने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों के अभी भी सप्ताह भर का समय है। अपने आधार खतौनी और मोबाइल नंबर के साथ अपने निकट के जन सेवा केंद्र पर संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री कार्य करवा कर अपना पीएम सम्मान निधि निरंतर पाएं।

### बिजली कर्मचारियों ने किया निजीकरण का विरोध

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के तत्वाधान में बिजली कर्मचारियों का मुख्यालय पर निजीकरण के विरोध में अपना प्रदर्शन जारी रखा।



इस अवसर पर कर्मचारियों ने कहा कि बिजलीकर्मी लोकतांत्रिक ढंग से अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे है। प्रदर्शन में ई0 दीपक सिंह, पंकज मौर्य, बृजेश कुमार, रमेश कनौजिया, संतोष कुमार, मनीष मौर्या, मनीष विश्वकर्मा, देवेन्द्र सिंह, राजेश गौतम, प्रदीप मौर्या, वैभव उपाध्याय, संजय सोनी, पाचूराम आदि उपस्थित रहें।

## अटल चौराहा व पटेंगरा नाला मार्ग का डीएम ने भ्रमण कर किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां विंध्यवासिनी देवी के धाम विंध्याचल में श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा पुरानी वीआईपी मन्दिर परिसर का भी निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मन्दिर परिसर की निरंतर साफ -सफाई कराई जाए। मां का दर्शन करने के लिए कतार में लगे श्रद्धालुओं के समीप जाकर उनसे वार्ता की एवं कुछ श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन कराने हेतु पैसा मांगे जाने की बात कही गई जिस पर उनके द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए धाम प्रभारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मन्दिर परिसर में पण्डा समाज द्वारा जारी परिचय पत्र सभी सदस्य अपने पास रखें तथा कोई भी पण्डा समाज का सदस्य व अन्य कोई भी श्रद्धालुओं को अनावश्यक परेशान करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निरंतर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी है अतएव सभी प्रकार की व्यवस्थाएं जैसे पेयजल, प्रकाश, स्वास्थ्य आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें ताकि श्रद्धालु सुगमता पूर्वक दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर सकें। उन्होंने सभी सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पाई गई कमियों का तत्काल निराकरण कराए। उन्होंने कहा कि हनुमाना बार्डर से प्रयागराज बार्डर तक, सोनभद्र, वाराणसी बार्डर आदि सभी मार्गों पर वाहन जा रहे हैं पूरे मार्गों पर मैपिंग की गई है जहां पर लेनिंग और ट्रैफिक इक्यिूपमेंट का प्रयोग करके डायवर्जन अथवा अन्य सभी व्यवस्थाएं की गई है। जिलाधिकारी द्वारा अटल चौराहा व पटेंगरा नाला से मन्दिर जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र कालू सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### पान थूकने के चक्कर में बस में भिड़ी मैजिक, पांच घायल

**विंध्याचल (मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत मिर्जापुर-प्रयागराज हाइवे पर पर स्थित अकोढी गांव के सामने सोमवार को तड़के तीन बजेप्रयागराज में महाकुम्भ से स्नान कर लौट रहा मैजिक अनियंत्रित होकर बस से टकरा गया। जिसमें मैजिक सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। झारखंड के करपाडी गांव से एक बस एवं एक मैजिक गाड़ी से प्रयागराज महाकुम्भ स्नान करनेके लिए जत्था रवाना हुआ था। सोमवार को भोर में करीब तीन बजे अकोढ़ी गांव के समीप मैजिक चालक पान की पीक थूकने लगा। इसी बीच मैजिक की बस मेंटक्कर हो गई। जिसमें 50 वर्षीय राम सुमेर विश्वकर्मा,70 वर्षीय दुर्गावती, 75 वर्षीया चंद्रिका देवी, 70 वर्षीय धन कुमारी देवी और 60 वर्षीयासूर्यमणि घायल हो गए। लोगों की मदद से आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल मेंभर्ती कराया गया।

## संगिनियों की शिकायत पर जांच करने पहुंचे संयुक्त निदेशक, बयान हुआ दर्ज



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आशा सगिनियों की शिकायत पर सोमवार को जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर पहुंचे जॉइन्ट डायरेक्टर जेडी जी प्रसाद ने शिकायतकर्ता आशा संगिनियों के बयान को दर्ज किया है।

वही मौजूद अन्य आशा कार्यकर्त्ताओं ने बीसीपीएम अनिल कुमार के पक्ष में बयान दिया है। जॉइन्ट डायरेक्टर के आने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में आशा कार्यकर्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर अधिकारी के आने का इंतजार करने में जुट गए।

अधिकारी के आने पर पहुंचकर बारी बारी से अपने बयान को दर्ज कराया है। जॉइन्ट डायरेक्टर ने शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज कर रिपोर्ट प्रेषित करने की बात कही। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. विवेक खेरे, बीसीपीएम अनिल कुमार, आशा संगिनी गीता सिंह, आरती, रेखा, सुषमा सिंह, शीला आदि मौजूद रही।

## प्रतापगढ़ पुलिस अपराध का विरोध करने वालों का कर रही उत्पीड़न



समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** सवर्ण आर्मी की जिला ईकाई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मुकेश पांडेय के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल को मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र सौंपकर पुलिस के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

दिये गये मांग पत्र में कहा गया है कि प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा सवर्ण आर्मी के 27 कार्यकर्ताओं पर फर्जी केस दायर कर उत्पीड़न करनें की शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। प्रतापगढ़ के महेशगंज थानान्तर्गत एक नाबालिग का अपहरण किया गया था और दो महीने तक वहां की स्थानीय पुलिस उदासीन बनी रही। जब सवर्ण आर्मी के लोगों ने इस अपराध का विरोध करते हुए मामलें पर कार्रवाई करने के लिये मांग पत्र सौंपा तो महेशगंज थाने की पुलिस नाराज हो गई। अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बजाय सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर शिवम सिंह सहित 27 नामजद और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ ही अभियोग दर्ज कर लिया। उनका कहना है कि महेशगंज पुलिस ने अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए इस तरह की कार्रवाई की है। जिलाध्यक्ष मुकेश पांडेय ने थाने के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सवर्ण आर्मी के कार्यकर्ताओं पर किये गए फर्जी केस समाप्त करने की मांग की।

मांग पत्र सौपने वालों मे सुशील पांडेय, अनिस ओझा, शिव शुक्ल, सौरभ श्रीवास्तव, देवेन्द्र तिवारी, अजय पांडेय, संतोष दुबे, विनय पांडेय, आशुतोष शुक्ल, अनुराग दुबे, महेश सिंह, सुनील दुबे, अद्भुत प्रकाश त्रिपाठी, महेंद्र तिवारी, अनुज आनन्द पांडेय आदि शामिल थे।

### मूक-बधिर किसान का शव गेहूं के खेत में मिलने से सनसनी

**जिगना (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के गोगांव ग्राम मेंसोमवार की सुबह गेंहू के खेत में मूक-बधिर किसान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस नेशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। क्षेत्र के कोलेपुर गांव निवासी बबलू बिंद और उसकी पत्नी सुमन दोनों मूक-बधिर हैं। बड़े भाई मुन्नालाल बिंद पुत्रस्व.माता प्रसाद बिंद नेबताया कि घर से दो किलोमीटर दक्षिण गोगांव ग्राम में दोनों भाई खेतीबाड़ी करते हैं। रविवार की शाम करीब सात बजेछोटा भाई बबलूखेत की सिंचाई करनेघर सेगोगांव के लिए निकला था। सुबह खेत की मेड़ के पास औंधे मुंह उसका शव बरामद होनेकी खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं दिखाई दिए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा हो जाएगा। सात साल के बेटे गोलू, नौ साल की बेटी अंजली का पिता था। बेटी और बेटे का रुदन सुनकर माहौल गमगीन हो गया। मृतक की भाभी मनोरमा देवी नेहत्या की आशंका जताई।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बजट पर की चर्चा, बजट छह प्रमुख क्षेत्रों पर केन्द्रित




समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा की। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय बजट चार प्रमुख ईजनों द्वारा संचालित है। उन्होने सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं।

उन्होने बताया कि ग्रामीण समृद्धि के लिए कृषि, उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए एम.एस.एम.ई. बुनियादी ढ़ांचे और नवाचार के लिए निवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा व आर्थिक वृद्धि के लिए निर्यात है। बजट छह प्रमुख क्षेत्रों पर केन्द्रित है अर्थात कराधान, ऊर्जा क्षेत्र, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्र नियामक सुधार और खनन। इस बजट का लक्ष्य एक व्यापक छह आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। जिसमें विकास की गति देना, समावेशी विकास को सुरक्षित करना, भारत के मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ाना, निजी क्षेत्र को निवेश को प्रेरित करना और घरेलू भावना को सशक्त करना शामिल है।

सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बजट संगोष्ठी में केन्द्रीय बजट 2025-26 के संदर्भ में विस्तार से पूरे बजट पर चर्चा किया गया। संगोष्ठी का संचालन एवं संयोजक जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल एवं सह संयोजक जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव व जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव रहे। संगोष्ठी में मुख्य रूप से अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कन्नौजिया, अध्यक्ष नपाप श्याम सुन्दर केशरी, अध्यक्ष नपाप अहरौरा ओमप्रकाश केशरी, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि0 मिर्जापुर/सोनभद्र जगदीश सिंह पटेल, चेयरमैन डीसीएफविजय कुमार वर्मा, रविशंकर पाण्डेय, दिनेश वर्मा, लालबहादुर सिंह, अनिल सिंह, दिनेश तिवारी, ज्ञान प्रकाश दूबे आदि ने भी बजट पर अपना विचार रखा।